राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, बुधवार, 22 मई 2024

वर्ष 05, अंक 232, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

पेड़ से टकराया ट्रक, लगी आग से क्लीनर जलकर हुआ खाक...06

दो लोगों की हत्या करने वाले किशोर पर चलेगा बालिग केस...12

# बीजेपी के विज्ञापन पर कोर्ट की रोक

स्वतंत्र प्रभात

एक और कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को भाजपा को अगले आदेश तक टीएमसी के खिलाफ किसी भी प्रकार के अपमानजनक विज्ञापन प्रकाशित करने से रोक दिया। हाईकोर्ट ने पार्टी पर व्यक्तिगत हमले करने वाले भाजपा के विज्ञापनों के खिलाफ टीएमसी द्वारा दायर शिकायतों को सुनने में %घोर विफल% होने के लिए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को भी फटकार लगाई हैतो दूसरी ओर चुनाव आयोग ने कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज और तमलुक सीट से बीजेपी उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार पर 24 घंटे के लिए रोक लगा दी है। वे 21 मई की शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार नहीं कर सकेंगे।

**गंगोपाध्याय के खिलाफ टीएमसी ने शिकायत की थी और सीएम ममता बनर्जी पर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाया था।**

सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य ने कहा-कि चुनाव आयोग तय समय में टीएमसी की शिकायतों को सुनने में पूरी तरह विफल रही है। यह अदालत आश्चर्यचकित है कि चुनाव खत्म होने के बाद शिकायतों का समाधान तय समय में करने में भारत का चुनाव आयोग विफल हुआ है। यह अदालत निषेधाज्ञा आदेश (स्टे) पारित करने के लिए बाध्य है। जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य ने भाजपा के विज्ञापनों के खिलाफ टीएमसी द्वारा दायर शिकायतों की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की है।

जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य ने कहा कि %साइलेंस पीरियड% (चुनाव से एक दिन पहले और मतदान के दिन) के दौरान बीजेपी के विज्ञापन आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और टीएमसी के अधिकारों और नागरिकों के निष्पक्ष चुनाव के अधिकार का भी उल्लंघन थे। अदालत ने आदेश जारी करते हुए कहा-टीएमसी के खिलाफ लगाए गए आरोप और प्रकाशन पूरी तरह से अपमानजनक हैं और निश्चित रूप से इसका उद्देश्य प्रतिद्वंद्वियों का अपमान करना और व्यक्तिगत हमले करना है। इसलिए, उक्त विज्ञापन सीधे तौर पर एमसीसी के विरोधाभासी होने के साथ-साथ याचिकाकर्ता और भारत के सभी नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और बेदाग चुनाव प्रक्रिया के लिए, भाजपा को अगले आदेश तक ऐसे विज्ञापन प्रकाशित करने से रोका जाना चाहिए।

भाजपा के आपत्तिजनक विज्ञापनों को लेकर टीएमसी ने 4 मई को ही केंद्रीय चुनाव आयोग से शिकायत की थी। टीएमसी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर बताया कि भाजपा ने बंगाल के कुछ क्षेत्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया है, जो अपमानजनक, झूठे थे और मतदाताओं से धार्मिक आधार पर वोट करने की अपील करते थे।

चुनाव आयोग कानों में तेल डाले बैठा रहा। जिस तरह उसने पीएम मोदी के साम्प्रदायिक भाषणों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उसी तरह इस मामले में भी किया गया। चुनाव आयोग ने जब देखा कि मामला अदालत में चला गया है और कोर्ट एक्शन के लिए कह सकता है तो आयोग शनिवार 18 मई को सक्रिय हुआ। आयोग ने शनिवार को पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को उनकी पार्टी द्वारा कथित तौर पर टीएमसी को निशाना बनाने वाले विज्ञापनों पर दो अलग-अलग कारण बताओ नोटिस जारी किए। आयोग ने बीजेपी नेता को मंगलवार शाम 5 बजे तक अपना जवाब देने को कहा है।

चुनाव आयोग ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को दिए नोटिस में कहा है कि विज्ञापनों को मौजूदा लोकसभा चुनावों के लिए लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और राजनीतिक दलों को दी गई सलाह का उल्लंघन क्यों नहीं माना जाना चाहिए। नोटिस में दी गई अंग्रेजी प्रतिलिपि के अनुसार, एक विज्ञापन का शीर्षक तृणमूल भ्रष्टाचार का मूल कारण है÷ जबकि दूसरे का शीर्षक ÷सनातन विरोधी तृणमूल है।

इधर चुनाव आयोग ने कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज और तमलुक सीट से बीजेपी उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय विवादों में घिर गए हैं. चुनाव आयोग ने गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार पर 24 घंटे के लिए रोक लगा दी है. गंगोपाध्याय के खिलाफ टीएमसी ने शिकायत की थी और सीएम ममता बनर्जी पर अमर्यादित टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाया था।अभिजीत गंगोपाध्याय के खिलाफ टीएमसी ने शिकायत की थी.आयोग ने गंगोपाध्याय को अपने सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने की भी सख्त चेतावनी दी है।चुनाव आयोग ने अभिजीत की टिप्पणियों की निंदा की और इसे निम्न स्तर का व्यक्तिगत हमला और महिलाओं का सीधा अपमान बताया है।

चुनाव आयोग ने कहा, अभिजीत गंगोपाध्याय का ऐसा बयान जो किसी भी महिला के संबंध में उपयोग किए जाने पर पूरी तरह से निंदनीय है। किसी वरिष्ठ राजनीतिक नेता की बात छोड़िए. एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को निशाना बनाया गया है।

ईसीआई ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी सलाह दी है कि वे अपनी पार्टी की ओर से सभी उम्मीदवारों और प्रचारकों को एक एडवाइजरी जारी करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चुनावी अभियान के दौरान यह चूक दोबारा ना हो।

इससे पहले आयोग ने अभिजीत को नोटिस भेजा था और जवाब मांगा था। अब आयोग ने कहा, हमने अभिजीत के जवाब को ध्यान से पढ़ा है और दिए गए बयान को फिर से देखा है और आश्वस्त हैं कि उन्होंने निम्न स्तर का व्यक्तिगत हमला किया है और इस प्रकार आदर्श आचार संहिता के प्रावधान उल्लंघन किया है। ईसीआई का कहना है कि अतीत और वर्तमान में महिलाओं को भारतीय समाज में सर्वोच्च सम्मान मिला है और भारतीय संविधान और देश की सभी संस्थाओं ने सभी मोर्चों पर महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को सुनिश्चित करने और उन्हें और अधिक सशक्त बनाने के विचारों और आदर्शों को लगातार आगे बढ़ाया है।

ईसीआई का कहना है कि आयोग चुनावी प्रक्रिया में महिलाओं के प्रतिनिधित्व और भागीदारी को मजबूत करने में लगा है।जबकि इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन और वोटर टर्नआउट में जेंडर गैप में काफी सुधार हुआ है और वास्तव में महिलाएं आगे बढ़ी हैं. आयोग का कहना था कि इस तरह के घृणित शब्द अभिजीत गंगोपाध्याय की एजुकेशनल और प्रोफेशनल बैकग्राउंड से जुड़े व्यक्ति ने कहे हैं। इसलिए वो किसी भी लाभ के हकदार नहीं हैं।अभिजीत के शब्दों ने पश्चिम बंगाल को नुकसान और बदनामी पहुंचाई है, जहां महिलाओं के सम्मान की एक विशिष्ट परंपरा है।

अभिजीत गंगोपाध्याय ने 15 मई को हल्दिया में चुनावी सभा को संबोधित किया था और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी पर विवादित टिप्पणी की थी।कथित वीडियो में अभिजीत को हालिया संदेशखाली स्टिंग का जिक्र करते हुए ममता बनर्जी की %कीमत% पर सवाल उठाते सुना जा रहा है। इस वीडियो में अभिजीत कहते हैं कि तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि रेखा पात्रा (बीजेपी की संदेशखाली उम्मीदवार) को 2,000 रुपये में खरीदा गया है।. आपकी कीमत क्या है, ममता बनर्जी? यदि आपको 8 लाख रुपये दिए जाते




हैं तो आप एक नौकरी देती हैं. यदि आपको 10 लाख रुपये दिए जाते हैं तो आप एक नौकरी देती हैं। राशन दूसरे देश ले जाया जाता है।क्या आपकी कीमत 10 लाख रुपये है? क्या रेखा पात्रा को खरीदना आसान है, क्योंकि वो गरीब है? अभिजीत ने आगे सवाल किया कि एक महिला दूसरी महिला पर ऐसे आरोप कैसे लगा सकती है।क्या वे (ममता बनर्जी) भी एक महिला हैं?

लोकसभा चुनाव 2024 में केंद्रीय चुनाव आयोग की खासी किरकिरी हो रही है। वो पीएम मोदी सहित तमाम भाजपा नेताओं के साम्प्रदायिक भाषणों को रोक नहीं पाया। देश-विदेश के मीडिया ने इस बारे में खुलकर रिपोर्ट छापी। ईवीएम को लेकर भी चुनाव आयोग विवादों में घिरा हुआ है। आयोग इस जिद पर पड़ा है कि ईवीएम बिल्कुल सही है और गड़बड़ी नहीं हो सकती। जबकि जनता ईवीएम को लेकर प्रदर्शन कर रही है, तमाम चिन्ताएं जता रही है।

अभी कल ही यूपी के एटा में एक युवक को ईवीएम के जरिए भाजपा को 8 वोट फर्जी तरीके से दिलाने का वीडियो वायरल हुआ। वो युवक एक भाजपा नेता का बेटा है। चुनाव आयोग ने उस वीडियो का संज्ञान रविवार शाम को लिया और कार्रवाई का निर्देश यूपी के अधिकारियों को जारी किया। उस युवक को अब गिरफ्तार कर लिया गया है। इस तरह चुनाव आयोग पाक साफ होने की दलीलें देता रहता है लेकिन उसकी असलियत जल्द सामने आ जाती है।

## लखनऊ लोक सभा सीट पर पाँचवें चरण में चुनाव संपन्न, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

स्वतंत्र प्रभात



लखनऊ में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत मतदान संपन्न हो गया है। इस दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक समेत कई दिग्गज नेताओं ने भी मतदान किया। शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जोर-शोर से तैयारी की थी। कई मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग और विकलांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की भी व्यवस्था रही। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए आयोग ने मेडिकल हेल्प डेस्क को भी कई जगह स्थापित किया। जिसके तहत 42 डिग्री तापमान में भी वोट डालने को लेकर मतदान केंद्रों पर भारी भीड़ जुटी रही।

इस दौरान केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी मतदाताओं से निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी लोगों से पहले मतदान फिर जलपान करने की अपील की। उन्होंने पक्ष और विपक्ष पर आरोप लगाया कि वे जनहित के मुद्दों के बजाय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करके चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि पूरे देश में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदाता भी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है, जो देश में एक बदलाव की ओर संकेत कर रहा है। इसके अलावा भी कई भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने बीजेपी की सरकार बनने का दावा करते हुए लोगों से मतदान करने की अपील की।


शहर के कई फर्स्ट टाइम वोटरों ने कहा कि वे लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाकर खुश हैं। उन्होंने कहा पहली बार मतदान करने को लेकर उनमें काफी उत्साह है। युवा मतदाताओं के अनुसार, अब देश के लोकतंत्र को चुनने की जिम्मेदारी उन पर भी आ गई है जिसका उन्होंने बखूबी निर्वाहन किया है। इस दौरान मतदान अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं को लेकर संतुष्टि जताते हुए लोगों से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की।

सियासी सरगर्मियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सरीखे दिग्गज नेताओं का चुनाव प्रचार जारी है। प्रचार के सिलसिले में पीएम मोदी आज बिहार और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। सुबह करीब 11 बजे से पीएम मोदी की पहली जनसभा बिहार के पूर्वी चंपारण में होगी। बिहार के ही महाराजगंज में प्रधानमंत्री की चुनावी रैली दोपहर करीब 12.30 बजे से प्रस्तावित है। बिहार की दो रैलियों के बाद पीएम मोदी उत्तर प्रदेश रवाना हो जाएंगे। भाजपा की तरफ से जारी कार्यक्रम के मुताबिक पीएम मोदी दोपहर करीब 3.45 बजे प्रयागराज में जनसभा करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी जाएंगे। वाराणसी में शाम लगभग 5.30 बजे से नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पीएम मोदी महिलाओं के लिए अब तक के सबसे बड़े राजनीतिक कार्यक्रम में महिलाओं से संवाद करेंगे। इसे अंतिम दो चरणों के चुनाव के लिहाज से बड़ा रणनीतिक फैसला माना जा रहा है।

पीएम मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह ओडिशा में भाजपा के प्रचार की कमान संभालेंगे। पार्टी की तरफ से जारी सूचना के मुताबिक शाह मंगलवार को ओडिशा में चार जनसभाओं को संबोधित करेंगे। शाह के राजनीतिक कार्यक्रमों की शुरुआत संबलपुर लोकसभा क्षेत्र से होगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रतियोगी छात्रा का फंदे से लटका मिला शव!



**प्रयागराज। सिविल सेवा की तैयारी करने वाली एक छात्रा का सोमवार की देर शाम फंदे से लटका शव मिला। वह यहां अपनी बहन के साथ किराये का कमरा लेकर रह रही थी। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को इसकी इत्तिला दी। इसके बाद दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतरवाया।**

**संजना साहू (21) पुत्री अशोक कुमार साहू मूलरूप से फतेहपुर के राधानगर थाने के बदनपुर गांव की रहने वाली थी। पुलिस के अनुसार संजना चित्रकूट कर्वी में डाक विभाग में काम कर रही थी। इसके अलावा वह अपनी बहन के साथ धूमनगंज की सुगम बिहार कॉलोनी में किराये का कमरा लेकर सिविल सेवा की परीक्षा की तैयारी कर रही थी। सोमवार को वह कमरे पर अकेली ही थी। इन दिनों उसकी बहन फतेहपुर अपने गांव गई हुई है। सोमवार शाम को मकान मालिक ने किराया लेने के लिए संजना पास फोन किया तो उसका फोन नहीं उठा।**

**कई बार फोन करने पर जब फोन नहीं उठा तो वह कमरे पर आकर दरवाजा खटखटाया। उसके बाद भी कोई जवाब नहीं आया तो मकान मालिक ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो संजना पंखे के सहारे फंदे से लटकी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और फिर शव को फंदे से उतरवाया। संजना ने ऐसा कदम क्यों उठाया, पुलिस इसकी जांच कर रही है। कहा जा रहा है कि वह इधर कुछ दिनों से तनाव में थी।**

## अगर अंबेडकर न होते तो नेहरू SC/ST को आरक्षण नहीं मिलने देतेः PM मोदी

स्वतंत्र प्रभात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पर वंचित जातियों के लिए आरक्षण का 'विरोध' करने का आरोप लगाया। बिहार के मोतिहारी में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधा मंत्री ने कहा कि अगर बाबा साहेब अंबेडकर नहीं होते, तो नेहरू कभी भी एससी, एसटी और ओबीसी के लिए कोटा पर सहमत नहीं होते। नेहरू ने अपने पत्रों में इस मुद्दे पर अपने विचार स्पष्ट कर दिए थे।

लगातार प्रधानमंत्रियों के तहत यह कांग्रेस की विशेषता रही है।

चाहे इंदिरा गांधी हों या राजीव गांधी, सभी ने आरक्षण का विरोध किया। एससी, एसटी और ओबीसी को कांग्रेस से कभी सम्मान नहीं मिला। मोदी ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन पर यह झूठ फैलाने का आरोप लगाया कि भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटने पर संविधान में बदलाव करके कोटा खत्म कर सकती है। सच तो यह है कि हम वंचित जातियों के अधिकारों की रक्षा करते आये हैं. यह केवल भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के साथ है कि एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकार सुरक्षित हैं।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी भारत गुट पर धर्म के आधार पर आरक्षण लाभ देने की योजना बनाने का भी आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि वे ऐसा करना चाहते हैं क्योंकि अब उनके पास सिर्फ एक वोट बैंक बचा है। उन्हें अब एससी, एसटी और ओबीसी का समर्थन नहीं है, इसलिए वे अब केवल वोट जिहाद करने वालों की परवाह करते हैं। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान, मोदी ने बार-बार कांग्रेस पर धर्म के आधार पर एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों के लिए आरक्षण देने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

## Bihar के सारण में चुनाव बाद हिंसा में एक व्यक्ति की मौत, तीन अन्य लोग घायल

स्वतंत्र प्रभात




**छपरा।** बिहार के सारण जिले में मंगलवार सुबह चुनाव के बाद हुई हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिंसा की यह घटना भिखारी ठाकुर चौक के पास बड़ा तेलमा इलाके में हुई। अधिकारी ने बताया कि इलाके में सोमवार को हुए मतदान के दौरान अनियमितताओं के आरोपों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कथित समर्थकों के दो समूहों के बीच विवाद हो गया और इस दौरान गोलीबारी भी हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान चंदन यादव (25) के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने बताया, ''घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उनमें से दो को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।'' उन्होंने बताया, ''मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। हिंसा की इस घटना के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।'' मंगला ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जिले में इंटरनेट भी निलंबित कर दिया गया है। सारण लोकसभा सीट पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य का मुकाबला भाजपा के निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी से है। राजद के वरिष्ठ नेता एवं राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, ''घटना बेहद निंदनीय है। चुनाव में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। जिला प्रशासन के अधिकारियों से मेरी बातचीत हुई है... प्रशासन ने मुझे आश्वासन दिया है कि बाकी दो लोगों को भी शाम तक गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ऐसे कृत्यों में शामिल लोग साबित करते हैं कि वे चुनाव हार गए हैं।



# संक्षिप्त ख़बरें

## खबर का असरः नहर से निकाली गई सिल्ट

कुछ दिन पहले स्वतंत्र प्रभात और जनसामना ने यह समाचार प्रकाशित किया था जिसपर आज नगर निगम ने की सुनवाई।



कानपुर। नागरिकों की समस्या के निदान हेतु सिंचाई विभाग के स्वामित्व की दोनों नहरों की सिल्ट सफाई व सिल्ट उठान का कार्य नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों से कराये जाने का साहसिक निर्णय नगर आयुक्त द्वारा लिया गया।


अभी भी कई नाले और बड़ी नालियां गंदगी से बजबजा रहीं हैं जिनको जल्दी ही साफ कराना होगा क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार इस बार मानसून जल्दी आ रहा है यदि मानसून जल्दी आ गया तो इन नहरों और नालों के भरे होने के कारण नाले और नहरें ओवर फ्लो होंगी और वर्षा का पानी सड़कों पर भरेगा जिससे और परेशानियां व्याप्त होंगी।

## दो पक्षों में संघर्ष, लाठी डंडों व धारदार हथियार से महिला पर हमला



टड़ियावां/हरदोई। थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर में खेत में पानी लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिवकुमार ने पुलिस को बताया कि सुबह अपने खेत पर पानी लगा रहा था, तभी विपक्षी गुरमीत सिंह, सुरजीत सिंह, गुलजारी, वहा सिंह, हीरा सिंह, मनदीप सिंह, खेत से जबरन पानी निकाल रहे थे, मना करने पर सभी एक राय होकर लाठी डंडा तलवार से हमला कर दिया, बचाने के लिए दौड़े परिवार के भतीजे कमलेश, विपुल, रामसनेही, गुड्डी, आदि के ऊपर भी हमला कर दिया। इस हमले में शिवकुमार सहित उसके परिजनों को चोटें आई हैं, पुलिस को सूचना देने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तहरीर प्राप्त करते हुए सभी को मेडिकल के लिए भेजा है।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



अलीगढ़,। गोंडा रोड पींजरी पैंठ स्थित अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला कार्यालय पर समिति व भारतीय किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारियों के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि अर्पित की और सभी ने उन्हें नमन किया। वही समिति के जिला अध्यक्ष व किसान नेता चौधरी सत्यवीर सिंह सत्तो ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। देश के कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रान्ति का श्रेय उन्हें जाता है। मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष कर युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार राजीव गांधी ने दिलवाया था।

इस मौके पर मनोज चौधरी राजेंद्र शर्मा ,अजय शर्मा ,शीशपाल सिंह नंबरदार ,महेश सिंह, बृजेश कुमार,नरेंद्र सिंह ,नईम कुरैशी, भोला चौधरी, पोपन सिंह, मुकेश चौधरी, भीष्म पाल बघेल ,अचल सिंह, अरूण चौधरी ,युवराज सिंह ,डॉक्टर राजेंद्र शर्मा ,जसवंत सूर्यवंशी, जगबीर सिंह सूर्यवंशी सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# एसीपी यातायात सृष्टि सिंह पहुंची रामादेवी का अतिक्रमण हटाने

● लेकिन सवाल यह है कि आला अधिकारियों के जाने के बाद कैसे हो जाता है फिर से अतिक्रमण ड्यूटी पुलिस क्या करती है वहां



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज दिनांक 21 मई को एसीपी यातायात श्रृष्टि सिंह द्वारा रामादेवी चौराहा का भ्रमण किया गया बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए सेक्टर प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के जाने के बाद फिर से रामादेवी का वही हाल हो जाता है। जब सेक्टर प्रभारी को आदेश देकर वरिष्ठ अधिकारी जाते हैं तो सेक्टर प्रभारी की जिम्मेदारी क्या बनती है। बार बार निर्देश देने क्यों आना पड़ता है वरिष्ठ अधिकारीयों को। यातायात पुलिस क्या करती रहती है वहां। चौराहे के आस पास जो फुटपाथ है वहां गन्ने के रस की मशीन, कबाब पराठा का ठेला, छोले कुलचे के ठेले, फल के ठेलों को लगाने की परमीशन कौन देता है। इन अतिक्रमण के कारण आदमी सड़कों पर चलता है और जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

नौबस्ता साइड में सर्विस लेन पर पूरी तरह से टैंपो, टैक्सी वालों ने कब्जा कर रखा है और वह मैन रोड पर भी खड़े रहते हैं। ऐसा बताया जाता है कि यह अवैध टैंपो स्टैंड दबंग लोगों के द्वारा चलाया जा रहा है जिसकी जानकारी पूरी तरह से पुलिस को है। रामादेवी चौराहे पर चकेरी थाना है। वहीं रामादेवी चौकी है। इतना भारी फोर्स होते हुए भी यह अव्यवस्था है। कानपुर शहर की हर सड़क अतिक्रमण और जाम की चपेट में है। बड़े अधिकारी केवल दिशा-निर्देश दे सकते हैं जब कि ड्यूटी पुलिस कर्मियों को ही सारी व्यवस्था देखनी होती है। ऐसे में अतिक्रमण होने पर इन पुलिस कर्मियों को ही क्यों न जिम्मेदार माना जाए।

# सर्वोदय आश्रम के 9 वें हांबी उषा सिलाई समर बैकेनल कैम्प सिकन्दरपुर का दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारम्भ उर्मिला श्रीवास्तव

स्वतंत्र प्रभात




**टड़ियावां/हरदोई** सर्वोदय आश्रम उषा इन्टरनेशनल के दिशा निर्देशन में जनपद हरदोई बरेली शाहजहांपुर सीतापुर लखीमपुर उन्नाव गोण्डा तथा लखनऊ में हांबी उषा सिलाई समर बैकेनल कैम्प अभियान के रूप में संचालित कर रहा है ताकि गर्मियों के दिनों में बालिकाओं को पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है मुख्य अतिथि सर्वोदय आश्रम की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव ने सिकन्दरपुर के प्रांगण में पन्द्रह दिवसीय हांबी उषा सिलाई समर बैकेनल कैम्प का फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित करके हांबी उषा सिलाई समर बैकेनल कैम्प का शुभारंभ किया श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव ने आवाहन कि बालिकाओं को छुट्टी का लाभ लेना चाहिए तथा निकटतम उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड के उषा सर्वोदय आश्रम के हांबी उषा सिलाई समर बैकेनल कैम्प का लाभ उठाना चाहिए तथा इसका प्रचार प्रसार जन जन तक करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक बालिकाओं को समर कैंप का लाभ लेना चाहिए मास्टर ट्रेनर श्रीमती गुलाब जहाँ ने पन्द्रह दिवसीय में समर कैंप में जो कपड़े लड़कियां सिखाने के लिए विस्तृत जानकारी तथा मास्टर ट्रेनर श्रीमती सुदामा पाल ने पेपर कटिंग के लाभ चर्चा श्रीमती महेश्वरी वर्मा ने समर कैंप का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए सुश्री उषा वर्मा ने प्रारंभ में स्वागत सम्बोधन किया शिक्षिका शीतला देवी एवं श्रीमती किरन देवी ने धन्यवाद दिया सर्वोदय आश्रम की टीम बृजेश सक्सेना, विजय श्रीवास्तव ने नौ हांबी उषा सिलाई समर कैम्प का विवरण प्रेषित कर जानकारी दी वहीं आनन्द दीक्षित एवं संगीतकार विनय कुमार शर्मा जी का विशेष सहयोग रहा।

# वन विभाग की संयुक्त टीम का छापा-आरा मशीन हुई सीज

स्वतंत्र प्रभात



**बेनीगंज/हरदोई-** जिला प्रभागीय वन अधिकारी के निर्देश पर कछौना वन रेंज के अंतर्गत अवैध धारा मशीन संचालकों व अवैध कोयला भट्टियों पर उपप्रभागीय वन अधिकारी के नेतृत्व में तीम गठित कर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को मानकों को ताक पर रखकर संचालित आरा मशीन को सीज की कार्यवाही की गई हैं। वहीं एक ट्रक में प्रतिबंधित लकड़ी के लदान पर कार्यवाही अमल में लाई गई है। बताते चले कछौना रेंज के अंतर्गत अवैध आरा मशीन मानकों को तक पर रखकर संचालित है। कोयला भट्टियां बिना स्वीकृत के चल रही हैं, जिसके चलते पेड़ कटान का व्यवसाय खूब फल फूल रहा है। जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। इन लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। उनके खिलाफ समाचार प्रकाशन करने वाले पत्रकारों व कार्रवाई करने वाले विभागीय अधिकारियों पर हमला व फर्जी मुकदमा लिखवाने में गुरेज नहीं करते हैं। इनका सिंडिकेट बहुत बड़ा होता है। यह रुपयों के दम पर अपना कार्य धड़ल्ले से करते हैं। सरकार की जीरो तारलेन्स नीति के बावजूद इनके हौसले बुलंद हैं। दो दिन पूर्व विभागीय अधिकारी पर लकड़ी माफियाओं ने हमला कर दिया था। इसके बाद प्रशासन हरकत में आ गया। उप प्रभागीय वन अधिकारी अर्चना रावत के नेतृत्व में कई रेंज के वन क्षेत्राधिकारी व पुलिस टीम के संयुक्त अभियान में सोमवार को बेनीगंज में स्थित महेंद्र प्रताप की आरा मशीन पर छापा पड़ा। जिसमें मानकों को ताक पर रखकर कार्य चल रहा था। भारी मात्रा में प्रतिबंधित लकड़ी का चिरान मिला। सुरक्षा उपकरण भी नहीं थे। टीम ने इस आरा मशीन को सीज कर दिया है। इसके बाद टीम को लालपुर में कोयला भट्टियों पर छापेमारी की कार्यवाई की गई। इनके संचालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। इस कार्यवाई से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मच गया। एसडीओ अर्चना रावत ने बताया यह अभियान चलता रहेगा। वन माफियाओं को किसी तरह से बक्शा नहीं जाएगा। सुरक्षा हेतु हम लोग जिम्मेदारी का निर्वहन हेतु तत्पर है। इस अभियान में कछौना रेंजर विनय कुमार सिंह, संडीला रेंजर सी0के0 पांडेय, शाहाबाद रेंजर आलोक वर्मा, हरदोई रेंजर प्रमोद कुमार, पिहानी रेंजर नीलम मौर्या, वन विभाग व पुलिस विभाग की टीम मौजूद रही।

# सफाई कर्मियो ने 18 सूत्रीय समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया

स्वतंत्र प्रभात

**शाहाबाद हरदोई।** स्थाई संविदा व ठेका सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में सफाई कर्मियों की समस्याओं को लेकर 18 सूत्रीय ज्ञापन नगर पालिका जन्म मृत्यु पंजीयन अधिकारी को दिया गया। नगर पालिका परिषद् में पिछले कई वर्षो से स्थाई संविदा, ठेका व सफाई कर्मचारियों की जटिल समस्याएं चली आ रही है जिनका निराकरण नगर पालिका प्रशासन द्वारा आज तक नहीं किया गया। संविदा सफाई कर्मचारियों की एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पर 100 रुपए वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि देय थी, किंतु वार्षिक वृद्धि नहीं दी गई। 16 फ़रवरी 2009 को जारी शासनादेश में रू0 100 प्रतिदिन हिसाब से वेतन भुगतान निर्धारित किया गया था। जिसका अनुपालन नहीं किया गया। ज्ञापन में 26 नवंबर 2010 को जारी शासनादेश में रू0 120 प्रतिदिन के हिसाब से वेतन भुगतान निर्धारित किया गया जिसका अनुपालन नहीं किया गया, 31 जुलाई 2014 को जारी शासनादेश के अनुसार शासन में स्वीकृति प्रदान होने के बाद पुनरीक्षित वेतन भुगतान किया जाना था किंतु समय पर वेतन भुगतान नहीं किया गया, सविदा सफाई कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों के बराबर जनवरी व जुलाई के माह में परिवर्तनीय महंगाई भत्ता लगना था जो समय पर महंगाई भन्ना नहीं लगाया गया, स्थाई सफाई कर्मचारियों का एसीपी एरियर का भुगतान कितना जी0पी0एफ0 में किया गया है और कितना नगद किया गया है तथा जिन कर्मचारियों का भुगतान बाकी है उसकी धनराशि का लिखित ब्यौरा प्रत्येक स्थाई सफाई कर्मचारी को दिया जाए। स्थाई सफाई कर्मचारियों का सातवें वेतनमान का लाभ कितनी धनराशि जी0पी0एफ0 में जमा की गई है और कितनी धनराशि नगद भुगतान की गई है, स्थाई सफाई कर्मचारियों का पीएफ के नाम पर प्रतिमाह की जाने वाली कटौती दौरान ए मर्विस का संपूर्ण विवरण प्रत्येक स्थाई सफाई कर्मचारी को दिया जाए। स्थाई सफाई कर्मचारियों का दिए जाने वाला बोनस का लिखित विवरण उपलब्ध कराया जाए।बिन्दु सं0 1 से लेकर 11 तक एरियर के सम्बन्ध में है निष्पक्ष जाँच कर कमर्चारियों को एरियर भुगतान किया जाये ।सफाई कमर्चारियों से जो अतिरिक्त सफाई कार्य लिया जा रहा है, उसको बंद कर अतिरिक्त कार्य के लिए कर्मचारी बढ़ाये जाये । समस्त सविदा व ठेका सफाई कर्मचारियों को उ0प्र0 सरकार द्वारा जार शासनादेश के अनुसार सफाई उपकरण उपलब्ध कराये जाये 7 जैसे- झाड़ू, पल्ला लाठी, फावड़ा आदि।समस्त ठेका सफाई कर्मचारियों को जारी शासनादेश के अनुसार 567 रू प्रति दिन के हिसाब से भुगतान किया जाय।

# अपर निदेशक ने किया वृहद गौशाला का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई-** दूध, गोबर, गौमूत्र, तालाब में मछली पालन से आर्थिक प्रगति से विकास खण्ड कछौना की ग्राम सभा बालामऊ में स्थित वृहद गौ-संरक्षण केंद्र माडल गौशाला बनी हैं।

इस मॉडल गौशाला का स्थलीय निरीक्षण अपर निदेशक पशुपालन बी0के0 सिंह ने मंगलवार को किया। ग्राम पंचायत व पशुपालन के संयुक्त प्रयास की सराहना की, ग्राम पंचायत व पशु पालन विभाग के संयुक्त प्रयास से निराश्रित गौवंशों का संरक्षण, संवर्धन, पुष्ट प्रजनन दूध देने योग्य गौवंश के गोबर, गौमूत्र के उत्पादन, कंपोस्ट खाद, ईंधन की व्यवस्था का अभिनव प्रयोग किया जा रहा है । इस मुहिम की शुरुआत कछौना की ग्राम सभा बालामऊ से की गई है । गौशाला में गौ-कास्ट मशीन लगाई गई है, जिसका संचालन महिला समूह द्वारा किया जाता है । इससे गौ-कास्ट (ईंधन) तैयार किया जाता है। जो मार्केट में 400 रुपये प्रति कुंटल की दर से किया जाता हैं। जिससे गौशाला की अतिरिक्त आमदनी होती है। कंपोस्ट खाद भी तैयार की जाती है। गायों को जननांगों व शारीरिक परीक्षण व पौष्टिक आहार देकर प्रजनन के योग्य बनाया जाता है । विशेष सीमेन के द्वारा बछिया प्रसव ( पैदा ) की जाती है, इस सीमेन की मदद से बछड़ों के जन्म को रोकना है । वृहद गौशाला में डेढ़ एकड़ भूमि में तालाब है। जिसमें पशुओं को पेयजल के साथ, मछली पालन किया जाता है। हरा चारा बोने के लिए ग्राम सभा में पशुचर की भूमि का चिन्हांकन कर शुरुआत की जा रही है। ग्राम पंचायत व पशुपालन के संयुक्त प्रयास से पशुपालन के संरक्षण के साथ अतिरिक्त आमदनी का माध्यम बन रही है। वृहद गौशाला मॉडल गौशाला बन गई है। वर्तमान समय में गौशाला में 330 गौवंश संरक्षित हैं। अपर



निदेशक ने निरीक्षण के दौरान अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये और कहा आप अपने कार्यों तक सीमित न रहे। जमीनी स्तर पर अच्छे होने चाहिए । निरीक्षण के दौरान जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आशुतोष सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी कछौना डॉ0 आशीष कुमार, डॉक्टर अश्वनी गौतम, ग्राम सचिव राजेश त्यागी, महिला समूह आदि कर्मी मौजूद रहे ।

# स्वच्छता जागरूकता के लिए अम्बरीश,आलोक व अशरफ ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई नगर** पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी आर आर अंबेश ने मंगलवार को नगरपालिका के तीन ब्रांड अम्बेडसरो को प्रशस्ति पत्र देकर साल उढाकर सम्मानित किया और उनसे उचित योगदान की अपील कीद्य स्वच्छता सर्वेक्षण में जन सामान्य को स्वच्छता के बारे में जागरूक करने और नगर को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को प्रेरित करने के प्रयासों को देखते हुए तीन महत्पूर्ण व्यक्तित्व में अंबरीष कुमार सक्सेना वरिष्ठ पत्रकार,आलोक पाठक एडवोकेट/वरिष्ठ पत्रकार,अशरफ अली खां वरिष्ठ पत्रकार को इसकी जिम्मेदारी सौपकर उन्हें सम्मानित किया।नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में तीनों ब्रांड एम्बेसडर को



अधिशासी अधिकारी आर आर अम्बेश ने ब्रांड अम्बेडसर का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और उनके समाज हित मे किये जा रहे कार्यो की सराहना की।तीनों ने ही नगर को स्वच्छ रखने में अपने प्रयासों को जारी रखने का संकल्प दोहराया।ईओ ने ब्रांड एम्बेसडर से सहयोग की आशा करते हुए कहा कि पालिका से जुड़े स्वच्छाता कार्यो मे आप सबकी भूमिका महती होंगीद्यसमाज के विशेष अंग होने के कारण आप लोग समाज मे महत्वपूर्ण पायदान पर विराजमान है इसलिए आमजन को सीख देने के लिए ब्रांड एम्बेसडर बहुत बड़ा मील का पत्थर साबित होंगेद्यकार्यक्रम मे आलोक पाठक ने नगर के मुख्य स्थानों पर व्यापारियो और आम जनमानस की सुविधा के लिए मूत्रालय की बड़ी समस्या उठाई जिस पर ईओ श्री अम्बेश ने चौक मे बैंक ऑफ़ इण्डिया के पास,बस स्टेण्ड चौराहा,वेझा चौराहा,महुआ टोला चौराहा,सब्जी मंडी के पास मे तथा अल्हापुर में यूरिनल की व्यवस्था करने का अस्वासन दिया और अति शीघ्र समस्या के निराकरण के लिए अपने अधीनस्थ को दिशा निर्देश भी दिएद्यइस मौके पर लेखाकार असद खां,अनस खां,सफाई निरीक्षक दीपक कुमार,हासिम, वहीद खां एवं फजील खां आदि मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता से लें शिक्षाः अनूप ठाकुर महाराज

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई के ग्राम परचौली में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में असलापुर धाम से पधारें सुप्रसिद्ध कथावाचक अनूप ठाकुर जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर रूक्मिणी मंगल एवं भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा का मिलन बड़े ही रोचक ढंग से सुनाया ठाकुर जी महाराज ने कहा, रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थीं। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी, तो उन्होंने मन ही मन श्रीकृष्ण को वर मान लिया था। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा शिशुपाल से कराना चाहता था लेकिन भगवान श्रीकृष्ण को पति रूप में देवी रुक्मिणी स्वीकार कर चुकीं थी। उन्होंने बताया कि जिस दिन शिशुपाल से विवाह होने वाला था, उसी दिन भगवान श्रीकृष्ण मंदिर से रुक्मिणी देवी को रथ से द्वारिका लाए और विवाह किया इसी के साथ अनूप महाराज ने कहा कि संसार में मित्रता भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। आज की युवा पीढ़ी श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता से लें शिक्षा,



आधुनिक युग में स्वार्थ के लिए लोग एक-दूसरे के साथ मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर एक-दूसरे को भूल जाते हैं। जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए। परमात्मा से बनाया गया रिश्ता जीव को मोक्ष की ओर ले जाएगा। ठाकुर महाराज ने बताया कि स्वाभिमानी सुदामा ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सखा कृष्ण का चितन और स्मरण नहीं छोड़ा। जिसके फलस्वरूप कृष्ण ने भी सुदामा को परम पद प्रदान किया। मित्रता करनी हैं तो कृष्ण और सुदामा की तरह करों, व्यास जी द्वारा मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये इस मौके पर परिक्षित सुरेश सिंह सपत्नीक, रामवीर सिंह, महेंद्रपाल सिंह ÷पप्पू÷ विजय सिंह, नितिन सिंह, धनंजय सिंह, सत्यवीर सिंह, अजय सिंह अर्पित त्रिपाठी, मंजेश गोलू समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहें !

# भगवान नरसिंह जयंती पर अवकाश घोषित किये जाने की प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति ने की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति के अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने भगवान नरसिंह की जयंती पर उ.प्र सरकार से सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है।उन्होंने बताया कि नृसिंह अवतार भगवान विष्णु के प्रमुख अवतारों में से एक है। नरसिंह अवतार में भगवान विष्णु ने आधा मनुष्य व आधा शेर का शरीर धारण करके दैत्यों के राजा हिरण्यकशिपु का वध किया था।प्राचीन काल में कश्यप नामक ऋषि हुए थे, उनकी पत्नी का नाम दिति था। उनके दो पुत्र हुए, जिनमें से एक का नाम 'हरिण्याक्ष' तथा दूसरे का 'हिरण्यकश्यप' था। हिरण्याक्ष को भगवान विष्णु ने पृथ्वी की रक्षा हेतु वराह रूप धारण कर मार दिया था। अपने भाई कि मृत्यु से दुखी और क्रोधित हिरण्यकशिपु ने भाई की मृत्यु का प्रतिशोध लेने के लिए अजेय होने का संकल्प किया। सहस्त्रों वर्षों तक उसने कठोर तप किया। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने उसे अजेय होने का वरदान दिया। वरदान प्राप्त करके उसने स्वर्ग पर अधिकार कर लिया। लोकपालों को मारकर भगा दिया। और




स्वत~ सम्पूर्ण लोकों का अधिपति हो गया। देवता निरूपाय हो गए थे। वह असुर हिरण्यकशिपु को किसी प्रकार से पराजित नहीं कर सकते थे। भगवान नरसिंह की जयंती वैसाख माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। इस जयंती का हिन्दू धर्म में बड़ा ही महत्त्व है।भगवान श्री नरसिंह शक्ति तथा पराक्रम के प्रमुख देवता हैं। पौराणिक धार्मिक मान्यताओं एवं धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इसी तिथि को भगवान विष्णु ने 'नरसिंह के रूप में अपने अनन्य भक्त प्रहलाद की रक्षा हेतु आज हरदोई के नाम से प्रसिद्ध प्रहलाद नगरी में अवतार लेकर दैत्यों के राजा हिरण्यकशिपु का वध किया था।ततपश्चात भक्त प्रहलाद ने लम्बे समय तक यहाँ शासन किया था।भगवान विष्णु ने अधर्म के नाश के लिए कई अवतार लिए तथा धर्म की स्थापना की।

# मंदिर के बगल में बिरियानी की दुकान खोलने पर कटा हंगामा

●बजरंगदल और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने काटा हंगामा।पुलिस आयुक्त पूर्वी ने कहा कि किसी को कोई शिकायत है तो वह थाने में आकर शिकायत करे किसी को भी कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा।

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** मंदिर के पास बिरियानी की दुकान को लेकर आज बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने हंगामा काटा। और उस दुकान को बंद कराने की मांग की।

कानपुर में चकेरी थानांतर्गत गुरु गोविंद सिंह चौक पर स्थित अलजैन बिरियानी की दुकान में कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा।





विरोध है कि मानकों के विपरीत बिरियानी की दुकान चलाई जा रही है। बिरियानी की दुकान मंदिर के पास है। विरोध के बाद जब कहासुनी हुई तो भड़के कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। आरोप है कि दुकान पर कार्य करने वाले युवक ने चापड़ से हमला किया।

वहीं दुकान संचालक ने बताया कि इस तरह की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है यदि इस तरह चापड़ वाली घटना हुई होती तो सीसीटीवी में कैद होती। घटना की सूचना पाते ही चकेरी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हंगामा काटा रहे लोगों को शांत कराया। पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु कांशीराम अस्पताल भिजवाया। वहीं पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बताया कि घटना की जांच चल रही है जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही होगी।

लोगों का कहना है कि मंदिर के ठीक बगल में दुकान है दुकान की दूरी कम से कम मंदिर से 100 मीटर की होनी चाहिए। पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने कहा कि किसी को कोई शिकायत है तो वह थाने में शिकायत दर्ज कराए किसी को भी कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा। जांच चल रही है उसी आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र प्रोग्राम के तहत कानपुर के 139 चौराहों पर लगे 500 सीसीटीवी

●पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने सभी एम्बैसडर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** शहर के नागरिकों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से श्रीमान पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा शहर के सम्भ्रांत नागरिकों से ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान में जुडकर महत्वपूर्ण चौराहों/तिराहों को गोद लेकर सीसीटीवी कैमरों के स्थापन में सहयोग करने की अपील की गई थी।

इसी क्रम में त्रिनेत्र ऐम्बैसडरों द्वारा कानपुर के चौराहों और तिराहों को गोद लेकर कानपुर में कुल 139 चौराहों/तिराहों पर 500 से भी अधिक कैमरे

लगवाये गये। कानपुर की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में IMA (Indian Medical Asso.), रीजेन्सी, जेके ग्रुप, चेस फेडेरेशन, RSPL, गोल्डी ग्रुप, इण्डिया थर्मिट, पनेशिया, MKU Corporation, पुश्प हॉण्डा, थ्रेड्स इण्डिया, AFPL, Kays Jewels प्रमुख ऐम्बैसडरों का सहयोग शामिल रहा । त्रिनेत्र एम्बैसडर प्रोग्राम को सफल बनाने







में अपना योगदान देकर इन सभी कम्पनियों ने पुलिस प्रशासन के हाथ मजबूत किये हैं।

चेन फैक्ट्री चौराहा- फजलगंज, काली मठिया चौराहा- काकादेव, कोतवाली चौराहा, नया गंज- बादशाही नाका, दादा नगर चौराहा- गोविन्द नगर, रेव मोती मॉल चौराहा - काकादेव, सिलिंडर चौराहा- रावतपुर, यतीम खाना तिराहा- बेकनगंज, महादेव चौराहा- बर्रा, जूही डीपो - किदवई नगर, कमला टावर तिराहा - फीलखाना, कृष्णा नगर-

चकेरी, सोमदत्त प्लाजा- कोतवाली, रूमा चौराहा- महाराजपुर, दबौली चौराहा- गुजैनी, थम्प्स अप चौराहा- पनकी, रेलवे स्टेशन




पनकी- पनकी, KDA चौराहा- जाजमऊ सहित कुल 139 चौराहों पर 500 से भी अधिक कैमरे स्थापित किये गये हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बाइक सवार ने रोड पार कर रही बच्ची को मारी टक्कर, गंभीर




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रोड पर बहाई गांव के निकट बाइक की टक्कर से रोड पार कर रही एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि बाइक पर सवार दोनों युवक भी चोटिल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बहाई गांव निवासी मोहम्मद शादाब और मोहम्मद सैफ एक बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे, तभी रोड पार कर रही गांव के ही दिनेश की आठ वर्षीय बेटी आंचल को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे आंचल गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि बाइक पर सवार दोनों युवक चोटिल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### लूट की घटना में आरोपी गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना हाईवे से लूट की घटना में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी सतोहा क्षेत्र से अभियुक्त मोहित सिंह पुत्र बिजेन्द्र सिंह निवासी हंसराज नगर कालोनी थाना हाईवे मथुरा नगला कुम्हेरिया रोड बिजली घर की तरफ से अवैध तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना हाइवे उमेशचन्द्र त्रिपाठी, चौकी प्रभारी सतोहा थाना हाईवे कपिल नागर, एसआई थाना हाईवे सावेज कुमार, एसआई यूटी सौरभ कुमार थाना हाईवे आदि थे।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकडा

**मथुरा।** थाना राया पुलिस ने एक युवक को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगी थी। प्रभारी निरीक्षक थाना राया अशोक कुमार के मुताबिक अभियुक्त नौशाद खान पुत्र सलीम खान निवासी हसनगढ़ थाना गौंडा जिला अलीगढ को मंगलवार को समय 04.45 बजे कपूर बगीची से 20 कदम मांट की ओर से एक चोरी की गयी मोटरसाइकिल व फर्जी नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया।

### 250 स्कूलों में चलेंगी स्मार्ट क्लास

#### तीन सत्रों की सूची कराई गई उपलब्ध

मथुरा। जनपद में 250 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनाई जांएगी। यह कार्य तीन सत्रों मे पूरा होगा। जनपद मथुरा में राज्य परियोजना द्वारा विभिन्न सत्र में परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित करने के लिए विद्यालयों की सूची जारी की गयी है जिसमें सत्र 2022- 23 में कुल विद्यालयों की संख्या 170 है। जबकि सत्र 2023- 24 में कुल विद्यालयों की संख्या 35 व सत्र 2024-25 में कुल विद्यालयों की संख्या 43 है। इस सूची में विकास खण्डवार यह चेक करना है कि इन तीनों सूची में कोई विद्यालय कॉमन न हो। विद्यालय की बिल्डिंग जर्जर न हो। विद्यालय के पास स्मार्ट क्लास बनाने हेतु पर्याप्त जगह हो एवं सभी मानक पूरे होते हो। विद्यालय जर्जर होने की स्थिति में जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरांत विद्यालय परिवर्तन कराने के लिए राज्य परियोजना को अवगत कराया जाएं। तीनों सूची से पृथक शेष बचे हुए उच्च प्राइमरी विद्यालयों की सूची विद्यालय के नाम एवं यू डाइस कोड सहित उपलब्ध करायी जाएंगी ताकि शेष बचे हुए विद्यालयों के नाम राज्य परियोजना प्रस्तावित किए जा सकें।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै दीन मोहम्मद सुत रबूदी निवासी ग्राम बेलगरा परगना बरौंसा थाना जयसिंहपुर तहसील जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर का मूल निवासी हूं।मेरा पुत्र अजमेर अली काफी उद्दण्ड झगडालू एवं आपराधिक प्रवृत्ति का है जो आए दिन विवाद किया करता है।मेरी मर्जी के विपरीत शादी कर मुझे व मेरी पत्नी को प्रताड़ित करता रहता है। उसके किसी भी कृत्य से मुझे कोई लेना देना नहीं है।मै अपने पुत्र अजमेर अली को अपनी सम्पूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं।

# मतगणना के बाद जीत हार की गुणा गणित शुरु ! समर्थक कर रहे जीत का दावा

स्वतंत्र प्रभात



**रायबरेली।** रायबरेली लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण का मतदान समाप्त हो जाने के बाद अब मतदाता एवं समर्थक जीत हार की गुणा गणित लगाने लगे हैं। मतदाता एक दूसरे से फोन पर हवा जानने की कोशिश करने लगे हैं। रायबरेली में सीधे भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह व इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राहुल गांधी के मध्य लड़ाई मानी जा रही है। दोनों दलों के समर्थक अपने उम्मीदवार की जीत होने का दावा कर रहे हैं। हालांकि आगामी 4 जून को आने वाला वक्त ही बतायेगा कि किसकी विजय होगी या किसकी प्रतिष्ठा दांव पर होगी। रायबरेली में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की प्रतिष्ठा पर लगी हुई है। शिवगढ़ क्षेत्र की बात करें तो यहां भाजपा और कांग्रेस के मध्य कांटे की टक्कर मानी जा रही है। एक तरफ जहां उत्साह से लेवरेज भाजपा कार्यकर्ता एवं दिनेश प्रताप सिंह के समर्थकों ने भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए एड़ी से चोटी तक जोर लगा दिया। तो वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को जिताने के लिए भरकस प्रयास किया। कोई कहते मिल रहा है कि हवा तगड़ी है तो कोई कहते मिल रहा है उम्मीद से बेहतर रिजल्ट आ सकते हैं। तो कोई कहते मिल रहा है नेताओं की सोंच के विपरीत परिणाम आ सकते हैं।

पान की गुमटियों से लेकर हाट बाजारों तक जिधर देखो उधर चुनाव की ही चर्चा हो रही है। कोई मतदान के पैटर्न पर बात कर रहा है तो कोई स्वजातीय समीकरण में उलझा हुआ है। इस बार के लोकसभा चुनाव में गरीब एवं आम जनता की चुप्पी समर्थकों के समीकरण को फेल कर सकती हैं। किस पार्टी के प्रमुख नेता ने भितरघात किया किसने कितना सहयोग किया इस आधार पर लोग जीत हार की गुणा गणित लगा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विश्वनाथ चतुर्वेदी की माने तो इंडिया गठबंधन की लड़ाई आम जनता ने लड़ी है राहुल गांधी की रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत होगी। तो वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता नन्दकिशोर तिवारी, एमएलसी प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा का कहना है इस बार रायबरेली में परिवर्तन की बयार चल रही थी रायबरेली से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा। दिनेश प्रताप सिंह भारी मतों से जीतकर रायबरेली से सांसद बनेंगे। उम्मीदवारों के समर्थकों एवं आम जनमानस को 4 जून का बेसब्री से इन्तजार है।

# जनपद रायबरेली के लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान निष्पक्ष, निर्भीक, शान्तिपूर्णक तरीके से सकुशल सम्पन्न

- लोकसभा सामान्य निर्वाचन मनेजमेंट में मतदाताओं ने बढ़चढ़कर किया मतदान
- जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतदान दिवस पर रही चौतरफा चाक चौबंद रही व्यवस्था
- डीएम ने मतदान बूथों पर निरीक्षण के दौरान मतदान को त्वरित गति से कराये जाने के दिये निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली-** जनपद रायबरेली की पांच विधानसभाओं में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में निर्धारित मतदेय स्थलो पर जनता जनार्दन, मतदाताओ ने बढ़चढ़कर मजबूत लोक तन्त्र के लिए जरूरी है। सबकी भागीदारी में आज हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान कर अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का निर्वहन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के मतदान दिवस पर प्रातः से ही दर्जनों बूथों पर जाकर मतदान कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट/पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी से कहा कि वे त्वरित गति से मतदान कार्यों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन के अनुरूप निष्पक्ष, निर्भीक भय रहित होकर मतदान कराये। उन्होने सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये कि वे पल-पल की जानकारी कन्ट्रोल रूम को देते रहे तथा यदि किसी मतदेय स्थल पर किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो तत्काल उसका निराकरण करा ले। उन्होने कहा प्रत्येक दशा में सकुशल निष्पक्ष शान्ति तरीके से मतदान को सफल कराये। उन्होंने सुरक्षा में लगे कर्मियों से कहा कि मतदाताओं को पंक्तिबद्ध तरीके से मतदान कराये, जो भी मतदाता मतदान कर चुका हो वह अनावश्यक बूथ पर न रूके। इसके अलावा मतदाताओं से यह भी बताते रहे कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर वह कतई ध्यान न दे। मतदान निष्पक्ष व निर्भीक भय रहित तरीके से हो रहा है। सायं 6 बजे तक आने वाले सभी मतदाताओं का मतदान कराया जायेगा। मतदान करने के लिए युवक/युवतियों मतदान के लिए मतदान करने के लिए पंक्तिबद्ध होकर मतदान किया। मतदान करने के लिए अपनी वोटर लिए लेकर खुशी जाहिर की तथा मतदाता मित्रों द्वारा बुजुर्ग महिला व पुरुष मतदाताओं की सहायता कर उन्हें मतदान बूथों पर ले जाकर उनका मतदान कराया।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कन्ट्रोल रूम द्वारा सभी स्थानो पर माक-पोल मतदान शुरूआत की स्थिति भी जानी। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल का काफिला जनपद की विधानसभा क्षेत्रों के मतदान बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा किया। डीईओ-एसपी ने इधर उधर खड़े लोगो से कहा कि वे अनावश्यक चौराहो पर भीड़ न जमा करे। बल्कि कहा कि मतदान चल रहा है जागरूक मतदाता बनकर बूथ पर जाये तथा अपना वोट शान से करके आये तथा परिजनो, मित्रजनो को भी निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित करके बूथ प्रतिशत बढ़वाने में अपना सहयोग दे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों पर जाकर पीठासीन अधिकारी से मतदान का प्रतिशत पूछने के साथ ही समूची पोलिंग पार्टी का कुशल क्षेम पूछा साथ ही निर्देश दिये कि मतदान त्वरित गति से कराया जाये। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने मतदान बूथों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने समस्त विधानसभा क्षेत्रों में बने मतदान केन्द्र/आदर्श मतदान केन्द्र, पिंक केंद्र को भी देखा तथा मतदान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पीठासीन अधिकारियों से मतदान का प्रतिशत जाना तथा त्वरित गति से मतदान कराने के भी निर्देश दिये। उन्होने यह भी कहा कि मतदाता पहचान पत्र न होने की दशा में वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज की मदद से भी मतदान कराये। इसके अलावा अनेक मतदेय स्थलों के मतदान की स्थिति का भी जायजा लिया, तथा निर्वाचन में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दिये। मतदान दिवस पर जनपद में चौतरफा चाक चौबंद व्यवस्था रही। मतदान दिवस पर बूथों पर मतदाता सहायता केन्द्र पूरी तरह से क्रियाशील नजर आये। जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि अधिकारी पूरी तरह से सक्रिय रहे। इसके अलावा कई मोहल्लों व ग्रामीण आदि सैकड़ो लोगो ने बढ़चढ़कर मतदान करने के बारे में बताया।

# सामान्य प्रेक्षक व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदान के उपरांत सम्पन्न हुई स्क्रूटनी

- लोकसभा चुनाव में 37 अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 54.34 प्रतिशत हुआ मतदान
- 483188 पुरुष, 492861 महिला, 04 थर्ड जेंडर तथा कुल 976053 मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान समाप्ति के उपरांत आज जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सामान्य प्रेक्षक डॉ एन0 युवराज, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्क्रूटनी की प्रक्रिया संपन्न हुई। स्क्रुटनी के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। मतदान के पश्चात की जाने वाली स्क्रूटनी में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित समस्त प्रारुपों पर बिंदुवार संवीक्षा की गई, स्क्रुटनी के उपरांत मतदान का सही आंकड़ा प्राप्त हुआ जिसके अनुसार 37 अमेठी लोकसभा क्षेत्र में कुल 1796098 मतदाताओं में से 976053 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो की 54.34 प्रतिशत रहा। जिसमें विधानसभा 178 तिलोई में 97713 पुरुष, 98705 महिला तथा कुल 196418 मतदाताओं ने वोट डाले, विधानसभा 181 सलोन में 95652 पुरुष, 102593 महिला तथा कुल 198285 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, 184 जगदीशपुर विधानसभा में 101113 पुरुष, 102914 महिला तथा 204027 मतदाताओं ने वोट डाले, विधानसभा 185 गौरीगंज में 98047 पुरुष, 98362 महिला, एक थर्ड जेंडर तथा कुल 196410 मतदाताओं ने वोट डालें, विधानसभा 186 अमेठी में 90623 पुरुष, 90287 महिला, तीन थर्ड जेंडर तथा कुल 180913 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार 37 अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 483188 पुरुष, 492861 महिला, चार थर्ड जेंडर तथा कुल 976053 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## उर्वरकों कीटनाशकों की उपलब्धता में इफको ई बाजार की है अहम भूमिका



**प्रयागराज।** इफको के गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की उपलब्धता सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आसानी से हो सके इसके लिए इफको ई- बाजार द्वारा किए जा रहे प्रयास बहुत ही सार्थक एवं फलदाई हैं। बिहार राज्य के विभिन्न जिलों से आए इफको ई बाजार केंन्द्रो के विक्रय सहायकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर इफको के इकाई प्रमुख नेकहीं। इसी क्रम में कार्डेट के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरिश्चंद्र ने कार्डेट की गतिविधियों से प्रतिभागियों को परिचित कराया और जानकारी दी कि इन दो दिनों के दौरान प्रतिभागी इफको के नए उत्पादों के प्रयोग के विषय में जानकारी लेंगे ताकि कृषकों को नई तकनीक के उर्वरक एवं कीटनाशकों की उपलब्धता एवं प्रयोग की जानकारी हो सके। कार्यक्रम में इफको ई- बाजार बिहार राज्य के प्रभारी आशुतोष पचौरी, बिहार राज्य के राज्य अधिकारी नितिन मिश्रा एवं राज्य सहायक अधिकारी लाल साहब सहित कॉर्डेट फूलपुर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश तिवारी ने किया।

# कार सवार टप्पेबाजों ने गाड़ी के डैशबोर्ड से नगदी व मोबाइल उड़ाई

- कस्बा चौकी से चन्द कदम की दूरी पर दिन दहाड़े घटी घटना

स्वतंत्र प्रभात



**महमूदाबाद-** सीतापुर नगर में कुछ दिन पूर्व मंदिर जा रही वृद्ध महिला से सोने की चेन छीनकर फरार हुए दो नकाबपोश टप्पेबाजों की परछाई तक को पुलिस अभी छू भी न पाई थी, कि मंगलवार दोपहर एक और टप्पेबाजी की घटना ने पुलिस को दस्तक दे दी। कार सवार टप्पेबाजों ने घटना को अंजाम कस्बा चौकी से महज चंद दूरी पर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सतीश कुमार पुत्र नंदलाल निवासी बरगदिया, महमूदाबाद होकर अपनी टाटा मैजिक से बिसवां रोड की ओर जा रहे थे। तभी अचानक कस्बा चौकी से चंद कदम दूरी पर स्थित हरदेव लाला मंदिर के सामने स्थित धर्मशाला के पास मार्ग पर जाम लग गया। सतीश ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि जाम हटते ही एक सफेद कार उनकी गाड़ी के बगल में आकर रूकी। जिसमे सवार लगभग पांच लोगों में से किसी ने उनकी छोटा हाथी गाड़ी के डैशबोर्ड पर रखे एंड्रॉयड फोन व अखबार से लपेटे तीस हजार रुपए लेकर बस स्टैंड की ओर भाग खड़े हुए। पीड़ित ने बताया कि जब तक वह गाड़ी उतरा तब तक कार सवार टप्पेबाज रफूचक्कर हो लिए। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया की तहरीर मिली है, मौके पर जाकर जांच कराकर तत्पश्चात वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्र में बनेगी गठबंधन की सरकार, धौरहरा का होगा विकास-आनंद भदौरिया

- सपा नेता ने हरगांव क्षेत्र के विभिन्न गांवों का किया दौरा

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर।** विधान परिषद के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ सपा नेता आनंद भदौरिया ने मंगलवार को हरगांव विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों और सपा समर्थकों से मुलाकात कर मतदान के लिए उनका आभार भी जताया। सनद रहे कि आनंद भदौरिया धौरहरा विधान सभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की ओर से सपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में थे।

सपा नेता आनंद भदौरिया ने मंगलवार को हरगांव विधान सभा क्षेत्र के पोंगलीपुर, दंडपुरवा मजरा शेखनापुर, समोलिया, गंगादीनपुरवा, कटेसर, अभिरीपुर मजरा अमितिया, बरियाडीह, क्योंटी, रजवापुर मजरा ददवारा, काजीटोला, बड़ागांव, चक मजरा दसेलिया आदि गांवों का दौरा कर मतदाताओं का हालचाल जाना और मतदान करने के लिए आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि चुनाव भले ही खत्म हो गया हो, लेकिन इस क्षेत्र के लोगों को मैं भूला नहीं हूं। क्षेत्र के लोगों से जो प्यार और सम्मान मुझे मिला है, उसे मैं सदैव याद रखूगां। क्षेत्र के लोगों से दिल का रिश्ता पहले की ही तरह कायम रहेगा। उन्होंने इस संसदीय चुनाव अभियान में सहयोग करने के लिए लोगों का आभार जताते हुए मीडिया के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार बनना तय है और गठबंधन व समाजवादी पार्टी अपने घोषणा-पत्र के अनुसार अपने एक-एक वादे को पूरा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र की सत्ता में सपा की भागीदारी होने पर धौरहरा का समुचित विकास होगा। उद्योग-धंधे लगेंगे, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और बेरोजगारी दूर होगी। इसके साथ ही विकास और निमार्ण कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और यातायात के साधनों को बेहतर बनाया जाएगा। इस मौके पर सपा नेता के साथ हरगांव विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष फुरकान खान, जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा, नवापुर गांव के प्रधान एकलाख खान, बड़कन्नू नेता, वसीम, राजेश भदौरिया, शिवपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# यह चुनाव संविधान बचाने की लड़ाई हैं-अखिलेश यादव

- जाइये साइकिल से बटन दबाइये 2 डाली 6 पत्ती पर- अखिलेश यादव
- हेलीकॉप्टर दिखते ही अखिलेश यादव के समर्थको ने लगाए नारें
- जनसभा स्थल पर उमड़ी भारी भीड़
- भीड़ से गदगद दिखे सपा मुखिया

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही।** 78 लोकसभा क्षेत्र भदोही के रजपुरा में मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन से टीएमसी के प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी के पक्ष में चुनावी जनसभा की।आजमगढ़ की जनसभा सम्पन्न होने के बाद सपा मुखिया का हेलीकॉप्टर 2 बजकर 45 मिनट पर भदोही पहुँचा।हेलीकॉप्टर दिखते ही समर्थको ने अखिलेश यादव के नारे लगाएं।भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप पर भी समर्थको का उत्साह भारी दिखा।पूर्व मुख्यमंत्री की जनसभा सुनने के लिए समर्थको की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंच पर पहुंचते ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप यादव के नेतृत्व में मंच पर इंडिया गठबंधन के पदाधिकारियो द्वारा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।जनसभा को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा।उन्होंने कहा कि दस साल में लूट और झूठ बोलकर के जनता को गुमराह करने का काम किया है। इनका हर वादा झूठा निकला है। उन्होंने कहा कि जनता ने अब भाजपा का सफाया करने का मन बना लिया है ।सपा सुप्रीमो अखिलेश ने कहा कि अस्सी लोकसभा सीटों में अभी तक यह मैं मान रहा था कि एक सीट के अलावा हम सब जीत रहे हैं लेकिन अब जैसे ही हम पूर्वांचल में आए तो लगता है कि अब 80 की 80 सीट इंडिया गठबंधन जीतेगा। वहीं उन्होंने इस मौके पर कहा कि जिस तरह समुद्र मंथन हुआ था उसी तरह अब संविधान मंथन होने जा रहा है एक तरफ वह लोग हैं जो संविधान बदलना चाहते हैं और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन से जुड़े लोग हैं जो संविधान की रक्षा कर संविधान बचाना चाहते हैं।किसानों की आय दोगुनी करने के वादे पर सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों की अति उपयोगी यूरिया खाद हर बोरी में चोरी की।बीजेपी सरकार बेरोजगारी दूर करने की बात की परन्तु हर प्रतियोगी परीक्षा का पेपर लीक कराकर युवाओ के साथ धोखा किया।

2014 में जब भाजपा की सरकार आयी तो कहा हम आएंगे तो अच्छे दिन आएंगे, लेकिन एक भी वायदा पूरा नही किया। उन्होंने कहा कि ललितेश पति त्रिपाठी जुझारू विधायक रह चुके हैं। सांसद बन कर क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उठा कर कार्य करेंगे। इसलिए साइकिल से मतदान केंद्र पर जाइये दो डाली छह पत्ती वाली बटन दबाएं।जनसभा का संचालन सपा जिला महासचिव हृदय नारायण प्रजापति ने किया।

सभा को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधायक जाहिद बेग, भाजपा सांसद रमेश बिंद, प्रदेश सचिव आरिफ सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामला सरोज, राजेश पति त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव, आप जिलाध्यक्ष अशोक यादव, एमएलसी मान सिंह, हंडिया विधायक, हाकिम लाल बिंद, प्रतापपुर विधायक विजमा यादव, औराई विधान सभा प्रत्याशी रही अंजनी सरोज, जईम बेग सैफी, जिलाध्यक्ष प्रयागराज अनिल यादव, पूर्व विधायक मधुबाला पासी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजन दुबे, विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा, कांग्रेस नेता माबूद खान, राम रति बिंद, टी एम सी राज्य सभा सांसद शुष्मिता देव आदि लोगो ने भी सम्बोधित किया।

#### तेज धूप में छतों पर अखिलेश यादव को सुनती रही भीड़

जनसभा स्थल में भारी भीड़ की मौजूदगी से पंडाल में तिल रखने की जगह नहीं थी। किंतु कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते बन रहा था। तेज धूप व भीषण गर्मी में भी आसपास के घरों के छतो पर लोग खड़े होकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन सुना।

#### मंच पर मौजूद रहे भदोही के सांसद रमेश बिन्द


भदोही के सांसद डॉक्टर रमेश बिंद की मंच पर मौजूद की चर्चा का विषय बनी रही। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांसद रमेश बिंद का टिकट काटे जाने पर समाजवादी पार्टी ने मिर्जापुर में रमेश बिंद को लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। अखिलेश यादव ने कहा कि रमेश चंद्र बिंद सही समय पर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। उनके आने से पार्टी मजबूत हुई हैं।

#### विधायक जाहिद बेग को अपने साथ ले उड़े अखिलेश

लोक सभा भदोही में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ललितेश त्रिपाठी के पक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री चुनावी सभा को सम्बोधित करने लखनऊ से भदोही आए थे जबकि भदोही के विधायक जाहिद बेग का पिछले महीने हार्ट सर्जरी का सफल आपरेशन लखनऊ में हुआ था जो डाक्टर के सलाह पर रेस्ट पर लखनऊ में ही है।

अखिलेश यादव अपने चहेते विधायक को लखनऊ से हेलीकाप्टर से साथ में बनारस तक लाए और फिर आजमगढ़ चले गए फिर विधायक जाहिद बेग बाई रोड भदोही कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे ।कार्यक्रम समापन होने के बाद जाहिद बेग को सपा मुखिया अखिलेश यादव अपने उड़न खटोले से लखनऊ लेके चले गए।

## पेयजल की समस्या को लेकर महिला व पुरूषों ने नगर निगम को घेरा



**अलीगढ़,।** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से चल रहे पेय जल संकट के चलते अनेक क्षेत्रों के लोग पुरुष व महिलाओं ने नगर निगम का घेराब कर प्रदर्शन किया। जिले के कई क्षेत्रों में इस भीषण गर्मी में पानी के संकट से जूझ रही जनता का आज गुस्सा फूट पड़ा और नगर के अनेक क्षेत्र के लोगों ने एकजुट होकर नगर निगम का घेराब कर प्रदर्शन किया। वहीं पानी की समस्या से जूझ रही जनता ने मीडिया को अवगत कराया की लगभग 15 दिनों से अलीगढ़ के कई क्षेत्र में पानी नहीं आ रहा है। जिसके चलते स्कूल जाने वाले बच्चों को नाश्ता बनाने की परेशानी खाना बनाने के लिए एवं पानी पीने तक के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिससे तंग आकर नगर की जनता पानी के संकट से जूझ रही जनता ने नगर निगम का घेराब कर प्रदर्शन कर नगर निगम के अधिकारियों को भला बुरा कहा। वहीं नगर निगम के अधिकारियों ने अपने ऊपर लगाए हुए आरोपो का खंडन करते हुए उन्हें निराधार बताया तथा अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए मीडिया को अवगत कराया कि जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या बनी हुई है । हमारी टीम उन क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाने का काम कर रही हैं और शीघ्र ही पानी की समस्या का निस्तारण किया जाएगा।

# गली-गली में कायम झोलाझाप डॉक्टरों का साम्राज्य

स्वतंत्र प्रभात

**असोहा (उन्नाव)।** इसे स्वास्थ्य विभाग की कृपा कहा जाए कि योगी की सरकार की विडंबना, आज कल भीषण गर्मी में जहां गांवों में डायरिया तेज बुखार आदि बीमारियो का जबरदस्त प्रकोप चल रहा है तो दूसरी तरफ जाहिल झोलाछाप डाक्टरों की दुकाने भी चमक गयी है, वैसे तो तहसील क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में हर गली कूचों में हर गांव के चौराहों पर इन झोलाछाप डाक्टरों की जैसे बाढ़ आ गयी है। लेकिन असोहा क्षेत्र में तो इन अवैध डाक्टरों ने अपना पूरा जाल सा बिछा दिया है, केवल असोहा गांव जहां सीएचसी है, ब्लॉक है, थाना है इसके सामने ही झोलाछापों के क्लीनिक है वह एक नहीं कई डाक्टर अपनी दुकानें खोलकर गरीबों बिना पढ़े लिखे लोगों के जान के साथ खिलवाड़ करते है और स्वास्थ्य विभाग इस ओर से अपनी आंखें बंद किए हैं। इसके अलावा कालूखेड़ा कस्बे में तो आधा सैकड़ा फर्जी डाक्टरों के अस्पताल संचालित है, इनमें आधा दर्जन तो बंगाली डाक्टर है जो बांग्लादेशी अवैध घुसपैठिया बताए जाते हैं इन डाक्टरों के अस्पतालों में गर्भपात तक कराने का काला कारनामा भी लंबे समय से चल रहा है। कस्बे वासियों की मानें तो इसमें एक बंगाली डाक्टर जो यहां एक गांव के पते का आधार कार्ड तथा वहां का वोटर भी बन बैठा इस डाक्टर की क्लीनिक कालूखेड़ा के असोहा रोड पर है तथा इसको एक सफेद पोश का संरक्षण भी प्राप्त है। इसके अलावा असोहा क्षेत्र के कांथा, सहरावां, मिर्रीकलां, जोरावरगंज पाठकपुर, गोमापुर, चौपई, ओगरापुर सहित कोई गांव शेष नहीं जहां पर इन फर्जी डाक्टरों का साम्राज्य न हो, लेकिन स्वास्थ्य विभाग को इससे कोई मतलब नहीं है।

# आतंकवाद के विरोध में पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ



स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** आतंकवाद विरोध दिवस पर पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई गई। साथ ही आतंकियों के विरुद्ध सतर्क रहकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया। कहा कि आतंकवाद के रूप में हिंसा करना गलत है। सभी को आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना चाहिए मंगलवार को आतंकवाद विरोधी दिवस पर उन्नाव जनपद के सभी थाने व कोतवाली में शपथ दिलाई गई पुलिस लाइन स्थित पुलिस कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आतंकवाद के विरुद्ध पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मियों ने शपथ ली। इसके साथ ही सीओ सोनम सिंह ने मौजूद मतहतो को संबोधित किया और इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आतंकियों के विरुद्ध सतर्क रहकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया। जिस आतंकवादी गतिविधियों पर समय से पहले अंकुश लगाया जा सके।

असोहा संवाददाता के अनुसार स्थानीय थाने में थाना प्रभारी राम औतार ने थाने स्वयं सहित तैनात जवानों को आतंकवाद के विरोध में शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि अहिंसा एवम सहन शीलता पर विश्वास रखते हुए आतंकवाद के खिलाफ शपथ पूर्वक लड़ाई लड़ेंगे और किसी भी कीमत पर आतंकवाद को समाप्त करने के लिये प्राणों की भी आहुति देनी पड़ी तो देंगे।

# औषधि निरीक्षक की वसूली के विरोध में डीएम से हुई शिकायत

**●- औषधि निरीक्षक पर लाइसेंस के नाम पर रुपये मांगने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** एक महिला ने औषधि निरीक्षक पर दवा विक्री लाइसेंस जारी करने के नाम पर एक लाख रुपये घूस मांगने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री पोर्टल और डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि मांग पूरी करने पर आवेदन निरस्त कर दिया।

बताते चलें कि शुक्लागंज के ऋषि नगर निवासी ज्योति तिवारी व गायत्री नगर के प्रबल अवस्थी ने मुख्यमंत्री पोर्टल और डीएम को अलग-अलग शिकायती पत्र दिया है। ज्योति के मुताबिक, उन्होंने होलसेल ड्रग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। औषधि निरीक्षक अशोक कुमार मौके पर गए थे और सारे अभिलेख सही मिलने पर लाइसेंस पास होने की सहमति जताई थी। आरोप है कि ड्रग इंस्पेक्टर के कहने पर उनसे ऑफिस मिलने गए तो लाइसेंस जारी करने के लिए रुपयों की मांग की। असमर्थता जाहिर करने पर बिना कोई कारण लिखे लाइसेंस आवेदन निरस्त कर दिया। वहीं, प्रबल अवस्थी का आरोप है कि एक रिटेल और होलसेल ड्रग लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। दो लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल व डीएम से की शिकायत जांच की मांग औषधि निरीक्षक ने आरोप नकारा, बोले-कागज में कमी से निरस्त किया आवेदन रिटेल के लिए 30 हजार और होलसेल के लिए एक लाख रुपये की मांग की गई और न देने पर आवेदन निरस्त कर दिया। आरोप है कि आवेदन में मांगे गए प्रमाण पत्रों में ओनरशिप प्रूफ के तौर पर हाउस टैक्स की रसीद दिखाई। जिसे पिछले साल जमा किया गया था। निरीक्षक ने उसे पुराना बता दिया। इसके बाद भवन की रजिस्ट्री दिखाई तो उसे भी अमान्य बता दिया। हालांकि औषधि निरीक्षक अशोक कुमार ने आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि अभिलेखों की कमी के कारण आवेदन निरस्त किए थे। डीएम गौरांग राठी ने बताया कि अस्वस्थ होने के कारण डॉक्टर ने आराम करने की सलाह दी है। इसलिए अभी कार्य पर पूरी तरह से ध्यान नहीं दे पा रहा हूं। शिकायती पत्र आया होगा तो जांच कराएंगे।

# सपाइयों ने राम भक्तो पर चलवाई गोली, हम बरसा रहे फूल-योगी

**●- राष्ट्र के साथ गद्दारी करने वाले लोग जायेंगे पाकिस्तान**

**- ई. प्रवीण निषाद के पक्ष में मतदान करने के लिए मुख्यमंत्री ने जनता से किया अपील**

स्वतंत्र प्रभात

**संतकबीरनगर।** लोकसभा 62 क्षेत्र के प्रत्याशी ई. प्रवीण निषाद के पक्ष में नगर पंचायत मेंहदावल स्थित प्रेमलता महिला महाविद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को जनसभा को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे देश व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की हवा चल रही है। पांच चरणो के मतदान में मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार चुन लिया है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जो नारा है अबकी बार 400 पार व तीसरी बार मोदी सरकार के नारे को जनता अपना पूर्ण समर्थन देते हुए लक्ष्य की तरफपहुंच रही है। सी.एम. ने कहा कि समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के लोग हमेशा जातिवाद व धर्मवाद की लड़ाई लड़ाकर देश व प्रदेश की भोली भाली जनता को ठगने का कार्य किये थे लेकिन अब जनता उनके बहकावे में नही आने वाली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास जताते हुए पुनः चार जून को उनको अपना नेतृत्व सौपने जा रही है। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोगो ने राम भक्तो पर गोला चलवाई थी और हमारी सरकार ने एक भव्य राम मंदिर बनवाकर राम भक्तो पर फूल की बरसा करवा रही है। उन्होने कहा कि आज मेंहदावल में आयोजित जनसभा में आये जनता के उत्साह को देखकर यह साफजाहिर है कि ई. प्रवीण निषाद ऐतिहासिक मतो से चुनाव जितेंगे। श्री योगी ने कहा कि 2014 के पहले आतंकवाद, नक्शलवाद, गुण्डा गर्दी चरम पर रही लेकिन उत्तर प्रदेश 2017 में जबसे मेरी सरकार आयी है सारे माफिया व गुण्डा गायब हो गये। उन्होने कहा कि जिस तरह से भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार ने विकास का कार्य किये है उसी तरह से आताताईयों को ठीक करने का कार्य किये है। सी.एम. ने आम जनमानस से अपील किया कि सभी लोग बिना किसी भेद-भाव के पार्टी प्रत्याशी ई. प्रवीण निषाद के पक्ष में मतदान करके राष्ट्रवाद की अलख जगाने में सहयोग करें। उन्होने कहा कि जो व्यक्ति राष्ट्र विरोधी है उनके लिए भारत में कोई जगह नही वो पाकिस्तान चले जाए ऐसे लोगो को चिन्हित करके हमारी सरकार दण्डित करने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से आम जनमानस खुशहाल है केवल सपा नेता को ही मेरी सरकार से परहेज है, लेकन जनता उनके चाल व चरित्र को पहचान ली है, लोकसभा चुनाव में पूरा सूफड़ा साफ हो जायेगा। इस अवसर पर एमएलसी सुभाब यदुवंश, संतोष सिंह, मेंहदावल विधायक अनिल, खलीलाबाद विधायक अंकुर राज तिवारी, धनघटा विधायक गणेश चौहान, पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे, पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल, जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव, भाजपा नेता मृगेन्द्र राम त्रिपाठी, लोकसभा पूर्व प्रत्याशी चन्द्र शेखर पाण्डेय, प्रमुख संघ अध्यक्ष राम मिलन यादव, गोररखपुर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय, भाजपा जिलामंत्री गणेश पाण्डेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर राय, मुन्ना राय, ज्ञानेन्द्र मिश्र, विजय बहादुर सिंह, पूर्व सांसद इन्द्रजीत मिश्र, पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ला, राजेश प्रकाश मिश्र, लल्लू पाण्डेय, बसंत तिवारी, योगेन्द्र प्रताप सिंह, भूपेन्द्र सिंह, मुमताज अहमद, नित्यानन्द, सुनीता अग्रहरि, संगीता वर्मा, नीतू सिंह, सर्वेश त्रिपाठी, सिन्टू पाठक पीयूष, राकेश उर्फचिक्कन सिंह, सुधांशू सिंह, चौरी चौरा विधायक श्रवण निषाद, अमित निषाद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**भाजपा की नीतियों से जनता है खुश-डा. संजय निषाद**

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय निषाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के चलते आम जनता पुनः अपना नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सौपने जा रही है। उन्होने कहा कि निषाद राज व भगवान श्रीराम से पुराना संबंध रहा उस संबंध को निषाद समाज कभी नही भूल सकता है, निषाद समाज जो राम को आये है उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा।





**मतदाताओं का मिल रहा आपर समर्थन-प्रवीण निषाद**

संतकबीरनगर। लोकसभा संतकबीरनगर के प्रत्याशी ई. प्रवीण निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर जनता ने जो स्नेह व प्यार दिया है इससे साफ जाहिर है कि आने वाले 25 मई को अपार जनसमर्थन के साथ जनता मुझे चुनाव जिताने का कार्य करेगी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के जनसभा के दौरान लोक करतलध्वनि से स्वागत करते नजर आये। श्री निषाद ने कहा कि बिना किसी भेद-भाव के जनता मोदी और योगी को अपना नेतृत्व सौपने जा रही है।

**भारी सुरक्षा के बीच सफल हुआ सी.एम. की जनसभा**

संतकबीरनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की जनसभा के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस नजर आयी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को बड़े ही मुस्तैदी के साथ लगाया था। इंट्री गेट से लेकर हेलीपैड तक प्रशासन की पैनी नजर रही, जिससे कार्यक्रम को सफल किया गया। प्रशासनिक अमला इतना सर्तक रहा कि मंच पर वही लोग पहुंच पाये जिनका नाम पहले से ही निर्धारित था सभी नेताओं को मंच पर जाने के लिए एक गैलरी बनायी गयी थी जहां पर भारी सुरक्षा व्यवस्था रही, किसी नेता के लिए वीआईपी गैलरी नही थी।

**करतल ध्वनि से अपनी मुख्यमंत्री का जनता ने किया स्वागत**

संतकबीरनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हेलीपैड पर आते ही जय जय श्रीराम के नारे से पूरा पण्डाल गूंज उठा। मंच पर आते ही मुख्यमंत्री का कार्यकर्ताओं ने करतल ध्वनि से उनका अभिवादन व स्वागत किया। जय श्रीराम के नारो व करतल ध्वनि की स्वागत से मुख्यमंत्री अति प्रंसन्नचित दिखे तथा अपने भाषण के दौरान उन्होने जनता को विशेष साधूवाद देते हुए स्वागत बंदन किया।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना उत्तर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया

**निरीक्षण के दौरान विवेचना में लापरवाही करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा उ0नि0 ओंकार सिंह को किया गया लाइन हाजिर**



**फिरोजाबाद-** मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा थाना उत्तर का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान जनसुनवाई रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर एवं सीसीटीएनएस पर चल रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए आईजीआरएस, यूपी कॉप एवं महिला अपराधों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया । तत्पश्चात थाना परिसर में खड़े माल मुकदमाती वाहनों का समयबद्ध निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचना में लापरवाही करने पर उ0नि0 ओंकार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है ।

# छात्रों व ग्रामीणों में योग को बढ़ावा देने के लिए आयुष विभाग ने योग प्रशिक्षक तैनात किया



**उतरौला(बलरामपुर)** छात्रों व ग्रामीणों में योग को बढ़ावा देने के लिए आयुष विभाग ने योग प्रशिक्षक तैनात किया है। योग प्रशिक्षक गांवों के प्राथमिक विद्यालयों व उतरौला में स्थित राजकीय यूनानी चिकित्सालय में प्रशिक्षण देते हैं। योग प्रशिक्षक विजय कुमार मौर्य ने बताया कि वह क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में जाकर वहां के छात्र छात्राओं को योग का प्रशिक्षण देते हैं। इसी तरह राजकीय यूनानी चिकित्सालय उतरौला में आए मरीजों को योग क्रिया अपनाने की सलाह देते हैं तथा उन्हें योग में प्रशिक्षित करते हैं। इस योजना से छात्राओं व ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। राजकीय यूनानी चिकित्सक डा दिनेश कुमार ने बताया कि शासन ने मरीजों व छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिए योग क्रिया अपनाने की योजना बनाई है। योग क्रिया में प्रशिक्षित करने के लिए संविदा पर योग प्रशिक्षक की तैनाती कर रखी है जो माह में बीस घण्टे अस्पताल व बारह घण्टे विधालय में प्रशिक्षण देते हैं। ग्राम सचिवालय में ग्रामीणों को समय समय पर योग प्रशिक्षण दिया जाता है।

# भागवत का उद्देश्य मन की शुद्धि-आचार्य धरणीधर

स्वतंत्र प्रभात



**सन्तकबीरनगर।** विकास खंड बघौली अंतर्गत ग्राम सभा उतरावल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य धरणीधर जी महाराज ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा है। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए व्यास ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाता है लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। आचार्य धरणीधर जी ने इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है। आप जिस मनोरथ के साथ श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करेंगे, आपके उस मनोरथ की सिद्धि होगी। आप अगर निर्धन हैं, धन की इच्छा लेकर सुनेंगे तो धनवान होंगे। आचार्य धरणीधर जी ने कहा रोगी हैं, निरोगी काया की इच्छा लेकर अगर कथा सुनेंगे तो निरोगी काया प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही जीव का कल्याण हो जाता है। विश्व में सभी कथाओं में से यह कथा श्रेष्ठ मानी गइ है जिस स्थान पर कथा का आयोजन किया जाता है,उसे तीर्थस्थल कहा जाता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान बेचन प्रजापति,चंद्रिका प्रजापति, प्रेम प्रजापति, शशि प्रकाश राय,राजेंद्र राय, इंद्रदेव राय फागु, दुर्गेश चंद्र पाण्डेय, धनुषधर पाण्डेय, द्वारिका गुप्ता, टिल्लू राय,फूल चंद्र राय, रिंकू राय, सोनू प्रजापति,गौरी शंकर सोनी, सच्चिदानंद मिश्र, सुरेश पाण्डेय, राधेश्याम राय, सुरेंद्रनाथ राय, नरेंद्र राय समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## क्षेत्र में अंधाधुध चल रही अवैध पेड़ों की कटान

**नवाबगंज (उन्नाव)।** असोहा क्षेत्र के अंतर्गत बबूरहा गांव के पास ग्राम केवनी मे लकड़ी ठेकेदार सहदेव, राजू, शिवराज इन तीनों ठेकेदारो ने मिलकर अवैध आम नीम और जामुन के पेड़ों की अंधाधुंध अवैध कटान करके पुलिस और वन विभाग की मिली भगत से पेड़ काटे हैं और क्षेत्र में यह तीनों ठेकेदार अवैध लकड़ी की कटान कराते हैं। वहीं पर बाबूराव और राहुल ने बताया क्योंनी मे यह तीनों ठेकेदारों के द्वारा आम, जामुन और नीम के पेड़ काटे गए हैं। अब देखने वाली बात यह होगी। कि इन तीनों ठेकेदारों के ऊपर कोई कार्रवाई होगी। एसडीम हसनगंज से बात करने पर बताया कि थानाध्यक्ष असोहा से बात कर ले थानाध्यक्ष असोहा के सीयूजी नंबर पर बात करने पर उनका मोबाइल ऑफ आ रहा था। एसडीएम साहब ने दूसरा नंबर दिया। थानाध्यक्ष असोहा ने बताया कि वन विभाग के द्वारा जो कार्रवाई होती है हम मुकदमा लिख देंगे। वन विभाग अशोक ने बताया कि जल्द ही कार्रवाई करके मुकदमा पंजीकृत करा दिया जाएगा।

## प्रेक्षक ने देर रात्रि एफएस.टी. व एस.एस.टी. टीमों का किया औचक निरीक्षण



**संतकबीरनगर।** प्रेक्षक (व्यय) ब्रजकिशोर सिंह ने सोमवार देर रात्रि 12:35 बजे संतकबीरनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विधानसभा-धनघटा के अन्तर्गत एफ़एस.टी. व एस.एस.टी. टीमों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिरहड़घाट पुलिस चौकी पर एस.एस.टी. टीम के प्रभारी ध्रुव कुमार एवं एफ़एस.टी. टीम-2 के प्रभारी शशिकांत पाण्डेय आपनी टीम के साथ जांच करते हुए पाये गये। प्रेक्षक ने औचक निरीक्षण के दौरान तहसील-धनघटा के एफ़एस.टी. एवं एस.एस.टी. टीमों द्वारा अभी तक रूपये, शराब आदि की बारामदगी न किये जाने के कारण प्रेक्षक ने अप्रसन्नता व्यक्त की तथा प्रेक्षक ने सभी एफ़एस.टी. एवं एस.एस.टी. टीमों को कडाई के साथ जांच करने का निर्देश दिये। नाथनगर चौराहे पर एफ़एस.टी. टीम-01 के प्रभारी अभय प्रताप सिंह मौके पर निरीक्षण करते हुए पाये गये। इस दौरान लाइजन ऑफिसर व्यय प्रेक्षक जे.पीत्र तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित आदि उपस्थित रहें।

## कार्यवाही के अभाव में युवक ने परिवार सहित किया आत्मदाह का प्रयास

**उन्नाव।** सदर कोतवाली परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब अपनी जमीन पर कब्जे के लिए चक्कर काटकर थक चुके युवक ने अपने दो बच्चों और पत्नी पर आत्मदाह के इरादे से ज्वलनशील पदार्थ उड़ेल लिया। पुलिस कर्मियों की समय रहते नजर पड़ने से बड़ा हादसा टल गया। एसएचओ ने पीड़ित की पूरी बात सुनकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब परिवार वापस लौटा। बताते चलें कि सदर कोतवाली अंतर्गत सुतिया तारा चौकी क्षेत्र के दुलिया खेड़ा पतारी गांव निवासी सोनू पुत्र गणपति ने बताया कि उसने गांव के पास एक-एक रुपये जोड़कर जमीन खरीदी थी। अपनी जमा पूंजी लगाने के बाद उसे जमीन पर कब्जा नहीं मिला। जमीन बेचने वाला शख्स भी उसे कब्जा नहीं करा पाया। न्याय की आस में राजस्व और पुलिस के चक्कर काटने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे आहत होकर वह सोमवार शाम सदर कोतवाली परिसर पहुंचा और अपने 6 व 10 वर्षीय बेटे के साथ पत्नी पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने की कोशिश की। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस कर्मियों की नजर उन लोगों पर पड़ी तो उन्होंने दौड़कर युवक को पकड़ लिया। आत्मदाह के प्रयास की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसएचओ पहुंचे और पीड़ित से पूरी जानकारी हासिल कर उसे कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद वह परिवार के साथ घर लौट गया।

## राष्ट्रहित और संस्कृति को बचाने के लिए भाजपा के पक्ष में करें मतदान-चिक्कन सिंह

**भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद के पक्ष में मतदान करने के लिए भाजपा नेता चिक्कन सिह ने किया अपील**



**सन्तकबीरनगर।** लोकतंत्र के महापर्व को हर्षोउल्लास से मनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भाजपा खेल संघ जिलाध्यक्ष राकेश उर्फ चिक्कन सिह ने युवा, नौजवान और बुजुर्ग के अलावा महिलाओं से शत प्रतिशत मतदान की अपील किया। भाजपा नेता चिक्कन सिह ने कहा कि हमारे एक मत न देने से सरकार और राष्ट्र के अलावा अपने सनातन संस्कृति पर खतरा आ सकता है। इसलिए हम उस दिन यह न सोचें कि आज अवकाश है, वह दिन जिम्मेदारी निभाने का दिन रहेगा और अपने घरों से बाहर निकाल कर सभी को केवल मतदान करने की आवश्यकता ही नहीं है बल्कि यह ध्यान रखें अपने घर के आसपास, गांव का कोई भी व्यक्ति मतदान से वंचित न रह जाए। क्योंकि यह चुनाव सांसद बनने का नहीं है राष्ट्र के पुनरुत्थान के साथ ही सनातन संस्कृति की रक्षा, अपने पूर्वजों जिन्होंने मुगल आक्रणों के खिलाफ लड़कर वीरगति को प्राप्त हुए उनके स्वाभिमान, मान सम्मान का चुनाव है। इसलिए इसलिए हमें अपना मत भी बहुत सोच समझ कर देना होगा कि कौन राष्ट्र का निर्माण कौन कर सकता है और कौन हमारी संस्कृति हमारी सभ्यता हमारे मान सम्मान की रक्षा कर सकता है। वह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है इसलिए आगामी 25 मई को भाजपा प्रत्याशी ई. प्रवीण निषाद के पक्ष मे मतदान कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार पी.एम. बनाने का कार्य करें। चिक्कन सिह ने कहा कि जाति-पात से ऊपर उठकर हमें संसद नहीं राष्ट्र का गौरव चुनना है, इसका जरूर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का यह महापर्व 5 साल में केवल एक बार आता है। इस दिन हमें अपने विशेष त्यौहार को मनाने की आवश्यकता है। श्री सिह ने कहा कि जाति-पात चाहे परिवारवाद यह बाद में है पहले राष्ट्र है। कहा कि अगर राष्ट्र नहीं बचेगा और हमें अपने धर्म को ही बदलना पड़ जाएगा तो रूपए, पैसे जाति बिरादरी का क्या फायदा इस लिए पहले राष्ट्र फिर कोई दूसरा काम। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में लाहौर में जो हिंदू भाई रहा करते थे करोड़ों की संपत्तियां छोड़कर उन्हें वापस दर दर की ठोकरे खानी पड़ी। अपनी बहन बेटियों की आबरू बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। न वे ब्राह्मण थे, न क्षत्रीय थे, न यादव थे ना दलित समाज का कोई व्यक्ति था, वह केवल हिंदू था और हमें इस बात को जरूर ध्यान में रखना होगा कि जब राष्ट्र ही नहीं बचेगा जब हमारा धर्म ही नहीं बचेगा हम बिरादरी वाद को लेकर क्या करेंगे। इसलिए इन सभी से ऊपर उठकर राष्ट्र सर्वोपरि है, सनातन धर्म सर्वोपरि है, हमारी संस्कृति सर्वोपरि है, इसको ध्यान में रखकर भाजपा प्रत्याशी ई. प्रवीण निषाद के पक्ष में मतदान करें।

## रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए निविदाएं आमंत्रित

**बांदा।** अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई खंड बांदा ने बताया है कि राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशाषी अभियन्ता, लघु सिंचाई जनपद बांदा द्वारा अटल भूजल योजना अन्तर्गत 69 रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना हेतु आफ लाईन निविदाए आमत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाए 22 से 25 मई 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक (अवकाश दिवस को छोड़कर) कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, लघु सिचाई खण्ड बोदा, कार्यालय सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, विकास भवन बांदा से क्रय की जा सकती है। मुहरबन्द निविदाए 27 मई 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। उपरोक्त निविदाए 28 मई 2024 को प्रातः 11 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त झांसी में समिति के समक्ष खोली जाएगी। कार्य स्थल के संबन्ध में सूचना एवं निविदा के संबन्ध में शेष शर्ते इत्यादि कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, लघु सिचाई खण्ड बांदा एवं कार्यालय सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, विकास भवन बांदा के सूचना पट के साथ-साथ निविदा के साथ संलग्न होगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बंजर जमीन पर अतिक्रमण कर बोई गन्ने की फसल जोतवाई

पूरनपुर पुलिस के साथ राजस्व टीम ने गांव सबलपुर रंपुरा में अतिक्रमण कर बंजर भूमि पर बोए गई गन्ने की फसल को ट्रैक्टर से जोतवाकर अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया। जमीन को प्रधान की सुपुर्दगी में देकर विभिन्न प्रजातियों के पौधों को अन्य सुरक्षित स्थान पर लगवाने के निर्देश दिए गए। गांव के समीप पड़ी बंजर भूमि पर कुछ लोगों ने गन्ना बोकर अतिक्रमण कर लिया था। जमीन के सीमांकन के बाद अतिक्रमणकारियों को कई बार जमीन खाली करने की चेतावनी दी गई, लेकिन अतिक्रमणकारियों ने कुछ दिन पहले जमीन पर गन्ने की फसल लगा दी थी। सोमवार को नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने ट्रैक्टर से गन्ने की फसल को जोतवा कर अतिक्रमण मुक्त करा दिया। नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि जमीन पर विभिन्न प्रजाति के पौधे भी खड़े मिले, जिनको ग्राम प्रधान को सुरक्षित स्थान पर लगवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अतिक्रमणकारियों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई।

### मृत्यु होने पर समिति को किया सील

सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने सचिव की मृत्यु हो जाने पर पकड़िया मंगली साधन सहकारी समिति को सोमवार की शाम सील कर दिया, सहकारिता विभाग के सहायक विकास अधिकारी लाल सिंह ने बताया कि पकड़िया मंगली साधन सहकारी समिति के सचिव विजय सिंह (59) काफी समय से बीमार चल रहे थे व बीते शनिवार की रात मृत्यु हो गई। विभागीय उच्च अधिकारियों के निर्देश पर समिति को सोमवार की शाम सील कर दिया गया है। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक राजकुमार, समिति के अध्यक्ष निरमेश भारती और संचालक मौजूद थे। सहायक विकास अधिकारी ने यह भी बताया कि बहुत जल्द समिति में दूसरे सचिव की नियुक्ति कर दी जाएगी। जिसके बाद सील खोल दी जाएगी।

### ट्रेन के आगे फेंककर 11वीं की छात्रा की हत्या, सामने आया वारदात से पहले का वीडियो

**लखीमपुर शहर।** देवकली रोड पर सोमवार की दोपहर रेलवे पटरी किनारे छात्रा काव्या का शव मिलने के मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। कोतवाली पुलिस की तफ्तीश में एक फुटेज सामने आया है, जिसमें छात्रा के आगे तीन युवक चल रहे हैं। यह फुटेज घटनास्थल से करीब आधा किलोमीटर पहले का है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर दो युवकों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो बड़ा खुलासा हुआ है। तीनों युवकों ने छात्रा की हत्या की साजिश रची थी। एक युवक से छात्रा की दोस्ती थी। उसी ने छात्रा को बुलाया था। जहां शव मिला था। वहां तीनों युवक छात्रा से बात कर रहे थे। इसी दौरान तीनों ने छात्रा को ट्रेन के आगे फेंक दिया था। घटना के बाद तीनों युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस तीसरे युवक की तलाश रही है। उसकी गिरफ्तारी के बाद पूरा सच सामने आ जाएगा।

### वांछित महिला अभियुक्त गिरफ्तार

गोला गोकरननाथ खीरी ग्राम बेला बोझी थाना नीमगांव निवासी अंजू पत्नी श्री कृष्ण को नगर के मोहम्मदी रोड बाईपास खुटार रोड से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अंजू देवी एक आरोपी को संरक्षण देने के आरोप में मुकदमे में वांछित थी और अरसे से फरार चल रही थी। मंगलवार को उन्हें नगर की खुटार रोड से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

### मौर्य समाज 25 को मनाएगा सम्राट अशोक की जयंती

गोला गोकरननाथ खीरी कुशवाहा मौर्य शाक्य सैनी मानव कल्याण संस्थान के पदाधिकारियों की बैठक में 25 मई को सम्राट अशोक की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुमार मौर्य की अध्यक्षता में प्रदेश उपाध्यक्ष जनार्दन मौर्य के आवास पर हुई, बैठक में आगामी 25 मई को सम्राट अशोक की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय हुआ कि जयंती समारोह संस्थान के निर्माणाधीन भवन लक्ष्मणजती में मनाई जाएगी। इसकी तैयारी हेतु पुनः एक बैठक संस्थान के संरक्षक रामकुमार मौर्य के निवास अर्जुननगर कालोनी में 23 मई की शाम पांच बजे होगी। बैठक में संरक्षक रामकुमार मौर्य ने कहा कि सभी सदस्य इस कार्यक्रम हेतु अपना योगदान सुनिश्चित करें। समाज के लोगों को साथ लाकर कार्यक्रम को सफल बनायें। प्रदेश उपाध्यक्ष जनार्दन मौर्य ने पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी, ताकि समारोह व्यवस्थित ढंग से हो सके। बैठक में रामलाल मौर्य, सुखपाल सिंह कुशवाहा, शिवसागर कुशवाहा, राजेंद्र सिंह कुशवाहा, सुनील कुमार मौर्य, श्यामाचरण मौर्य, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, अनुराग कुशवाहा, कौशल कुमार मौर्य, जीत नारायण मौर्य समेत अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेड़ से टकराया ट्रक, लगी आग से क्लीनर जलकर हुआ खाक, चालक कूदकर फरार

● ट्रक चालक की लापरवाही के चलते कोई घटना

स्वतंत्र प्रभात





**बरेली/नवाबगंज/** सीमेंट से लदा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पीलीभीत हाईवे पर खड़े एक पेड़ में जा घुसा। ट्रक के पेड़ से टकराने के बाद उसमें आग लग गई, ट्रक में लगी आग से क्लीनर की जलकर मौत हो गई, चालक कूदकर फरार हो गया।

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। मंगलवार की सुबह बरेली से एक ट्रक सीमेंट लेकर पूरनपुर जा रहा था। बरेली पीलीभीत रोड पर ग्राम घोरेरा के पास ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक पाकड़ के पेड़ से टकरा गया।

ट्रक के पेड़ से टकराने के बाद उसमें आग लग गई जिसकी चपेट में आकर ट्रक के क्लीनर 20 वर्ष के सौरभ पुत्र राजेश ग्राम उदरा थाना निगोही जनपद शाहजहांपुर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रक का चालक बीसलपुर जनपद पीलीभीत के मोनू फरार हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया।

**8 घंटे बाद निकाला गया शव**

मंगलवार की सुबह 4.30 बजे के करीब यह दर्दनाक हादसा हुआ था, लेकिन करीब 8 घंटे बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने क्रेन से ट्रक को खिंचवाया गया, तव कहीं जाकर क्लीनर सौरभ का शव ट्रक से बाहर निकाला जा सका। इस दौरान क्लीनर का शव ट्रक के अन्दर ही सुलगता रहा।

**शव निकाले जाने के बाद पुलिस पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम को भेजा।**

बताया जाता है मृतक सौरभ तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था, और पहली बार क्लीनर को ट्रक में आया था। बताया जाता है कि चालक को नींद आने से यह हादसा हुआ है।

## अधोमानक एवं गुणवत्ता विहीन सामग्री से कराया जा रहा नाला का निर्माण कार्य

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी,** कस्बा खीरी टाउन नगर पंचायत के अंतर्गत नाले व सड़क के दोनों ओर की नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। नाले व सड़क के दोनों ओर निर्माण कार्यमे घटिया सामग्री लगाने के साथ-साथ पीला ईंटों से निर्माण कराकर नाला निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार करने का मामला प्रकाश में आया है। यहां पर नाले नालियों मैं घटिया सामग्री व पीला एटा से निर्माण कार्य कराए जाने की चर्चाओं का बाजार गर्म है वहीं जिम्मेदार आंख कान बंद किए हुए हैं। बताते चले कि निर्माण कार्यों में पीला इटा के प्रयोग के साथ-साथ अन्य सामग्री भी घटिया किस्म व मानक विपरीत लगाई जा रही हैं। जिससे कि सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने के आरोपों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।उक्त निर्माण कार्यों जे इ व ठेकेदार की मिलीभगत से खेल किया जा रहा है। ऐसा नगर वासियों का आरोप है। लोगों की जुबानी सत्य माने तो इस भ्रष्टाचार के खेल को नगर पंचायत खीरी के वर्तमान अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी का संरक्षण प्राप्त होने की जन चर्चाओं का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है ।उपरोक्त दोनों तरफ निर्माण हो रहे अधो मानक घाटियां किस्म का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बताते चलें कि ठेकेदार व जे इ के गठजोड़ के चलते कस्बा खीरी में द्वअधो मानक नाली नाला का निर्माण कार्य कराकर सरकारी धन का लूट का खेल खेला जा रहा है और जिम्मेदार मौन साधे दिखाई पड़ रहे हैं। यदि उक्त मामले की कराई जाए निष्पक्ष जांच तो एक बड़े मामले का पर्दाफाश होगा।और सरकारी धन का बंदर बाट किये जाने का भी होगा खुलासा। अब देखना यह है कि उक्त मामले की जांच करा कर दोषी ठेकेदार व अन्य जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी या फिर अपना अपना हिस्सा पाकर मामलें की फाइल को बंद कर ठेकेदार को दे दिया जाएगा अभय दान ।इस मामलेमे सभासदों से बात की तो उन्होंने बताया की नगर पंचायत खीरी में भ्रष्टाचार तथा कमीशन खोरी की शिकायत नगर पंचायत के सभासदों के द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों से भी की गई। लेकिन नगर पंचायत खीरी के जिम्मेदारों पर जिसका कोई फर्क नहीं पड़ा जिसके कारण विकास कार्य शुरू होने से पहले कि उनका पेट भर दिया गया नगर पंचायत के अधिकतर सभासद नगर पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर काफी नाराज है। अधिकांश सभासदों का कहना है कि चेयरपर्सन प्रतिनिधि तथा अधिशासी अधिकारी की मनमानी के चलते हम लोगों की बात सुनी नहीं जाती है। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खीरी से जानकारी चाही तो फोन से संपर्क नहीं हो सका जिससे उनके पक्ष की जानकारी नहीं मिल सकी।

इस संबंध में जब नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खीरी से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो न0प0 खीरी अध्यक्ष प्रतिनिधि फ़हीम अहमद, अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार ने बताया कि नगर पँचायत द्वारा जारी विकास कार्य मानक के तहत ही किये जायेंगे।गुडवत्ता भी देखी जाएगी यदि काम मे किसी किस्म की लापरवाही बरती गई तो ठेकदार पर की जाएगी कार्यवाही।

# पेड़ से लटक आत्महत्या करने वाली किशोरी गर्भवती निकली, युवक ने किया था दुष्कर्म, गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर-** खीरी पसगंवा क्षेत्र के एक गांव में 12 मई की सुबह घर के पास पेड़ से 16 साल की किशोरी का शव लटका मिला था। पुलिस ने मौके पर पड़ताल कर शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस की छानबीन में परिजनों ने गांव के युवक रमाकांत पर किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया।

पुलिस ने आरोपी रमाकांत के विरुद्ध दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट, एससी-एसटी में मुकदमा दर्ज कर लिया। इस बीच पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि किशोरी गर्भवती थी। आरोपी रमाकांत ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। माना जा रहा है कि गर्भवती होने पर ही किशोरी ने आत्महत्या की थी।

पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद मंगलवार को आरोपी रमाकांत को गिरफ्तार कर लिया। पसगवां थाना पुलिस के अनुसार रमाकांत कुछ माह पहले किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। तब भी उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ। उसे कुछ माह जेल में भी रहना पड़ा। जेल से जमानत पर आने के बाद उसने फिर किशोरी को अपने जाल में फंसा लिया था।

# मोटरसाइकिल और मोबाइल की हुई लूट

स्वतंत्र प्रभात




गोला गोकरननाथ खीरी कोतवाली क्षेत्र की अलीगंज रोड पर कार सवार बदमाशों ने बाइक से घर लौट रहे एक युवक को रोककर उसकी बाइक और मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदियाना वसलीपुर निवासी अय्याज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह 18/19 की रात एक बजे अपने मित्र अनवार पुत्र मुन्ने निवासी कुकरा की बाइक से घर लौट रहा था। तभी अलीगंज रोड पर किसान भट्ठा के निकट स्कार्पियो नें पीछे से पीड़ित को ओवरटेक कर रोक लिया। तहरीर के मुताबिक दो बदमाश खाकी वर्दी और एक बदमाश सादे कपड़ों में था। उन्होंने पीड़ित को कई थप्पड़ मारकर बाइक, मोबाइल और आधार कार्ड लूट लिया। बदमाशों के चले जाने पर रात में ही अय्याज ने घर जाकर परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। बदमाशों की पिटाई से उसके कान का पर्दा फट गया । उसके सुनने की क्षमता चली गई है। पीड़ित ने तहरीर देकर घटना का खुलासा कर बाइक, मोबाइल, आधार कार्ड बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# आरसी जारी होने के विरोध में व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**पूरनपुर।** दुकानों का किराया जमा न करने पर जारी की गई आरसी के विरोध में दुकानदारों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिला पंचायत, नगर पालिका का विवाद निस्तारण होने तक जारी की गई आरसी वापस लेने की मांग की गई।

स्टेशन चौराहा से शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग तक सड़क उत्तर की जमीन कई साल पहले जिला पंचायत ने पांच हजार रुपये प्रति दुकानदार लेकर आवंटित की थी। धनराशि जमा करने के बाद व्यापारियों ने दुकानों का निर्माण कराया। जिला पंचायत दुकानदारों से 160 रुपये प्रति माह किराया वसूलती है।

व्यापारियों ने बताया कि सात साल तक किराया देने के बाद जमीन के स्वामित्व को लेकर नगर पालिका, जिला पंचायत और रेलवे ने अपना-अपना दावा ठोंकना शुरू कर दिया। मामला कोर्ट में चला गया। जिसके बाद जिला पंचायत और नगर पालिका के बीच अब भी कोर्ट में मामला चल रहा है। बावजूद इसके किराये को लेकर जिला पंचायत ने उन लोगों की आरसी जारी कर दी।

सोमवार को व्यापारी नेता हाजी लाडले के नेतृत्व में व्यापारियों ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी को सौंपा। ज्ञापन में मुकदमे में फैसला होने तक आरसी वापस लेने की मांग की गई। इस मौके पर जाकिर हुसैन, अली जान, मुस्ताक, सादिक, सरताज, जावेद, डंपी, इस्लाम, ताज मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# गन्ने की गुड़ाई करने गया किसान को मगरमच्छ नाले में खींच ले गया

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को मझगई क्षेत्र में मगरमच्छ के हमले की घटना सामने आने से मचा हड़कंप बताते चलें एक किसान को मगरमच्छ नाले में खींच ले गया। किसान खेत पर गन्ने की गुड़ाई करने गया था। इसी दौरान वह पेशाब करने नाले किनारे गया था। उसी वक्त उस पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। वन विभाग की टीम उसकी तलाश में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक नया पुरवा निवासी चौधरी मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे चौरी गांव के पास खेत में गन्ना गुड़ाई करने गए थे। पेशाब लगने पर वह खेत के पास नजदीक बह रहे नाले के पास गए थे। वहां पहले से मौजूद मगरमच्छ ने किसान पर हमला कर दिया। उन्हें दबोच कर नाले में खींच ले गया।

उनकी चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। जानकारी के मुताबिक नया पुरवा निवासी चौधरी मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे चौरी गांव के पास खेत में गन्ना गुड़ाई करने गए थे। पेशाब आने पर वह खेत के पास नजदीक बह रहे नाले के पास गए थे। वहां पहले से मौजूद मगरमच्छ ने किसान पर हमला कर दिया। उन्हें दबोच कर नाले में खींच ले गया।
उनकी चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी

सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम ग्रामीणों की मदद से नाले में चौधरी की तलाश कर रहे हैं, लेकिन शाम चार बजे तक उनका पता नहीं चल सका था। इस घटना से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं इलाके में दहशत का माहौल है।

# भारी सुरक्षा बल के बीच संपन्न हुआ मतदान

स्वतंत्र प्रभात





**बीकेटी-** सोमवार को उत्तर प्रदेश में 14 सीटों पर चल रहे लोकसभा चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। लखनऊ के लोकसभा मोहनलाल गंज अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भारी संख्या में मतदाता सुबह सात बजे ही अपने घरों से निकल कर मतदान स्थल पर पहुंचे जहां लंबी कतारें लगाकर मतदान करने के लिए काफी उत्साहित नजर आए। मोहन लालगंज लोकसभा अंतर्गत बीकेटी विधान सभा में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने को लेकर सुरक्षा बलों व क्षेत्रीय लोगो में चैन की सांस ली।

लोकसभा मोहन लाल गंज के विधान सभा बीकेटी में पड़े 65 प्रतिशत और भाग संख्या 168 मल्लाहन खेड़ा प्राथमिक विद्यालय बुथ पर 525 वोट में से 456 वोट क्व्रह सुधा सिंह प्रयास से डाला गया वही विकलांगों को भी वोट डालने में मदद करती दिखी

बीकेटी क्षेत्र में मतदाताओं में भीसड गर्मी व चिलचिलाती धूप के बावजूद देश की नई सरकार चुनने के लिए खासा उत्साह देखा गया। जहा लंबी कतारें लगाकर मतदान स्थल पर जमे रहे। लोगो ने कहा की तेज धूप में भी हम कतारों में लग कर पसीना बहाते हुए भी मतदान कर एक नई सरकार चुन कर राष्ट्र को समर्पित केरेंगे। वही शाम 6 बजे तक बीकेटी विधान सभा में करीब 65 प्रतिशत मतदान हो सका।

# पीलीभीत थाना घुंघचाई में मुकदमा दर्ज के बाद भी नहीं हुई आरोपीयों की गिरफ्तारी

स्वतंत्र प्रभात




**घुंघचाई।** नाबालिक किशोरी को अगवा करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया पीड़ित ने डीआईजी बरेली को शिकायती पत्र देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने डीआईजी को दिए गए शिकायती पत्र कहां है कि 28 अप्रैल को गांव के ही कुछ युवकों ने उनके नाबालिक पुत्री को गाड़ी में डालकर अगवा कर ले गए थे और उसके साथ दुराचार भी किया गया मामले की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन पुलिस कई दिनों तक टालमटोल करती रही कई बार कहने के बाद पुलिस ने लड़की और से पिपरिया माजरा निवासी सुमित, वरुन ,और हरिओम, लेकिन पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया काफी दिनों तक खाने के चक्कर लगाने के बाद पुलिस ने एक आरोपी सुमित को गिरफ्तार किया है जबकि मुकदमा संख्या 74 धारा 363 ,506 आईपीएस के तहत दर्ज कराया गया था जिसके दौरान विवेचना पीड़ित नाबालिक किशोरी धारा 164 सीआर ,श्पीश्सीश के बयानों के बाद पुलिस द्वारा केवल एक अपराधी को को गिरफ्तार किया गया। दो अपराधी पुलिस संरक्षण में खुलेआम घूम रहे हैं इसके अलावा दो और भी अभी खुलेआम घूम रहे हैं पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है। पीड़ित ने बताया कि जब पुलिस से गिरफ्तार करने के लिए कहा गया तो पुलिस ने कहा कि दो आरोपियों के विरुद्ध कोई साथ नहीं मिल रहे हैं जबकि पीड़ित का कहना है कि उनके नाबालिक पुत्री ने पियानो में तीनों आरोपियों पर अगवा कर दुराचार का आरोप लगाया था इसके बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में टालमटोल कर रही है पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी न करने को लेकर पीड़ित ने डीआईजी बरेली को शिकायती पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तार भी करने की मांग की है।

## पीलीभीत जिले की तहसील पूरनपुर क्षेत्र में बेखौफ अवैध खनन का कारोबार जारी

● आखिर किसके सरंक्षण में बेखौफ हैं खनन माफिया?

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र में नहीं रुक रहा मिट्टी खनन का धंधा

स्वतंत्र प्रभात




**पूरनपुर।** पूरनपुर माधोटांडा मार्ग पर रुरिया सलेमपुर के पास बड़े पैमाने म मिट्टी खनन कर पाटा जा रहा प्लाट कुछ दिन पहले मिट्टी खनन की सूचना पर पहुंचे नायाब तहसीलदार और लेखपाल पर हो चुके हैं हमले बाद में फिर धड़ल्ले से अवैध खनन कारोबार जोरों पर है

पूरनपुर तहसील के क्षेत्र में इन दिनों खनन माफियाओं के हौसले हैं बुलंद खनन माफियाओं को नही है शासन प्रशासन का कोई भी डर तहसील पूरनपुर और कोतवाली क्षेत्र मे रात के अंधेरे से लेकर दिन के 11 बजे तक आधा दर्जन ट्रालियां लगाकर खनन माफियाओं द्वारा किया जा रहा है खनन,

पीलीभीत जिलाधिकारी के शक्त आदेशों को नजरंदाज करते हुए बड़े पैमाने पर किया जा रहा अवैध खनन का धड़ल्ले से कारोबार परमिशन की आड़ में खनन माफिया कर रहे है उपजाऊ भूमि को नष्ट और बर्बाद ऑनलाइन 100 घन मीटर की परमीशन बनवाकर खनन माफिया हजारों घन मीटर मिट्टी उपजाऊ भूमि से मिट्टी खनन जोरों पर है।

# एसएमएस ने बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ में ह्युमनटीस व अप्लाइड साइंस विभाग (एचएएस) ने सभी शाखाओं के प्रथम वर्ष के बी0टेक0 छात्रों के लिए एक बेहद सफल अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में छात्रों के 100 से अधिक माता-पिता ने भाग लिया। जो छात्र विकास के प्रति मजबूत सामुदायिक जुड़ाव और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करता है। बैठक के दौरान माता-पिता को परीक्षण प्रतियां दिखाई गईं। जिससे उन्हें अपने बच्चों के शैक्षणिक विकास का पारदर्शी अवलोकन प्राप्त हुआ। इससे छात्रों की प्रगति और सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों के बारे में माता-पिता और शिक्षकों के बीच खुली और रचनात्मक चर्चा हुई। सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, शरद सिंह ने कहा कि हमारा मानना है कि हमारे छात्रों के समग्र विकास के लिए माता-पिता और शिक्षकों के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण है। डॉ0 भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी) और एसोसिएट निदेशक, डॉ0 धर्मेंद्र सिंह, डीन-डॉ0 पी0के0 सिंह एवं डॉ0 हेमन्त कुमार सिंह ने भी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। एचएएस विभाग के प्रमुख डॉ0 अजय सिंह ने इस तरह की व्यस्तताओं के महत्व पर जोर दिया, यह हमारे छात्रों के लिए एक सहायक और पारदर्शी शैक्षणिक यात्रा बनाने की दिशा में एक कदम होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ0 शृंखला श्रीवास्तव, डॉ0 वीडी त्रिपाठी, डॉ0 पुष्पांजलि सिंह, डॉ0 अनोद कुमार सिंह, रवि का अथक प्रयास रहा।

## पूर्व सैनिक एनसीसी में इन्स्ट्रक्टर के लिए करें आवेदन

**अलीगढ़,।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जिले के जेसीओ रैंक तक के सभी पूर्व सैनिकों को सूचित किया है जो 20 मई 2024 से दो वर्षों के अन्दर सेवानिवृत्त हुए हों और जिन्होने प्लाटून कमाण्डर कोर्स, सैक्सन कमाण्डर कोर्स एण्ड इक्वायवेलेन्ट, घातक, ड्रिल कोर्स, वैपन ट्रेनिंग कोर्स, मोर्टर कोर्स, एमएमओ एण्ड एजीआई कोर्स, एंटी टेंक कोर्स, आल आर्म्स सिंगनल कोर्स, एलडीसीटी या एलजीएसयू या यूआई कोर्स, ट्रूप कमाण्डर कोर्स एण्ड इक्वायवेलेंट, एटीसीएम कोर्स, स्नाइपर कोर्स, एडीपी कोर्स, डी एण्ड एम कोर्स, क्यूएम कोर्स में से कोई एक कोर्स किया हो साथ ही जिनका चरित्र उदाहरणीय व चिकित्सा श्रेणी सेफ-1 हो, वे यदि एनसीसी में इन्स्ट्रक्टर के रूप में कार्य करने के इच्छुक हों तो तत्काल जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें ताकि सम्बन्धित को सूची तैयार कर भेजी जा सके।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ता को मतगणना संबंधी तिथि, समय और स्थान निर्धारित

**भदोही 21 मई, 2024:-** रिटर्निंग आफिसर विशाल सिंह ने बताया कि 78-भदोही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ता को मतगणना संबंधी तिथि, समय और स्थान के संबंध में नोटिस, 78-भदोही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन-2024 के निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के नियम 51 के अनुसरण में, मैं एतद्द्वारा नोटिस देता हूं कि मैंने उक्त नियम के अनुसार तारीख 04 जून, 2024 प्रातः 08:00 बजे निर्वाचन क्षेत्र में मतों की गणना के लिए तिथि और समय निम्न स्थानों में गणन के लिये निर्धारित किया गया है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ठ विधानसभा क्षेत्र में 392-भदोही-नवनिर्मित ई0वी0एम0 गोदाम का बरामदा पश्चिम दिशा, कलेक्टेऊट भदोही, 393-ज्ञानपुर-नवनिर्मित ई0वी0एम0 गोदाम का बरामदा पूरब दिशा, कलेक्टेऊट भदोही, 394-औराई-न्यायालय कक्ष उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञानपुर के सम्मुख बरामदा, कलेक्टेऊट भदोही। ईटीपीबीएस, ईडीसी, पोस्टल बैलेट हेतु चकबन्दी न्यायालय कक्ष (ईटीपीबीएस की स्कैनिंग कार्य) चकबन्दी न्यायालय कक्ष के सम्मुख बरामदा कलेक्टेऊट भदोही। 257-प्रतापपुर-मुण्डेरा मण्डी समिति, प्रयागराज, 258-हण्डिया-मुण्डेरा मण्डी समिति, प्रयागराज स्थान निर्धारित किया गया है।

### तहसील कोल में लगेगा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

**अलीगढ़,।** अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तहसील परिसर कोल में 27 मई को अपरान्ह 3:30 बजे से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील स्तरीय आधिकारियों एवं बार एसोशिएशन के पदाधिकारियों व तहसील कोल के पराविधिक स्वयं सेवकगण के सहयोग से किया जाएगा।

प्राधिकरण सचिव ने बताया कि शिविर आने वाले वादकारियों, जनसामान्य, ग्रामवासियों, श्रमिकों, महिलाओं, बच्चों को शासकीय विभागों द्वारा चलायी जा रही सरकारी योजनाओं, तहसील स्तर पर चलायी जा रही शासकीय योजनाओं एवं विधिक सेवा कार्यक्रमों, 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत, एडीआर तंत्र, स्थायी लोक अदालत, मीडियेशन, लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिल सिस्टम की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह इस विधिक जागरूकता शिविर में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग कर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों।

### जवाहर पार्क पर अव्यवस्थाएं हावी, टहलने वाले लोग परेशान



**अलीगढ़,।** शहर वासियों के अच्छे स्वास्थ्य का पर्याय बना जवाहर पार्क अब खुद अव्यवस्थाओं पर आंसू बहा रहा है।इतना ही है यहां कभी कभी आने वाले लोग और व्यवस्था तंत्र की लापरवाही जनता की लगी हुई गाढ़ी कमाई को धोने पर लगे हुए है और ऐसी ही लापरवाही के चलते इस पार्क में बड़ी हुई घास में पनप रहे कीड़ों मकोड़ों से नियमित टहलने और योगा करने वाले उनके जहर के दंश का शिकार होना पड़ रहा है। वहीं मंगलवार की सुबह भी ऐसी ही घटना नियमित योगा करने वाले योग शिक्षक बॉबी बजाज के साथ घटी। योग के दौरान किसी जहरीले कीड़े ने उनके मुंह पर काट लिया। जिससे वहां नियमित टहलने और योग करने बालों में खासा आक्रोश है। वहीं करीब तीन दशक से पार्क आने वाले और मानव उपकार संस्था के चेयरमैन पंकज धीरज ने अव्यवस्थाओं पर अलीगढ़ मंडलायुक्त चेत्रा.वी.से पार्क की व्यवस्थाओं का निरीक्षण स्वयं करने की अपील की है,क्योंकि कार्यदायी अलीगढ़ स्मार्ट सिटी की वो हेड हैं। इस दौरान पार्क की अव्यवस्थाओं पर मानव महाजन, अश्विनी वार्ष्णेय,आर.पी.शर्मा,जगत सिंह यादव,धर्मेंद्र सिंह,विनीत कुमार बंटी,हर्षित कुमार,श्रीकृष्ण गुप्ता,सर्वेश गुप्ता,राजीव माहेश्वरी आदि ने भी चिंता व्यक्त करते हुए अति शीघ्र सुद्रण व्यवस्था करने की अपेक्षा व्यक्त की है।

# निर्भीक होकर 25 मई को भदोही लोक सभा के लिए मतदान करें- सत्य प्रकाश श्रीवास्तव

**● राजकीय पालिटेक्निक औराई में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही, 21 मई,24-** निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ राजकीय पालिटेक्निक औराई के प्रिंसिपल सत्य प्रकाश श्रीवास्तव ने डिप्लोमा के विद्यार्थियों को केंद्रीय संचार ब्यूरो,वाराणसी द्वारा भदोही लोक सभा क्षेत्र में चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में दिलाया।

उन्होंने कहा की मतदान सबसे बड़ा दान है हम सभी मतदाताओं का कर्तव्य है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाये रखते हुए 25 मई को भदोही लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव में अपना वोट दें।

क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, वाराणसी डॉ. लालजी ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप ) की जानकारी देते हुए मतदान के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक देश है यहाँ का मतदाता स्वयं अपने मतदान से अपनी सरकार चुनता है द्य मतदान का दिन हर मतदाता के लिए राष्ट्रीय पर्व और गौरव का दिन है द्य हर मतदाता के मतदान का का मूल्य एक समान है।

उन्होंने कहा कि मतदाता पहचान के विभिन्न विकल्प आयोग द्वारा दिए गये हैं जिसमें आधार, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस, फोटो युक्त पास बुक, मनरेगा जाब कार्ड आदि हैं।

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप ) कार्यक्रम में समूह चर्चा, संवाद, गोष्ठी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ साथ ही मतदाता शपथ दिलायी गयी और हस्ताक्षर अभियान के तहत प्रतिभागीयों ने हस्ताक्षर किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में हिमांशु चौबे, साक्षी केसरी, अंजू गौतम,, विवेक यादव, और रिया मौर्या तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नितिन ओझा, अनुराधा यादव,, आशा पाल,करषिका एवं अरीशा को पुरस्कार प्रदान किया गया द्य कार्यक्रम में पालिटेक्निक के प्रवक्ता, धीरेन्द्र मौर्या, दुर्गेश नंदनी, सुजीत यादव, पूनम पाण्डेय, कंचन और नम्रता सिंह और श्याम देव, सुदामा आदि उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा भदोही के प्राथमिक विद्यालय पट्टी बेजाव (कन्तीरामपुर) सहित विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर तैयारियों का किया अवलोकन



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 21 मई, 2024:-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्टेऊट विशाल सिंह ने प्राथमिक विद्यालय पट्टीबेजॉव (कन्तीरामपुर)वि0 क्षे0 सुरियावॉ भदोही में विभिन्न पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान तिथि 25 मई को मतदाताओं के लिए मतदान केदों पर किए गए, आधारभूत सुविधाएं जैसे शीतल पेयजल, छायादार विश्राम स्थल ,शौचालय, रैंप, वॉलिंटियर्स, कक्ष में पर्याप्त रोशनी, आदि की जानकारी ली। साथ ही साथ क्रिटिकल बूथ पर किए गए व्यवस्था माइक्रोआब्जर्वर, वेवकास्टिंग, सीसीटीवी, सीपीएमएफ सुरक्षा बल आदि बिंदुओं पर गहनता से निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदाताओं को अविलम्ब मतदाता पर्ची व वोटर गाइडलाईन अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाये। जिससे मतदाताओं को यह स्पष्ट रहें कि उनका मतदान किस मतदान केन्द्र के किस बूथ पर पड़ना है।

निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कुंवर विरेन्द्र मौर्य, उप जिलाधिकारी भदोही शिव प्रकाश उपस्थित रहे।

## सामान्य प्रेक्षक ने विधानसभा औराई के भाला, सरबतखानी, झौवा, भरतपुर, दवनपुर, त्रिलोकपुर, पीपरगांव सहित विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर तैयारियों का किया अवलोकन

**● व्यय प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक ने भयमुक्त व प्रलोभनमुक्त, सुरक्षित वातावरण में निर्वाचन संपन्न कराने हेतु जनमानस को किया अस्वासत**



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 21 मई 2024:-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त मा0 प्रेक्षक-सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम द्वारा विधानसभा औराई के प्राथमिक विद्यालय भाला, सरबतखानी, झौवा, भरतपुर, दवनपुर, त्रिलोकपुर, पीपरगांव सहित विभिन्न बूथों का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का स्थलीय अवलोकन किया गया।

सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम ने विधानसभा औराई में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व तहसीलदार के साथ प्राथमिक विद्यालय भाला, सरबतखानी, झौवा, भरतपुर, दवनपुर, त्रिलोकपुर, पीपरगांव सहित विभिन्न मतदान केद्रों व बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मा0 प्रेक्षक ने मतदान तिथि 25 मई को मतदाताओं के लिए मतदान केदों पर किए गए आधारभूत सुविधाएं जैसे शीतल पेयजल, छायादार विश्राम स्थल, शौचालय, रैंप, वॉलिंटियर्स, कक्ष में पर्याप्त रोशनी, आदि की जानकारी ली। साथ ही साथ क्रिटिकल बूथ पर किए गए व्यवस्था माइक्रोआब्जर्वर, वेवकास्टिंग, सीसीटीवी, सीपीएमएफ सुरक्षा बल आदि बिंदुओं पर गहनता से निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएलओ के माध्यम से सभी मतदाताओं को अविलम्ब मतदाता पर्ची सूची व वोटर गाइडलाईन अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाये। जिससे मतदाताओं को यह स्पष्ट रहें कि उनका मतदान किस मतदान केन्द्र के किस बूथ पर पड़ना है।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**● नाबालिग अपहृता सकुशल बरामद**

स्वतंत्र प्रभात

थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत वादी की नाबालिग पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष को आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना के सम्बन्ध में दिनांक-10.05.2024 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-50/2024 धारा-363 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत कर त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गयी।

डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराधों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रवि गौतम पुत्र विजय गौतम उर्फ़ बृजलाल गौतम निवासी भुड़की थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही को आज दिनांक-21.05.2024 को मुखबिर की सूचना के आधार पर वेदपुर तिराहा ग्राम वेदपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। पंजीकृत अभियोग में साक्ष्य संकलन, मेडिकल परीक्षण व बयान के आधार पर विवेचना के क्रम में दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आने पर विधिक कार्यवाही करते हुए पंजीकृत अभियोग में धारा- 366,376 भा0द0वि0 एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।




## जिलाधिकारी ने लिखी पाती, मतदान के लिए अवश्य आना साथी

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप विशाल कुमार के दिशा निर्देश पर जनपद में वृहद मतदाता जागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहा है स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल कूद, क्रिकेट मैच वालीबाल स्टीकर, पोस्ट, मतदाता सेल्फी प्वाइंट ,मतदाता हेल्प डेस्क, वोट फार रन रैली, मानव श्रृंखला गैस सिलेंडरों पर स्टिकर लगाकर डाक्टर के पर्ची पर 1 जून को मतदान के लिए मोहर लगाकर, मीरजापुर का नक्शा बनाते हुए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता जागरूकता रैली, अनेकों मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य जनपद में मतदान प्रतिशत को 75 प्रतिशत प्लस करना है मतदाता जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा जनपद के समस्त मतदाताओं एवं 60 प्रतिशत से कम वोट वाले मत देय स्थलों में विशेष जागरूकता अभियान हेतु सभी मतदाताओं को मार्मिक अपील जारी किया गया है जिसमें लिखा गया है कि ''जिलाधिकारी ने लिखी पाती, मतदान के लिए 1 जून को अवश्य आना साथी,, इससे यह प्रतीत होता है कि जिला प्रशासन लोकतंत्र के इस महापर्व पर कितनी संजीदगी एवं निष्पक्ष मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए एवं लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपना अभियान चला रहा है।

## विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा जनपदवासियों से 100 प्रतिशत मतदान करने की, की गई अपील

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यों ने 1 जून को मीरजापुर जनपदवासियों से 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील के साथ जगह जगह स्टिकर्स लगाकर प्रचार -प्रसार कर रही है । विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट जो समर्पित है रक्तदान के क्षेत्र में इसलिये अपने स्लोगन में .... पहले मतदान , फिर जलपान उसके बाद करे रक्तदान को आम जनमानस तक प्रसारित करा के जागरूक किया जा रहा है।

इसी परिपेक्ष्य में आज संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन , अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल एवं मेडिकल कालेज प्रचार्य डॉ आर बी कमल से मुलाकात किया । संस्था के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी ने मीडिया से बताया कि अपनी संस्था मतदान दिवस के दिन एक सराहनीय पहल रक्तदान भी करवाने का काम करेगी क्योंकि जितना जरूरी मतदान है राष्ट्र हित मे उतना समाज हित मे रक्तदान तो क्यों न लोगो से अपील करके नेक काम मे आगे लाये । मतदान दिवस के दिन सभी फ्री ही रहते है दुकान , ऑफिस कालेज जाने वाले लोगो को समय का अभाव रहता है जिनके लिए 1 जून मतदान के बाद रक्तदान एक अच्छा अवसर रहेगा।

मौके पर- संस्था के सहसचिव दीपक गुप्ता, कार्य. सदस्य हिमांशु कसेरा, विनय ऊमर सदस्य मोहित कसेरा, अक्षत गुप्ता, आदित्य बरनवाल, अमन कुमार, कीरत सिंह, रौनक कसेरा आदि लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में पदाधिकारीओ का हुआ चयन

स्वतंत्र प्रभात



**हलिया।** लालगंज तहसील क्षेत्र के विभिन्न अखबारों के पत्रकारों की ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार को रतेह चौराहा स्थित बीपीसी जूनियर हाईस्कूल स्कूल में तहसील अध्यक्ष राम मुर्ति पांडे की अध्यक्षता में बैठक के दौरान पदाधिकारी का चयन किया गया तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की आईडी पहना कर बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अजय कुमार ओझा ने संगठन के सदस्यों को प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन अंकित मिश्रा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया । इस दौरान क्षेत्र में आने वाली समाचार संकलन की समस्याओं को संगठन के जिला अध्यक्ष के समक्ष पत्रकारों ने जाहिर की इसके निवारण के लिए जिला अध्यक्ष ने हमेशा तैयार रहने की बात कही संगठन के मजबूती पर उन्होंने जोर देते हुए कहा कि संगठन में रहने वाले किसी सदस्य के साथ यदि कोई दुर्व्यवहार होता है तो उसके लिए संगठन पुरजोर लड़ाई लड़ेगा

इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के लालगंज तहसील अध्यक्ष राममूर्ति पांडे , जिला कार्यकारिणी में राकेश त्रिपाठी, गिरजाशंकर तिवारी,अमरेश दूबे, अभय नारायण तिवारी, उपाध्यक्ष प्रविण तिवारी, सभा शंकर पांडे, महामंत्री धिरेन्द्र प्रताप सिंह, महामंत्री संतोष कुमार पांडे, कोषा अध्यक्ष नवनीत वर्नवाल, संगठन मंत्री दिलीप कुमार दूबे, सचिव मिथिलेश तिवारी, मीडिया प्रभारी रमेश शुक्ला, संरक्षक राकेश कुमार मिश्रा, संजीव कुमार, अंकित मिश्रा , संमानित सदस्य में हरि भूषण शुक्ल , मुन्ना सिंह, नरेंद्र कुमार मिश्रा, संजीव कुमार केसरी आदि पत्रकारों को पदाधिकारी मनोनीत किया गया है ।

## आक्रोशित महिलाओं ने देसी शराब के ठेके से जलाया 40 पेटी देशी शराब

स्वतंत्र प्रभात



**चील्ह मीरजापुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र चील्ह अंतर्गत सारीपट्टी गांव स्थित देसी शराब की दुकान से महिलाओं ने 40 पेटी देशी शराब को जलाकर नस्ट कर दिया। देशी शराब की अनुज्ञापी रीता दुबे ने चील्ह थाना में एक व्यक्ति को नामजद सहित अज्ञात महिलाओं पुरुषों को खिलाफ चील्ह थाना में तहरीर दिया। सागरपुर गांव के नाम से शराब की दुकान सारीपट्टी गांव में बसंत बिन्द के घर में चलाया जा रहा है, जिसको लेकर दुकान से सटे प्रजापति पुर गांव की महिलाओं को वर्षो से आपत्ति है। प्रजापितपुर गांव की महिलाओं का आरोप है की गांव से सटा देसी शराब की दुकान से गांव घर के अभिभावक , नवयुवक तथा बच्चे को शराब की लत पड़ गई है। जिससे प्रतिदिन घरों में लड़ाई, मारपीट होती रहती है, शराब के नसे में महिलाओं व बच्चों से आए दिन छींटा कसी करते रहते है, आर्थिक संकट का भी सामना करना पड़ता है। जिससे आक्रोशित महिलाओं व शराब की दुकान के आसपास के लोगों द्वारा कई बार दुकान हटाने की मांग की गई। दुकान को अन्यत्र खोलने को लेकर मंगलवार को सुबह लगभग 9–30 बजे भारी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे बूढ़े दुकान पर पहुंचकर दुकान के बोर्ड तथा दुकान को छतिग्रस्त करते हुए दुकान में रखे 40 पेटी देशी शराब दुकान से बाहर निकाल कर जलाकर नष्ट कर दिया। जिसकी कीमत लगभग सवा लाख रूपया बताई जा रही है। महिलाओं और पुरुषों की भारी भीड़ को देखते हुए सेल्समेन संतोष कुमार ने स्थानीय पुलिस को सूचित किया। मौके भारी संख्या में पुलिस ने लोगों को हटाया और शांति व्यवस्था कायम की। उक्त संबंध में देसी शराब की अनुज्ञापी रीता दुबे ने चील्ह थाना में सागरपुर गांव के मदवा पुत्र दिना सहित अज्ञात महिलाओं, पुरुषों के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## मोतिहारी पीएम मोदी ने विकास कार्यों को गिनाकर राजद-कांग्रेस पर बोला हमला

स्वतंत्र प्रभात





**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने आज मोतिहारी में चुनावी सभा को संबोधित किया और एनडीए प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने मोतिहारी में किए गए कामों को गिनाया। उन्होंने कहा कि यहां केविवि बने हैं, डेयरी फार्म खुला है, रेलवे स्टेशन का उन्नयन हो रहा है। इसके साथ ही कई बड़े काम हुए हैं। क्या इससे लोगों को रोजगार नहीं मिला है, लोगों की आमदनी नहीं बढ़ी है।मोतिहारी में आज को जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मैने सुना है कि यहां कोई घूम-घूम कर कह रहा है कि चार जून के बाद मोदी को बेड रेस्ट होगा। मैं तो परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि मोदी तो क्या देश के किसी भी नागरिक के जीवन में बेड रेस्ट की नौबत नहीं आनी चाहिए। हर नागरिक का जीवन उत्सव से भरा हुआ हो। लेकिन जंगल राज के वारिस से और अपेक्षा भी क्या की जा सकती है। कांग्रेस वाले क्या कहते हैं मोदी तेरी कब्र खुदेगी, यूपी के शहजादे क्या कहते हैं कि मोदी के आखिरी दिन हैं,इसीलिए बनारस को चुना है।इस चुनाव में इन लोगों के पास मोदी को गाली देने का सिवाय कोई मुद्दा नहीं है। कोई कह रहा है कि मोदी की कब्र खोदेंगे,कोई कह रहा है मोदी को गाड़ देंगे। कांग्रेस के शहजादे मोदी की आंखों में आसूं देखना चाहते हैं। अरे इंडी वालों देश के दिल में मोदी है, हर दिल में मोदी है। इसलिए हर दिल कह रहा है एक बार फिर से मोदी सरकार।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि पांच चरण का चुनाव पूरा हुआ है। पहले चरण में इंडी गठबंधन पस्त हो गया है। इसके बाद में इंडी गठबंधन ध्वस्त हुआ और अब कल जो पांचवा चरण हुआ है उसमें इंडी गठबंधन पूरी तरह से परास्त हो चुका है। खुद को जनता माई-बाप समझने वाले, जनता इन्हें ऐसी करारी हार देगी कि दुनिया देखती रह जायेगी। हर चुनाव में कांग्रेस राजद जैसे दलों पर जनता जोर का प्रहार कर रही है। 4 जून को इंडी वालों के इरादों पर सबसे बड़ा प्रहार होगा, ये प्रहार होगा देश में भ्रष्टाचार पर, तुष्टिकरण की राजनीति पर, टूकड़े गैंग पर, समाज को लड़ाने वाली गंदी सोच पर, सनातन को गाली देने वाली विकृत मानसिकता पर, अपराधी माफिया-जंगलराज पर। ये प्रहार होगा महिला विरोधी मानसिकता पर ।पीएम मोदी ने कहा कि चम्पारण में बापू ने सत्याग्रह और स्वाच्छाग्रह का प्रयोग किया था। आजादी के इसी से प्रेरणा लेकर कांग्रेस को देश में सफाई के लिए आंदोलन करना चाहिए था। लेकिन कांग्रेस ने आजादी के साठ साल बर्बाद किए । आपने जब गरीब मां के बेटे को सेवा करने का अवसर दिया, 60-70 बाद जब मोदी आया तब घर-घर शौचालाय आया । मैं गरीब मां का बेटा हूं, इसलिए पता है कि शौचालय नहीं होने से महिलाओं को कितना कष्ट काटना पड़ता था। ये मोदी है जिसने हर घर में गैस पहुंचाने का बीड़ा उठाया । ये मोदी है जो हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है। कांग्रेस और राजद जैसे साथियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ तरसाकर रखा। गरीब और गरीब होता है। इन साठ सालों में इन लोगों ने बड़े बड़े महल बना लिए, स्वीस बैंक में अकाउंट खुल गए। आपके पास पेट भरने को अन्न नहीं था। इनकी तिजोरी में नोटों की गड्डी,नोटों के पहाड़ हैं। इनके बच्चे विदेशों में जाकर पढ़ते रहे। गरीब मुश्किल में था लेकिन कांग्रेस-राजद वालों को कोई फर्क नहीं पड़ता था। गरीब की पूछ तब शुरू जब गरीब का बेटा प्रधान सेवक के रूप में आपकी सेवा में खपने लगा ।पिछले दस साल में मोदी का बहुत सारा समय पिछली सरकारों के गड्ढे भरने में लगे।10 सालों में जितना काम हुआ है उससे ज्यादा काम अगले पांच सालों में होगा। ये मोदी की गारंटी है।

## जलती चिता से निकाला शव, छह के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** थाना गांधीपार्क क्षेत्र के गांव भूड़ा किशनगढ़ी में एक मजदूर की हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जलती चिता से शव को बाहर निकाला। शिनाख्त न होने पर शव को मोर्चरी भेज दिया। पुलिस ने गांव के ही युवक की तहरीर पर तीन नामजद समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। गांव भूरा किशनगढ़ी में निवासी उमेश घर के घर पर एक मजदूर काम करता था। पुलिस को सूचना मिली कि मजदूर का गांव में किसी से विवाद हो गया था।

इसके बाद उसको पीटा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद ग्रामीण उसके शव का संस्कार करने श्सशानघाट पहुंच गए। सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को जलती चिता से बाहर निकाला। जब तक मजदूर के शव का कुछ हिस्सा जल चुका था। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। जांच पड़ताल करते हुए सूचना देने वाले की तहरीर पर पुलिस ने गांव के उमेश, भोला, रोबिन व तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। एसएसआई गांधीपार्क के अनुसार मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी को बड़ी राहत



### आय से अधिक संपत्ति मामले में हाई कोर्ट ने स्थगित की सजा!

**प्रयागराज।** आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी को इलाहाबाद हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने उनकी जमानत मंजूर कर ली है और सजा को स्थगित कर दिया है। मुकदमे के तथ्यों के अनुसार 18 जून 2013 को पूर्व मंत्री के खिलाफ इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के मुट्ठीगंज थाने में आय से अधिक संपत्ति मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोप लगाया गया था कि बसपा सरकार में मंत्री रहते उन्होंने ज्ञात आय से अधिक की संपत्ति अर्जित की है। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट प्रयागराज ने मामले में राकेश धर को दोषी मानते हुए तीन साल के कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसे याचिका में चुनौती दी गई थी।

## प्रयागराज के पौराणिक विरासत की दर्शनीय संप्रभुता अति आवश्यक- दुर्गेश दुबे



**प्रयागराज।** भारतीय सांस्कृतिक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गेश दुबे के अल्लापुर स्थित निवास पर परिषद् की बैठक आहुत की गयी। शास्त्रों एवं धर्म ग्रन्थों में लिखित पौराणिक नगर प्रयागराज के अन्यान्य धर्म स्थल को दर्शनीय बनाने एवं उनकी खोज कर विश्व पटल पर प्रयागराज के महात्म्य के साथ प्रकाशित एवं दर्शन योग्य प्रदर्शित करने के विषय पर गहन चर्चा हुई। पौराणिक साक्ष्य के माध्यम से विलुप्त आध्यात्मिक एवं दैवीय स्थानों को पूर्ण संप्रभुता प्रदान कराने हेतु बैठक में उपस्थित समस्त गणमान्य जन, धर्माचार्यों , बौद्धिक महापुरुषों ने समवेत स्वर में समर्थन दिया और उसके निमित्त शासन-प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से विषय को स्पष्टरुप से सौंपने पर निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ शम्भूनाथ त्रिपाठी'अंशुल' जी ने किया। बैठक में शशी शेखर तिवारी, सुरेन्द्र नाथ मिश्रा अपर शासकीय अधिवक्ता, आचार्य शिवम् नन्दन त्रिपाठी, आचार्य आनंद त्रिपाठी, प्रभाकर द्विवेदी, सिद्धार्थ सिंह अधिवक्ता, शैलेन्द्र कुमार मिश्र, राजेन्द्र कुमार तिवारी'दुकान जी, कमलेश दुबे, ख्यातिलब्ध भजन गायक रत्नेश दुबे, डॉ बी के सिंह, आदि महानुभावों ने अपने विचार व्यक्त किये। भारतीय सांस्कृतिक परिषद के महानगर अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्त ने प्रयागराज की अपार महिमा ÷को कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ÷ का गुणगान कर उपरोक्त विषय पर अपने मत रखे। वर्षभर आने वाले श्रद्धालुओं और संगम स्नानार्थियों को प्रयागराज के पर्यटन से जोड़ने हेतु शासन की स्पष्ट नीति पर चर्चा हेतु आगे की रणनीति पर चर्चा भी हुयी।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गोष्ठी



**प्रयागराज।** स्वर्गीय राजीव गांधी के 33वी पुण्यतिथि पर अपनें आवास फूलपुर पर ही जी के द्विवेदी राजाबाबू वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने सबसे युवा प्रधान मंत्री भारतरत्न स्व.राजीव गांधी जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुये बताया कि राजीव गांधी जी आधुनिक भारत के शिल्पी थे,जिन्होंने 19 सदी मे ही भारत को 21वी सदी मे ले जानें का सपना देखा था।वे पंचायती राज,महिला सशक्तिकरण एवं सूचना क्रान्ति के जनक थे।18वर्ष के युवाओं को पहली बार मतदान का अधिकार दिलाया था। 21 मई 1991में श्रीपेरंबदूर मेआत्मघाती बम से अलगाववादी संगठन लिट्टे के द्वारा राजीव जी की की हत्या कर दी गयी थी।भारत के ऐसे सच्चे सपूत जिन्होने भारत की एकता और अखण्डता के लिये अपना बलिदान दे दिया था की पुण्य तिथि पर सादर नमन करते हैं और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। गोष्ठी मे मुख्यतः कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा ए. के. मिश्रा होमियोपैथ, अशोक कुमार मिश्रा, अनुपम द्विवेदी पूर्व सभासद, मो.अकरम,मुस्तफ़ा इद्रीसी नायब, जगदीश तिवारी,विनोद कुमार बिंद ,प्रधान देवराज बिन्द और जनाब अख्तर अली, तथा राजूत्रिपाठी,आदि थे जिन्होंने माल्यार्पण कर अपनें अपने विचार रखे।गोष्ठी की अध्यक्षता कमलाकान्त मिश्रा ने किया और संचालन अनुपम द्वेदी पूर्व सभासद एवं पूर्व जिलासचिव कांग्रेसने किया।


# सपा कांग्रेस का देश के विकास से 36 का आंकड़ा उनसे विकास हो ही नहीं सकता, संविधान को खतरा इन्डी गठबंधन से है: नरेंद्र मोदी

**●2024 का चुनाव तय करेगा कि भारत के भविष्य की त्रिवेणी किधर बहेगी।**

**प्रयागराज में गारंटी देने आया हूं कि पिछड़ों दलितों के आरक्षण की व्यवस्था कोई नहीं छीन सकता।**

**बीजेपी उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी और प्रवीण पटेल को जीतने की मोदी ने की अपील।**





स्वतंत्र प्रभात

**दयाशंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस से से देश का विकास हो ही नहीं सकता इनके पास ना तो देश के विकास का एजेंडा है ना उद्देश्य यह लोग झूठ फैलाकर सत्ता हासिल करना चाहते हैं। इन्डी गठबंधन से देश के संविधान को खतरा है ना कि बीजेपी से। प्रधानमंत्री मोदी प्रयागराज के परेड ग्राउंड में एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

**प्रयागराज की जनता से अच्छा कौन जानता है।**

उन्होंने कहा की संविधान को किससै खतरा है यह प्रयागराज की जनता से कौन अधिक जानता है। उन्होंने याद दिलाया कि यही प्रयागराज है जहां श्रीमती इंदिरा गांधी चुनाव में भ्रष्टाचार का करने के कारण उच्च न्यायालय द्वारा उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई थी। और उन्होंने अपनी कुर्सी बरकरार रखने के लिएदेश में आपातकाल लगा दिया था। जिसका दर्द पूरे देश को झेलना पड़ा। लेकिन कांग्रेस के शहजादे और इन्डीगठबंधन उस पाप को छुपाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पर झूठा प्रचार कर रहे हैं कि बीजेपी की सरकार बनी तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा ।संविधान हिंदी गठबंधन के सत्ता के आने पर खतरे में पड़ेगा ना की भारतीय जनता पार्टी से।

**सपा सरकार की कुशल की याद दिलाया।**

मोदी ने कहा की याद करिए समाजवादी पार्टी का शासन जब मेहनत और योग्यता से प्रदेश के नौजवान परीक्षा पास करने के बाद नौकरी नहीं पाते थे और घूस देने वालों को नौकरी मिल जाती थी। लोक सेवा आयोग परिवार सर्विस कमीशन बन गया था जिसमें एक ही जाति के लोगों का चयन होता था। प्रदेश में माफिया राज का बोल वाला था ।कमजोर लोगों की जमीन कब्जा करके माफिया लोग अरबों खरवो की संपत बना लिए थे ।महिलाएं और बच्चे घर से निकलने में डरते थे अपहरण और फिरौती का धंधा जोरों पर था प्रयागराज से गाजीपुर तक गुरो और मात्राओं का राज था।

लेकिन जब से भारतीय जनता पार्टी का शासन और योगी मुख्यमंत्री बने माफिया राज का धीरे-धीरे सफाया हो गया। और यह सब समाजवादी पार्टी के सदस्य और नेता बन गए थे आज भाजपा के शासन में ना किसी व्यापारी से फिरौती मांगी जा रही है ना ही महिलाओं का और बच्चों का अपहरण हो रहा है।

**संविधान खतरे का झूठ फैला रहे हैं गठबंधन के नेता।**

मोदी ने कहा कि संविधान को लेकर गठबंधन के लोग भ्रम फैला रहे हैं झूठ फैला रहे हैं ।कर्नाटक में ओबीसी और दलित का कोटा छीनकर मुसलमान को दिया जा रहा है यह मॉडल कांग्रेस पूरे देश में लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की धरती पर मैं गारंटी दे रहा हूं कि मेरे रहते हुए दलित और पिछड़ों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का विकास और और सुशासन से 36 का आंकड़ा है। सनातन धर्म को को यह लोग डेंगू और मलेरिया कहते हैं राम मंदिर का उद्घाटन का निमंत्रण इसलिए केवल ठुकरा दिए कि इनका वोट बैंक खतरे में हो जाएगा ।याद करिए 2017 के पहले प्रयागराज का ऐतिहासिक कुंभ मेला । पहले इस मेले में पर्व के दिन भगदड़ होती थी अ व्यवस्था से लोग में दब कर कुचल करके मर जाते थे जिसका कोई हल नहीं होता था ।लेकिन भाजपा के शासन में हुए कुंभ मेले की व्यवस्था से न केवल मेला दिव्या हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने व्यवस्था की सराहना की।

**प्रयागराज का आशीर्वाद ब्रह्मांड का आशीर्वाद होता है।**

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत में प्रयागराज की महिमा का वर्णन करते हुए कहा यह तपोभूमि है यह कुंभ की भव्यता की भूमि है कटरा के कचौड़ी की और समोसे के स्वाद की भूमि है तो भारद्वाज आश्रम और लेटे हुए हनुमान जी की भूमि है। एक तरफ हनुमान जी हैं तो दूसरी तरफ आलोप शंकरी माता जी हैं। इसलिए तीर्थराज का आशीर्वाद जिसको मिल जाए इसका मतलब पूरे ब्रह्मांड का आशीर्वाद मिल गया।

**भारत की पहचान विकास से हो रही है।**

उन्होंने कहा भारत की पहचान एक्सप्रेस वे इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल टेक्नोलॉजी से पूरी दुनिया में हो रही है। भाजपा सुशासन विकास और आस्था पर आधारित व्यवस्था पर विश्वासकरती है।

उन्होंने कहा कि भारत का कोना-कोना जानता है इस देश का विकास इन्हीं गठबंधन की सरकार से नहीं होने वाला। सनातन धर्म को डेंगू और मलेरिया करने वाले इस देश की आस्था को क्या जिंदा रख सकते हैं।

हम सभी राष्ट्रभक्तों का सम्मान करते हैं।

मोदी ने कहा कि हम न केवल बीजेपी के बल्कि किसी भी दल के राष्ट्रभक्ति और आजादी में योगदान देने वाले नेताओं का सम्मान करते हैं ।इसका उदाहरण गुजरात में सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊंची स्टैचू का है जो कांग्रेस में थे लेकिन उनकी स्टैचू मैंने वहां लगवाई जो दुनिया के के लिए एक यादगार है। लेकिन कांग्रेस के लोग उसे मूर्ति की तरफ देखना नहीं पसंद करते क्योंकि उसे मूर्ति की छाया से उनका कद घट जाएगा। और वह अपने परिवार के अलावा किसी का आजादी की लड़ाई में योगदान मानते नहीं है। उन्होंने कहा की एक तरफ पूरे देश को एक्सप्रेसवे और विकास से जोड़ने का काम सरकार ने किया तो दूसरी ओर द्द20 का सम्मेलन करके पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शहजादे तो चाहते हैं कि कश्मीर में धारा 370 बहाल हो गरीबों और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त करके उसको वोट बैंक के लिए दूसरे के को देने के लिए संविधान में अगर संशोधन करना होगा कर देंगे । उनको भारत के विकास और क्षमता में विश्वास नहीं है बल्कि यह भारत की आलोचना करने के लिए विदेश में जाकर के भारत को नीचा दिखाने का काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव या सिद्ध करेगी की भारत के भविष्य की त्रिवेणी किस तरफ बहेगी।

उन्होंने अंत में इलाहाबाद के भाजपा उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी तथा फूलपुर लोकसभा के उम्मीदवार प्रवीण पटेल को जीताने की अपील करते हुए कहा कि यदि आप मोदी का शासन चाहते हैं तो मजबूत बहुमत दीजिए और इन लोगों को जिताइए।

मोदी का यहां पहुंचने पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव साहब मौर्य ने गदा देकर स्वागत किया और साधु संतों द्वारा मंत्र उच्चारण करके मंच पर स्वागत किया गया । मोदी को दोनो प्रत्यासी प्रवीण पटेल और नीरज त्रिपाठी ने प्रयागराज का स्मृति चिन्ह भेंट किया कार्यक्रम का संचालन इलाहाबाद की सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने किया। प्रधानमंत्री मोदी का मंच पर अनुप्रिया पटेल फूलपुर की संसद भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# न्यायाधीश कक्ष में वादकारी दंपती से मारपीट करने वाला अधिवक्ता गिरफ्तार!

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** न्यायाधीश कक्ष में वादकारी दंपती से मारपीट करने के आरोपी अधिवक्ता रणविजय सिंह को पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया। रणविजय पर मुकदमे में पैरवी करने आई करेली निवासी महिला और उसके पति को कोर्ट के भीतर साथियों संग मिलकर पिटाई करने का आरोप है। हाईकोर्ट ने सभी आरोपी अधिवक्ताओं के जिला न्यायालय में प्रवेश पर रोक लगा रखी है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की खोजबीन में जुटी थी। गत दिनों जनपद न्यायालय स्थित सिविल न्यायालय में एक केस की सुनवाई के दौरान वादकारी दंपती को मारने पीटने और अदालत के कामकाज में बाधा पहुंचाने के मामले का हाईकोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार किया था। आरोपी अधिवक्ताओं की किसी भी अदालत में प्रैक्टिस और कोर्ट परिसर में घुसने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने जिला जज इलाहाबाद से सीसीटीवी के साथ विस्तृत रिपोर्ट अदालत तलब करते हुए आरोपी वकीलों के अलावा घटना में शामिल लोगों की पहचान कर आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है।

सिविल जज की शिकायत पर जिला जज की ओर से भेजी गई रिपोर्ट का संज्ञान लेने के बाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने यह सख्ती बरती है। उधर, जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से आरोपी अधिवक्ता रणविजय सिंह, मो. आसिफ, मो. महताब और आफताब सहित 10 अधिवक्ताओं की बार संघ से सदस्यता समाप्त कर दी है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने आरोपी अधिवक्ता रणविजय और मो. आसिफ के खिलाफ अपराधिक अवमानना का नोटिस भी जारी किया है। साथ ही जिला जज से घटना सीसीटीवी फुटेज की जांच करने और आरोपियों के अलावा घटना में शामिल वकीलों और अन्य लोगों की पहचान कर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है।गौतलब है कि सोमवार को जिला न्यायालय इलाहाबाद में सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी की अदालत में त्वरित सुनवाई को लेकर कुछ वकीलों के साथ आरोपी अधिवक्ता रणविजय सिंह, मो. आसिफ, मो. महताब और आफताब ने कोर्ट में घुस कर वादकारी दंपत्ति के साथ मारपीट शुरू कर दी थी। यह देख पीठासीन अधिकारी को कोर्ट से काम छोड़ कर उठना पड़ा। वादकारियों पर हमलावर वकील फिर भी नहीं माने तो दंपती जज के चैंबर की ओर भागे तो वहां से भी हमलावरों ने उन्हें खींच लिया और पीटने लगे। इस मामले में पीड़ित दंपती ने कर्नलगंज थाने में अधिवक्ता रणविजय सिंह, मो. आसिफ, मो. महताब और आफताब समेत 10 अधिवक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

उधर, अधिवक्ताओं के आचरण से नाराज सिविल जज ने मामले की जानकारी जिला जज को दी। जिला जज की ओर से उच्च न्यायालय के महानिबंधक, जिला बार एसोसिएशन और उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को दी गई है। सिविल जज ने संबंधित मामले की पत्रावली में भी मामले को दर्ज किया है। जिला जज की ओर से भेजी गई शिकायत पर हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया तो जिला अधिवक्ता संघ ने चारों आरोपी अधिवक्ताओं की बार से सदस्यता समाप्त कर दी है।

# कुछ को परमीशन, बाकी डग्गामार में लगा रहे दौड़

**● बिना किसी ड्राइविंग लाइसेंस के दौड़ रहे ट्रैक्टर ट्राली**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** जनपद में इस समय कई जगह हाईवे और दूसरे निर्माण कार्य चल रहे हैं। इनके लिए मिट्टी की जरूरत है। इनकी आड में बडी मात्रा में अवैध खनन हो रहा है। मिट्टी खनन कर रहे वाहनों में कुछ को परमिशन है तो बाकी डग्गामार में ही दौड़ लगा रहे हैं। छाता क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार दिन रात फलफूल रहा है। मिट्टी खनन माफिया धरती का सीना चीरकर प्रतिदिन लाखों रुपये की कमाई कर रहें है। मिट्टी खनन माफिया बेखौफ होकर किसी रोक टोक के बिना दिन रात मिट्टी से सोना बनाने में लगे हैं। फर्राटा भरते ट्रैक्टर ट्रॉली और मिट्टी से भरे हाईवा से ग्रामीण किसी तरह अपनी जान बचा रहें हैं। मिट्टी भरी धूल के गुबार ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अवैध मिट्टी खनन पर रोक लगाए जाने की मांग की है। गांव अकबरपुर, पिल्होरा, तरौली, बरौली, नौगांव, सिहाना, कोंकेरा, नरी और सेमरी में इन दिनों मिट्टी खनन का कारोबार खूब फलफूल रहा है। खनन माफिया जेसीबी मशीनों की सहायता से मिट्टी खनन कर रहे हैं। शाम ढलते ही ट्रैक्टर, ट्राली और हाईवा मिट्टी भरकर ग्रामीण इलाकों में फर्राटा भरते नजर आने लगते है। वहीं कुछ खनन माफिया परमिशन की आड़ में जिम्मेदार अधिकारियों से सांठगांठ कर दिन के उजाले में भी जेसीबी मशीनों की सहायता से बगैर किसी मानक को पूर्ण किए मिट्टी से सोना बनाने में लगें हैं। ग्रामीणों का कहना था कि केडी चौकी क्षेत्र इन दिनों मिट्टी खनन माफियाओं के लिए महफूज जगह बनी हुई है। जहां दर्जनों खनन माफिया मिट्टी खनन से प्रतिदिन लाखों रुपये की कमाई कर रहें हैं। ग्रामीणों को मिट्टी खनन में लगे वाहनों की दौड़ ने परेशानी में डाल रखा है। साथ ही इन वाहनों से उड़ने वाली मिट्टी भरी धूल ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अवैध मिट्टी खनन को रोके जाने की मांग की है।

# सडक हादसे में बाइक सवार की मौत

मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र में दिल्ली आगरा हाईवे पर सोमवार की रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा बुरजापुर के समीप हुआ। यहां किसी अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। 33 वर्षीय मृतक सोनू गांव बिरजापुर का ही रहने वाला था। कुछ ही देर में युवक की मौत की सूचना गांव में पहुंच गई और बडी संख्या में लोग घटना स्थल पर एकत्रित हो गये। सोनू प्रभारी निरीक्षक थाना हाइवे उमेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक मोटरसाइकिल भी हादसे में क्षतिग्रस्त हुई है। टक्कर माने वाला वाहन मौके से भाग निकलने में सफल रहा। युवक की मौत से गांव में कोहराम मच गया।


# सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति जो उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की आवासीय / वाणिज्यिक / किराये की / नजूल इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अन्तरण / नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है,

| क्रम संख्या | मूल आवंटी/ पट्टाधारक/ स्वामी का नाम | भूखण्ड / भवन / पलैट संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत / पूर्ण स्वामित्तव युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | अजय कुमार पुत्र बेचन | 3/484 ई० डब्लू० एस० आ० वि० यो० 3 झूसी प्रयागराज | योजना-3 | संदीप कुमार पुत्र स्व० अजय कुमार | 3/484 ई० डब्लू० एस० आ० वि० यो० 3 झूसी प्रयागराज मो०- 8948 565230 | मृत्युपरांत | पूर्ण स्वामित्व |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड/भवन फ्लैट के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तियाँ सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, तेलियरगंज, प्रयागराज को प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/नामान्तरण परिषद के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चात्वर्ती दावा यदि कोई हो ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सम्पत्ति प्रबन्धक,**
**उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,**
**तेलियरगंज, प्रयागराज।**


# लुटेरी दुल्हनें शादी के बाद दो परिवारों से लाखों रुपए कीमत के जेवरात लेकर फुर्र

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़,।** थाना क्वार्सी क्षेत्र के सुरेन्द्र नगर में लुटेरी दुल्हनें शादी के बाद दो परिवारों से लाखों रुपए की कीमत के जेवरात लेकर गायब हो गई, तीन दिन पहले मंदिर में बिचौलिये ने शादी कराई थी। पीड़ित फरियाद लेकर थाना क्वार्सी पहुंचा। पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग, की है।

अलीगढ़ में लुटेरी दुल्हन का आतंक देखने को मिल रहा है. शादी के दूसरे दिन ही दुल्हनें फरार हो गई. घर से लाखों रुपये के जेवरात लेकर दुल्हनें भागी हैं.पीड़ित पक्ष शनिवार को थाने में मुक़दमा दर्ज कराने पहुँचा है. शादी बिचौलिये के माध्यम से हुई थी. दुल्हन व परिजनों के मोबाइल नम्बर बंद जा रहे हैं. पुलिस ने तीन बिचौलिये को पकड़ कर पूछताछ कर रही है. घटना थाना क्वार्सी के सुरेंद्र नगर इलाके में दो परिवारों की है.

सुरेन्द्र नगर इलाके में शादी के बाद दुल्हनें जेवरात लेकर फरार हो गई। शादी पुष्पा, बबलू , कमलेश बिचौलिये के माध्यम से आनन फानन में कराई गई थी। बिचौलिये लड़की दिखाने के लिये लड़के पक्ष को खुर्जा के चामुंडा मंदिर लेकर गये थे। मुंह दिखाई के बाद लड़की पक्ष ने तुरन्त शादी का प्रस्ताव रख दिया। सुरेन्द्र नगर के रहने वाले मानव बंसल ने बताया कि खुर्जा में ही 14 मई को नेहा से शादी हो गई थी और दुल्हन सुरेन्द्र नगर स्थित घर आ गई। दो दिन रहने के बाद नेहा ने कहा कि उसके यहां रिवाज है कि दो दिन रहने के बाद एक दिन मायके जाना है। पति और सास-ससुर ने मना किया, लेकिन दुल्हन जिद्द करने लगी और भइया - भाभी का फोन आ गया है। दुल्हन के भइया - भाभी उसे लेने के लिए घर पर आ गये,जब मानव ने नेहा को ससुराल आने के लिए मोबाइल पर बात की.तो नेहा ने कहा कि भइया अलीगढ़ काम से आ रहे है।,उन्हीं के साथ मुझे लेने आ जाना। जब नेहा के भइया को मोबाइल किया तो कहा कि रास्ते में हैं , आधे घंटे में पहुंच रहे हैं। फिर मोबाइल किया तो न भइया का मोबाइल उठा , न तो नेहा ने मोबाइल उठाया। मानव बंसल ने बताया कि घर से काफी ज्वैलरी नेहा अपने साथ ले गई है। जिसमें चार चूड़ियां, सोने की चैन , मंगलसूत्र,बिछुआ, तोड़ियां,लौंग, गले का हार सहित नगद रुपये ले गई है। मानव का कहना है कि यह 20 -25 लोगों का गिरोह है। इसके खिलाफ थाना क्वार्सी में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं अब नये - नये मोबाइल नंबर से धमकियां मिल रही हैं।

वहीं, दूसरा मामला थाना क्वार्सी के ही सुरेन्द्र नगर के दिनेश के साथ हुआ,मानव की शादी कराने वाले ही बिचौलिया थे। 16मई को पूजा के साथ मंदिर में ही शादी हुई, शादी की वीडियो भी बनी। रात में पूजा रही , अगले दिन बाजार जाने के लिए कहने लगी। ससुराल वाले जब अचल ताल बाजार ले गये , तो रास्ते से ही भाग गई। पूजा ने करीब चार लाख के जेवर पहन रखे थे, बिचौलिये बन शादी कराने वाले पूरी जिम्मेदारी लेते रहे। दिनेश ने बताया कि करीब चार लाख का नुकसान हुआ है। शादी के वक्त केवल भईया- भाभी उसके साथ थे, जो कि फर्जी लग रहे थे, वहीं, पूजा का मोबाइल बंद है। वहीं पीड़ित पक्ष थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बताया जा रहा है शादी कराने के नाम पर बिचौलियों ने दोनों परिवार से 80 - 80 हज़ार रुपये नगद लिए थे। वहीं पीड़ित पक्ष ने कहा है कि शादी के नाम पर गिरोह ठगी करता है । पीड़ित पक्ष ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना क्वार्सी प्रभारी विजयकांत शर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है.। पीड़ित पक्ष से पूछताछ की जा रही है,घटना को लेकर कानूनी कार्रवाई प्रचलित है।

# पतित पावनी यमुना में जेसीबी से अवैध खनन

**●सिल्ट की परमीशन की आढ में, भारी मशीनों से बालू खनन**

स्वतंत्र प्रभात



**वृंदावन-** धार्मिक ग्रंथो में मोक्षदायिनी कहीं जाने वाली मां यमुना की छाती धार्मिक नगरी में भारी मशीनों से खुलेआम छलनी की जा रही है। जबकि प्रशासन इसे सिल्ट उठने का ठेका बताकर पूरी तरह आंखे मूंदे हुए है। ऐसे में यमुना भक्त और पतित पावनी मां यमुना को अपनी आस्था का प्रतीक बताने वाले संत भी पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है।

जिसके चलते खनन माफिया साठ गांठ कर दोनों हाथों से चांदी बटोरने में लगे हुए है।गौरतलब है कि भगवान श्री कृष्ण की पटरानी कहीं जाने वाली यमुना को धार्मिक दृष्टि से विशेष दर्जा प्राप्त है ।आज उसी यमुना की छाती चंद चांदी के सिक्कों के लिए भारी मशीनों से छलनी की जा रही है। पर्यावरण एवं धार्मिकता के अनुरूप उच्च न्यायालय के साथ-साथ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने भी यमुना से अवैध खनन पर पाबंदी लगा रखी है। बावजूद इसके अंधाधुंध कमाई के लिए खनन माफिया यमुना खादर में अवैध खनन से कतई बाज नहीं आ रहे है। नियमनुसार खनन विभाग की अनुमति के अलावा स्थानीय प्रशासन की अनुमति भी जरूरी है। बताया जाता है कि खनन माफियाओं ने सेटिंग गेटिंग के फार्मूले से वृंदावन के देवराह बाबा घाट के समीप यमुना में जमा सिल्ट को उठाने का ठेका लिया है। परमिशन के अनुसार कुल 27980 घन मीटर सिल्ट उठाने की अनुमति दी गई है।जिसकी आड़ में भारी मशीनों से मां यमुना की छाती छलनी कर नियमों को ताक पर रखकर दर्जनों बड़े ट्रक और 40 से 50 टेक्ट्रर परिक्रमा से बालू लेकर जाते देखे जा सकते है। जिन्हे लगभग एक महीना के आसपास हो चुका है।सूत्रों की माने तो बड़े ट्रक से जाने वाली बालू की कीमत लगभग 6000 है जबकि टैक्टरो के माध्यम से बिक्री की जाने वाली बालू की कीमत 1000 से 1200 है। अब आप इसी बात से अंदाजा लगा सकते है। खनन माफियाओं की एक दिन कमाई कितनी होगी। यहा बताते चले की अगर जल्द ही मशीनों से होने वाले इस अवैध खनन के कारोबार पर एक नहीं लगाई गई तो, यमुना में जगह जगह बड़े गड्ढे हो जाएंगे, जिससे यमुना में डूबने वाले लोगो की संख्या में भी इजाफा हो सकता है। ज्ञात रहे की गंगा दशहरा पर्व भी नजदीक है,इस दिन यमुना स्नान का भी एक अलग महत्व होता है।

# 10 दिन में पूरा करना होगा आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य

**● तीन दिन के अंदर बनेगा जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र बनेगा**

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** मई के अंत तक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने होंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दिन के अंदर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बना कर देना होगा। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में राजीव भवन सभागार कक्ष में आयुष्मान भारत योजना, जन्म मृत्यु पंजीकरण व जनपद मथुरा में ऐसे उपकेन्द्रों जहां पर पानी की व्यवस्था, शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं है के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत योजना, समस्त चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनपद मथुरा एंव सहायक विकास अधिकारी पंचायत जनपद मथुरा उपस्थित रहे। बैठक में सर्व प्रथम आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुऐ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्रों में छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड 10 दिनों में बनाया जाएं। साथ ही आयुष्मान योजना के पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचारित करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र तीन दिवस में जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी मथुरा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के कुछ उपकेन्द्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में पानी व शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत को 02 दिवस में समस्त केन्द्रों का चिकित्सा अधीक्षक के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुऐ व्यवस्था को सुचारू कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही निर्देशित किया गया की निरीक्षण रिपोर्ट भी उपलब्ध करायी जाये।

# संक्षिप्त ख़बरें

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से तीन वर्षीय बच्चे की गई जान



**साहेबगंज, झारखंड** मंडरो प्रखंड अंतर्गत खेरवा पंचायत के मोमिन टोला धनभासा मौजा में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे ईट लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से तीन वर्षीय साहिल अंसारी की मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक गोड्डा जिला के ठाकुर गांगती थाना क्षेत्र स्थित बुधवाचक गांव निवासी मोसाहिड अंसारी के तीन वर्षीय पुत्र अपनी खिलोने वाली गाड़ी से खेत में खेल रहा है।वहीं पास में ईट गिराने आए ट्रैक्टर द्वारा ईट गिराकर वापस जाते समय खेत में अचानक ट्रैक्टर के भीतर खेलता हुआ बच्चा चले जाने के कारण दब गया। तुरंत ही इस बच्चे को आसपास के लोगो और घरवालो के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के दौरान ही उसकी मृत्यु हो गई। वहीं गाड़ी ड्राइवर से पूछे जाने पर अपनी और गाड़ी की पूरी जानकारी देते हुए कहा अपना नाम प्रभु तांती, पिता अभद तांती, घर बोर्मा उम्र 32 वर्ष बताया। इसके अलावा ट्रैक्टर मालिक का नाम संजय साह बदलुगंज मुखिया के रूप में बताया गया। घटना के बाद मिर्जाचौकी थाना और ठाकुर गांगटी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लोगो की समस्याएँ



**साहेबगंज, झारखंड** उपायुक्त हेमंत सती ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्या से अवगत हुए। जनता दरबार में जिला के विभिन्न प्रखण्डों से पहुंचे लोग कृष्ण देव मिश्रा, माधो चौधरी , उर्मिला देवी ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समास्याओं से अवगत कराते हुए समाधान हेतु अनुरोध किया। उपायुक्त ने प्राप्त समस्याओं का अवलोकन करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। जिससे शिकायत का समाधान जल्द किया जा सके।

## अधिवक्ताओं ने पक्षियों के लिए दाना, पानी की व्यवस्था



**बांदा।** मंगलवार को जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता डिस्टिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश दुबे एवं बार के पूर्व महासचिव सत्यदेव त्रिपाठी एटवोकेट ने राष्ट्रीय तिरंगा वितरण समिति के द्वारा चलाए जा रहे पक्षी बचाओ अभियान में उत्साह जनक सहभागिता करते हुए जजी परिसर में कार्यालय के सामने पेड़ पर लकड़ी के घोंसले में दाना तथा मिट्टी के बर्तन में पानी भरकर बांधा। साथ में सहभागी साथी देवदत्त त्रिपाठी उर्फ बच्ची महराज एवं प्रदीप कुमार तिवारी एटवोकेट अजय कुमार एटवोकेट रवि यादव एटवोकेट एवं अभियान संयोजक शोभा राम कश्यप बांदा भी सहभागी रहे।

## मण्डलीय पेंशन अदालत 1 जून को

**बांदा।** संयुक्त निदेशक कोषाकर एवं पेंशन, संयोजक पेंशन अदालत चित्रकूटधाम मंडल बांदा ने बताया है कि आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाल कृष्ण त्रिपाठी के निर्देश के क्रम में उनकी अध्यक्षता में 1 जून 2024 को पूर्वाह्न 11 बजे, आयुक्त कार्यालय, बांदा में मण्डलीय पेंशन अदालत एवं सेवा निवृत्त अध्यापकों, कर्मचारियों के लम्बित देयकों के सम्बन्ध में जनसुनवाई पूर्व की भांति आयोजित की जायेगी। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र, प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूटधाम मंडल, बाँदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 25 मई 2024 के सांय 04 बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में प्राप्त करायेंगे।

# झारखण्ड में चुनावी जनसभा के दौरान कांग्रेस-झामुमो पर गरजे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

● कहा जनता की आंखों में धूल झोंककर राजनीति ना करें कांग्रेस-झामुमो, दम है तो आंखों में आंखे डालकर राजनीति करें

किसी भी सूरत में भाजपा आरक्षण खत्म नहीं करेगी - राजनाथ



**स्वतंत्र प्रभात**

**धनबाद, झारखंड** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को झारखण्ड में चुनावी जनसभा के दौरान कांग्रेस और झामुमो पर जमकर हमला बोला है। राजनाथ ने कांग्रेस और झामुमो को चुनौती देते हुए कहा कि यदि राजनीति करनी है तो जनता की आंखों में आंखें डालकर करें। ये लोग ईमानदारी की बात करते हैं। कहते हैं मोदी आ गये तो आरक्षण खत्म कर देंगे। किसी भी सूरत में भाजपा ऐसा नहीं करेगी। ये लोग धर्म के आधार पर आरक्षण देकर देश की जनता को गुमराह करना चाहते हैं। हम भेदभाव करने वाली पार्टी नहीं हैं। हम जनता की आंखों में धूल नहीं झोंकते। हम आंखों में आंखे डालकर राजनीति करते हैं। आपकों बता दें कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को बोकारो जिले के सेक्टर-2सी के दुर्गा पूजा मैदान में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में अकूत खनिज संपदा है। यहां बड़ी संख्या में आदिवासी और दलित रहते हैं। यहां बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास मुख्यमंत्री रह चुके हैं लेकिन इन तीनों के दामन पर कोई दाग नहीं लगा लेकिन झारखंड में गठबंधन की सरकार बनते हैं भ्रष्टाचार होने लगे। क्या यहां के भ्रष्ट लोग शासन संभालेंगे? राजनाथ ने कहा कि यहां के मुख्यमंत्री तो छोड़िए उनके मंत्रियों के पीएस के पास से नोटों की गड्डियां मिल रही हैं। बिना मुख्यमंत्री के यह किसी भी सूरत में सफल नहीं हो सकते । आज उनको गिरफ्तार कर लिया तो कहते हैं कि भाजपा अपने सारे विरोधियों को प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज आपको एक चीज कहना चाहता हूं, मोदी सरकार में यदि हमारा कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार के मामले में पकड़ा जाएगा तो उसका स्थान उसका घर नहीं जेल होगा। ये झामुमो-कांग्रेस वाले भ्रष्टाचार करने के बाद भी हमारी सरकार के ऊपर लगा रहे हैं। पहली बार मैंने सुना था कि किसी राज्य का मुख्यमंत्री 24 घंटे के लिए गायब था। ना झारखंड वालों को पता था और ना किसी एजेंसी को पता था।कांग्रेस के शासनकाल में बराबर भ्रष्टाचारियों को शह दी जाती रही है। संरक्षण दिया जाता रहा है। आपको जानकर आश्चर्य होगा को कांग्रेस के शासनकाल में 32 लाख ही जब्त हुआ था। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ये हिम्मत नहीं करते थे। जब से मोदी पीएम बने हैं तब से एक लाख करोड़ की संपत्ति जब्त हुई है। इन लोगों ने लंबे समय तक शासन किया है। कुछ कर नहीं कर पाए तो अब झूठे आरोप लगा रहे हैं।राजनाथ ने कहा कि हमारी विश्वसनीयता पर कौन प्रश्नचिन्ह लगा सकता है। हमने बहुमत मिलने पर 370 हटा दिया। हमने कहा था कि राम मंदिर बनकर रहेगा। जब इनकी सरकार केंद्र में थी तो कहते थे रामलला आएंगे लेकिन ये कांग्रेस वाले दिन तारीख नहीं बताते थे। आज मोदी ने रामलला के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा भी कर दिया है। अब भारत में रामराज्य का आगाज होकर रहेगा। लोग कहते हैं कि रामराज्य कैसे आ जाएगा, तो मैं कहता हूं जिस दिन लोगों को अपने दायित्व का अहसास हो जाएगा उस दिन रामराज्य आ जाएगा।झामुमो और कांग्रेस से पूछा जाना चाहिए कि फवाद हुसैन राहुल गांधी की तारीफ कर रहे हैं। मैं अपील करना चाहता हूं कि देश को बचा लीजिए। झामुमो की हरकत के कारण भारत की छवि खराब होती है। राजनीति केवल सरकार चलाने के लिए नहीं, बल्कि देश चलाने के लिए करनी चाहिए। समाज बनाने के लिए करनी चाहिए। हमें देश बनाना है। उन्होंने ढुल्लू महतो के पक्ष में वोट मांगा और कहा कि यदि आपने ढुल्लू महतो को जिताया तो वे प्रमुखता से आपकी आवाज संसद के सामने रखेंगे।

# सोशल मीडिया एवं एमसीएमसी से संबंधित अभ्यर्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

**स्वतंत्र प्रभात**



**साहेबगंज, झारखंड** लोकसभा चुनाव-2024 के सफल संपादन को लेकर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सोशल मीडिया एवं एमसीएमसी से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान प्रशिक्षक ने अभ्यार्थियों के प्रतिनिधियों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान चुनावी प्रचार प्रसार के लिए सर्टिफिकेशन लेना संबधित प्रत्याशी एवं राजनीतिक दल सुनिश्चित करेंगे।साथ ही प्रशिक्षण में बताया गया कि लोकसभा चुनाव में सभी राजनैतिक दल एवं उम्मीदवार कहीं भी सरकारी भवन तथा निजी इमारतों पर बिना अनुमति के चुनाव प्रचार सामग्री नहीं लगाएंगे। संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत ऐसे मामले में प्रत्याशी या पार्टी के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।चुनाव की घोषणा के साथ ही जिला में आदर्श आचार संहिता जिले में प्रभावित है और सोशल मीडिया एवं एमसीएमसी के नियमों को सभी पार्टियों व उम्मीदवारों को कड़ाई से पालन करना है। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार किसी दूसरे प्रत्याशी पर व्यक्तिगत, जातिगत, धार्मिक या पारिवारिक भावनाओं को ठेस पहुंचानी वाली बातें ना बोलें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने ह्यह्व1द्बस्रद्धड्ड.द्गष्द्ध.द्द४1.द्बठ्ठ के नाम से मोबाइल एप शुरू किया है। यह एप अभ्यर्थियों को %सुविधा% के माध्यम से दायर अपने नाम निर्देश एवं अनुमति की स्थिति की जांच करने की सुविधा प्रदान करता है। चुनाव में वाहनों का इस्तेमाल, रैली या जलसा करने, लाउडस्पीकर बजाने आदि की प्रशासन से पहले अनुमति लेनी होगी। राजनीतिक दलों को बैनर, पोस्टर एवं अन्य सामग्रियों तथा मीडिया में प्रकाशन के लिए एमसीएमसी कोषांग से अनुमति लेना आवश्यक है। किसी भी पार्टी, प्रत्याशी या समर्थकों को रैली या जुलूस निकालने या चुनावी सभा करने से पहले अनुमति लेनी होगी।साथ ही बताया गया कि प्रचार-प्रसार में जो भी खर्च किया जाएगा। उसका ब्यौरा व्यय लेखा कोषांग में जमा कराएंगे। नकारात्मक प्रचार-प्रसार एवं बिना प्रेस के नाम का बैनर, पोस्टर आदि का मुद्रण नहीं कराएंगे। वहीं चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपादन एवं आदर्श आचार संहिता के कड़ाई से अनुपालन को लेकर अन्य दिशा-निर्देश भी दिया गया। मौके पर प्रशिक्षक शुभाशीष एवं अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि सम्मिलित रहे।

# श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार द्वारा एकादशी पर भव्य भजन संध्या का हुआ आयोजन

●सुप्रसिद्ध भजन गायक शिवम पंसारी ने अपने भजनों से श्याम प्रेमियों को जमकर झुमाया

आकर्षक और अद्भुत सजावट के साथ बाबा श्याम के भजनों पर झूमते रहे श्याम भक्त



**स्वतंत्र प्रभात**

**हजारीबाग, झारखंड** चुनावी माहौल के बीच भक्ति भाव का माहौल लोगों को अपनी और आकर्षित करता नजर आया, एकादशी के पावन अवसर पर शहर के रामनगर साई सिटी अपार्टमेंट में खाटू श्याम का भव्य कीर्तन उत्सव आयोजित किया गया इस उत्सव में बाबा श्याम का आकर्षण व अद्भुत सजावट के बीच श्याम भक्तों ने बाबा श्याम का कीर्तन का आनंद लिया।सर्वप्रथम सबसे पहले बाबा श्याम की पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात बाबा की ज्योत के साथ भव्य कीर्तन उत्सव प्रारंभ हुआ। कीर्तन उत्सव में सुप्रसिद्ध भजन गायक बराकर निवासी शिवम पंसारी ने अपने अनेकों भजनों से श्याम प्रेमियों को झुमाया, खाटू वालो के भरोसे चले.... म्हारा घर,बाबा श्याम जगत को सेठ ..... सब काम पूरा होशी जैसे अनेकों भजन को प्रस्तुत किया। साथ ही आयोजक मंडली के द्वारा भी अनेकों भजन प्रस्तुत किया गया। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार प्रत्येक एकादशी को खाटू श्याम बाबा का कीर्तन आयोजित करता है। जल्द ही आयोजक मंडली के द्वारा बाबा श्याम का भव्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा,जिसकी तैयारी आयोजक मंडली के द्वारा बाबा के आशीर्वाद से चल रहा है। एकादशी को देर रात्रि तक भजन कीर्तन के माध्यम से श्याम प्रेमी झूमते रहे। अंत में बाबा श्याम की आरती के साथ भव्य भजन कीर्तन संपन्न हुआ। आयोजक मंडली ने कहा कि बाबा श्याम की विशेष आशीर्वाद से भजन कीर्तन कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ आने वाले दिनों में बाबा श्याम के आशीर्वाद से भव्य महोत्सव आयोजित किया जा रहा जिसकी तारीख की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी, हम भव्य कार्यक्रम में हजारीबाग के तमाम श्याम प्रेमियों का साथ और सहयोग की हम सभी अपेक्षा रखते हैं।

# करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

● - पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**स्वतंत्र प्रभात**

**बांदा।** मंगलवार की सुबह कूलर में करंट से महिला चिपक गई। मौके पर पहुंचे परिजनो ने देखा तो उसे करंट से मुक्त कराया। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव




को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया। प्राप्त विरण के अनुसार गिरवां थाना क्षेत्र के छिबांव गांव निवासी 40 वर्षीय सीमा पत्नी सुनील कुमार मंगलवार की सुबह काम कर रही थी। तभी उसका हाथ कूलर में छू गया। जिससे करंट की चपेट में आकर चिपक गई। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची सास ने देखा तो आनन फानन प्लग हटा कर करंट से मुक्त कराया । उसे तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पड़ोसी अमरनाथ ने बताया कि सीमा के पति की दो साल पहले हादसे में मौत हो गई थी। मृतका अपने पीछे एक पुत्र तीन पुत्रियां छोड़ गई है।

# शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए देवतुल्य महान मतदाताओं के साथ साथ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को धन्यवाद- भुनेश्वर यादव

**स्वतंत्र प्रभात**



**बरही** बरही विधानसभा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रखर वक्ता भुनेश्वर यादव ने हजारीबाग लोकसभा के देवतुल्य महान मतदाताओं के द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से मतदान में हिस्सा लेकर मतदान के लिए बधाई दी। खासकर बरही विधानसभा के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा उन्होंने कि जिस तरह बरही विधानसभा के मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किए जिसका श्रेय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के चलते संभव हो सका है। भुनेश्वर यादव पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को भी बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के व्यवस्था से आमजनों में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों पर भरोसा बढता है। श्री यादव ने कहा कि संजय कुमार मेहता जो साधारण परिवार से हैं, संघर्षशील शिक्षित है में उनके पक्ष में मतदान करने के लिए देवतुल्य महान मतदाताओं से अपील किया था। जब राजनीति मे राजनेता, राजनितिक घरों से या तो पुंजीपतीयों के घरों से पैदा हो रहे हैं ऐसे परिस्थिति में भी यहां के देवतुल्य महान मतदाताओं ने संजय कुमार मेहता जैसे साधारण घर से आने वाला उम्मीदवार को खूब सुना, सराहा और काफी प्यार दिया। अब देवतुल्य महान मतदाताओं ने संजय कुमार मेहता के साथ साथ राष्ट्रीय दलों के करोड़पति तथा राजनीतिक घरानों से आनेवाले उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला सुनाकर ईबइएम में बंद कर दिया है। उनके द्वारा जो भी निर्णय लिया गया होगा हमें और संजय कुमार मेहता को दिल से शिरोधार्य होगा।

# चैनपुर प्रखंड कार्यालय में सभागार में मनरेगा, अबुआ आवास को लेकर वीडियो ने की समीक्षा बैठक

**स्वतंत्र प्रभात**



**चैनपुर** चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में मनरेगा योजना 15 वे वित्त, पीएम आवास, एमबीपीएस भुगतान से मनरेगा मजदूर को भुगतान, पुरानी योजना जो पूर्ण हो चुकी है उसे योजना को क्लोज करने को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में बीडीओ ने पंचायतवार अबुवा आवास की समीक्षा की। जिसमें अधूरे अबुवा आवास व प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही वर्ष 2022-24 के लंबित पड़े आवास की स्थिति के बारे में पंचायत सचिव से जानकारी ली। इस दौरान वह वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान आवास प्लस में लंबित आवासों की प्रथम और द्वितीय किस्त में अंतर से अवगत हुए। बीडीओ ने मनरेगा योजनाओं की समीक्षा के दौरान उपस्थित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा की पुरानी योजनाओं को बंद कर नई योजनाओं को चालू करें और अधिक से अधिक मजदूरों को जोड़ जिन मजदूरों का आधार सेटिंग नहीं हुआ है उसे जल्द से जल्द आधार सेटिंग करने को कहा। उन्होंने कहा कि योजनाओं में जब तक बोर्ड निर्माण ना हो तब तक योजना चालू न करें। रिजेक्ट ट्रांजैक्शन को खत्म करने का निर्देश दिया गया। रोजगार सेवक से कूप निर्माण की प्रगति के अध्ययन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही बिरसा मुंडा आम बागवानी में गड्ढे की खुदाई की प्रगति की समीक्षा की। बीडीओ ने कर्मियों को बिरसा योजना के बारे में जानकारी देते हुए प्रत्येक पंचायत से अभिलेख जमा करने का निर्देश दिया। जबकि रोजगार सेवक को सड़क किनारे पौधारोपण करने की बात कही। उन्होंने सभी रोजगार सेवक से वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा से सामग्री भुगतान किए गए योजनाओं का भौतिक स्थिति की जानकारी ली। इस मौके पर बीपीओ कांति कुमारी, प्रभारी बीपीआरओ संदीप टेटे, कनीय अभियंता, चैनपुर प्रखंड के सभी मुखिया एवं सभी पंचायत सचिव 15वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक आदि उपस्थित थे।

# 79 दिन के चुनाव कैंपेन के बाद भाजपा प्रत्याशी ने परिवार जनों संग बितायी फुर्सत के पल

● सुबह हजामत बनवाई, परिजनों संग चाय पर पारिवारिक चर्चा किया और फिर बागवानी में पटाया पानी



**स्वतंत्र प्रभात**

**हजारीबाग** सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव समाप्त होने के साथ ही मंगलवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल 79 वें दिन के अति व्यस्तम चुनावी कैंपेन और भागदौड़ भरी दिनचर्या के बाद पुरी तरह आराम मूड में दिखे। पूर्व की दिनों की भांति ही वे अहले सुबह सोकर उठे और नित्यकर्म करने के पश्चात् अपने चहेते नाई कुसुम्भा निवासी महेश ठाकुर से अपने ही विशेश्वर दयाल पथ स्थित आवास में हजामत बनवायी। तत्पश्चात स्नान- ध्यान करने के उपरान्त नितदिन की भांति पूजा- पाठ की। जिसके बाद परिवारजनों के साथ चाय की चुस्की के साथ अखबारों की सुर्खियों पर नजर डाली। बहुत दिनों बाद अपने माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों ने एक साथ मिलकर नास्ता किया और पारिवारिक सुख- दुःख की बातें की। इसी बीच हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता और उनके समर्थक बड़ी संख्या में उनके आवास पंहुचकर उनसे मिलकर चुनाव के यथास्थिति से उन्हें अवगत कराते रहे। घर पर लगातार लोगों के आने- जाने का सिलसिला चलता रहा। लोगों से मिलते-जुलते रहे और देर दोपहर तक परिवारजनों संग हंसी- खुशी करते हुए राहत भरा समय बिताया । शाम को भाजपा प्रत्याशी श्री जायसवाल ने अपने घर के बागवानी में पानी पटाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पारिवारिक कार्य से बुधवार को उत्तरप्रदेश के गोरखपुर के लिए रवाना होंगे जिसके बाद वहां से लौटते ही पार्टी के कार्य और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का पुनः तुफानी दौरा शुरू करेंगे। उक्त जानकारी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने दी।

# अनियंत्रित होकर पलटी कार, एक युवक की हुई मौत

● - पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

- बबेरू कोतवाली क्षेत्र के अंडौली मोड़ की घटना



**स्वतंत्र प्रभात**

**बबेरू/बांदा।** जिले के बबेरू कोतवाली क्षेत्र के अंडौली मोड़ के पास ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें, ऑल्टो कार में सवार एक युवक की मौत हो गई, वही एक युवक घायल हो गया है। बबेरू कस्बे के कमासिन रोड देवी नगर के रहने वाले अंकित पुत्र शिवशरण उम्र करीब 22 वर्ष यह बीती रात्रि अपने अन्य दोस्तों के साथ निमंत्रण में अंडौली गांव ऑल्टो कार में सवार होकर जा रहे थे। तभी कमासिन रोड अंडौली मोड़ के पास ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें सवार अंकित व बल्ला सिंह को चोट आई, जिसमें आसपास के लोगों की मदद से ऑल्टो कार सीधी कर ऑल्टो कार से ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद अंकित को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं बल्ला सिंह का भी इलाज भी किया गया। लेकिन जिला अस्पताल अंकित को ना ले जाकर घर ले गए, जहां उसकी मौत हो गई, परिजनों के द्वारा तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अंकित को लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस के द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है। मृतक अंकित दो भाई और एक बहन थी, जिसमें मृतक अंकित सबसे बड़ा था। इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम ने तीन परिवारों को टूटने से बचाया

●- आपसी मतभेद को भूल खुशी-खुशी रहने को हुए तैयार

**स्वतंत्र प्रभात**

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र बांदा पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए 04 परिवारों को टूटने से बचाया । पहले मामले में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली गिरजा देवी, दूसरे मामले में थाना कोतवाली देहात क्षेत्र की रहने वाली अंजली पत्नी विमल तथा तीसरे मामले में थाना तिन्दवारी क्षेत्र की रहने वाली अंजली पुत्र चुन्नू द्वारा पुलिस अधीक्षक बांदा को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था । परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनो पक्षों को समझाया गया । सभी लोगों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा सभी परिवारों को साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं



परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी । समझौता कराने वाली टीम में उ0नि0 श्रीमती अनुपमा तिवारी, काउंसलर प्रदीप तिवारी, म0का0 आशा वर्मा व उर्दू अनुवादक श्रीमती कनीज जहरा मौजूद रहीं।

# विज्ञापन में करियर विकल्प





व्यवसाय में विज्ञापन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आजकल मार्केटिंग पूरी तरह से विज्ञापनों पर निर्भर हो गई है। विज्ञापन ग्राहकों को कंपनी द्वारा पेश किए गए उत्पादों को खरीदने के लिए मनाने की कला है। यह जनसंचार की अवधारणाओं में से एक है। विज्ञापन क्षेत्र में करियर ग्लैमरस होने के साथ-साथ काफी प्रतिस्पर्धी भी है क्योंकि हर दिन अधिक से अधिक एजेंसियां ??खुल रही हैं। विज्ञापन के विभिन्न माध्यम हैं जैसे इंटरनेट, टीवी, रेडियो, पत्रिकाएँ, समाचार पत्र और होर्डिंग्स। यह मांग पैदा करने में एक प्रमुख भूमिका निभाता है; विपणन प्रणाली को बढ़ावा देना और आर्थिक विकास को बढ़ाना। विज्ञापन में नौकरी के अवसर और करियर की संभावनाएँ विज्ञापन जगत में अपना करियर बनाने के लिए कई विकल्प हैं। आपके कौशल के आधार पर इस उद्योग में स्टार्टअप के लिए आपके पास कई विकल्प हैं। नौकरी पेशा को मुख्यतः दो प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है- रचनात्मक नौकरियाँ- रचनात्मक नौकरियों में विभिन्न पेशे शामिल होते हैं। ये ऐसे काम हैं जो पूरी तरह से रचनात्मकता पर निर्भर हैं। कॉपीराइटर- कॉपीराइटर की मुख्य भूमिका विज्ञापन लिखना और विज्ञापनों के विजुअलाइज़ेशन के लिए रचनात्मक नारे, शब्द और ऑडियो स्क्रिप्ट बनाना है। एक विज्ञापन कॉपीराइटर को अत्यधिक रचनात्मक और कल्पनाशील होना चाहिए। अच्छे लेखन कौशल की भी आवश्यकता है। इसके अलावा, सभी विज्ञापन तकनीकों में गहरी रुचि रखें। कॉपीराइटर का काम अलग-अलग क्लाइंट के हिसाब से अलग-अलग होता है, क्लाइंट की मांग के अनुसार उन्हें उस विषय पर काम करना होता है। कॉपीराइटर बनने के लिए आपको संचार, अंग्रेजी या पत्रकारिता में स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होगी। भारत में एक कॉपीराइटर का औसत वार्षिक वेतन लगभग 2,98,315 रुपये है। ग्राफ़िक डिज़ाइनर- ग्राफ़िक डिज़ाइनर का मुख्य उद्देश्य विज्ञापनों के लिए डिज़ाइन तैयार करना है। डिज़ाइन इस तरह से है कि यह क्लाइंट के संदेश को उच्च दृश्य प्रभाव के साथ दर्शकों तक पहुंचाता है। आजकल अधिकांश डिज़ाइनिंग कार्य विभिन्न ग्राफ़िक डिज़ाइनिंग प्रोग्रामों की सहायता से कंप्यूटर पर किया जाता है। एक ग्राफिक डिजाइनर में मजबूत कंप्यूटर स्किल के साथ-साथ मजबूत विजुअल सेंस भी होना चाहिए। इसके अलावा, ग्राफिक्स और टाइपोग्राफी में रुचि आवश्यक है। ग्राफिक डिजाइनरों को क्वार्क एक्सप्रेस, फ्रीहैंड, इलस्ट्रेटर, फोटोशॉप, 3डी स्टूडियो मैक्स, एक्रोबैट, डायरेक्टर, ड्रीमवीवर और फ्लैश जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए। एक पेशेवर ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए ललित कला, ग्राफिक कला या अन्य दृश्य कला से संबंधित विषयों में स्नातक की डिग्री आवश्यक है। भारत में ग्राफिक डिजाइनर का औसत वार्षिक वेतन लगभग 6,00,000 रुपये है। फ़ोटोग्राफ़र- एक विज्ञापन फ़ोटोग्राफ़र मार्केटिंग अभियानों में अपने फ़ोटोग्राफ़ी कौशल का उपयोग करने के लिए विज्ञापन एजेंसी के साथ काम करता है। यह ग्राहक की मांग पर निर्भर करता है कि आप किसी उत्पाद, स्थान, मॉडल या भवन का फोटो खींचेंगे। मार्केटिंग में उपयोग की जाने वाली तस्वीरें दिलचस्प होने के साथ-साथ ध्यान खींचने वाली भी होनी चाहिए। वर्तमान समय में ऑनलाइन शॉपिंग बहुत आम बात है। लोग प्रोडक्ट की फोटो देखकर ही प्रोडक्ट ऑर्डर कर देते हैं। इस प्रकार फोटोग्राफी विज्ञापन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मार्केटिंग फोटोग्राफर बनने के लिए कैमरे का उचित ज्ञान बहुत जरूरी है। आप फोटोग्राफी से संबंधित सभी तकनीकी कौशल से परिचित हैं। साथ ही, विज्ञापन उद्योग में पेशेवर फोटोग्राफर बनने के लिए फोटोग्राफी या उससे संबंधित स्नातक की डिग्री आवश्यक है। एक विज्ञापन एजेंसी में एक फोटोग्राफर की औसत वार्षिक आय लगभग 6,00,000 रुपये है। विज़ुअलाइज़र- एक विज़ुअलाइज़र चित्रों, छवियों, लिखित पाठ को ग्राफिक विज़ुअल में बदल देता हैआकर्षक और समझने में आसान हैं। छवियों को विज़ुअलाइज़र द्वारा बढ़ाया जाता है और विशेष प्रभावों को जोड़ा जाता है। ग्राफ़िक्स 2-आयामी, 3-आयामी या 4-आयामी हो सकते हैं। एक पेशेवर विज़ुअलाइज़र के पास महान डिज़ाइन रचनात्मकता होनी चाहिए। इसके अलावा, डिजाइन में स्नातक की डिग्री या अन्य समकक्ष पाठ्यक्रम आवश्यक है। भारत में एक विज़ुअलाइज़र की वार्षिक आय लगभग 3,00,000 रुपये है। टाइपोग्राफर- आम तौर पर, टाइपोग्राफी प्रकार को व्यवस्थित करने और डिजाइन करने की कला और तकनीक है। यह प्रचार सामग्री और विज्ञापन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उपयोग अक्सर पाठकों का ध्यान किसी विशेष विज्ञापन की ओर आकर्षित करने के लिए किया जाता है। तो यह एक टाइपोग्राफर का काम है। इस व्यवसाय के लिए, आपको ग्राफिक डिज़ाइन या संबंधित क्षेत्र में एसोसिएट की डिग्री हासिल करनी होगी। इस व्यवसाय के लिए औसत वार्षिक वेतन लगभग 4,00,000 रुपये है। कार्यकारी नौकरियाँ- विज्ञापन में कार्यकारी नौकरियों में विभिन्न पेशे शामिल होते हैं। ये नौकरियाँ प्रबंधन कार्य पर आधारित होती हैं। ग्राहक सेवा कार्यकारी- ग्राहक सेवा अधिकारी बाहरी ग्राहकों और उनके संगठन के आंतरिक विभाग के बीच बिचौलिए के रूप में कार्य करते हैं। वे फोन, ईमेल आदि पर ग्राहकों से बातचीत करके उनकी समस्याओं से निपटते हैं। उनका मुख्य लक्ष्य ग्राहक को अपनी कंपनी के उत्पाद या सेवा से संतुष्ट करना है। वे विज्ञापन अभियानों की निगरानी करते हैं और ग्राहक की बिक्री बढ़ाने के लिए नए विचार विकसित करते हैं। ग्राहक सेवा कार्यकारी के रूप में काम करने के लिए विभिन्न कौशलों की आवश्यकता होती है जैसे अच्छे प्रबंधन कौशल, विश्लेषणात्मक दिमाग के साथ अच्छी निर्णय लेने की शक्ति। क्लाइंट सर्विसिंग एक्जीक्यूटिव के रूप में काम करने के लिए वित्त, अर्थशास्त्र, विज्ञापन, वित्त या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होती है। इस पद का सालाना सैलरी पैकेज करीब 2,40,000 रुपये है. बाज़ार अनुसंधान विश्लेषक- बाज़ार अनुसंधान विश्लेषक उपभोक्ताओं और अन्य प्रतिस्पर्धियों पर डेटा एकत्र करता है और उसका विश्लेषण करता है। विश्लेषक की मुख्य भूमिका बाजार की स्थितियों की जांच करना और उत्पाद की बिक्री बढ़ाने में मदद करना है। वे लोगों की ज़रूरतों, ग्राहक क्या चाहते हैं और किस कीमत पर चाहते हैं, इसका विश्लेषण करते हैं और इन मुद्दों पर कंपनी की मदद करते हैं। एक विश्लेषक के रूप में काम करने के लिए एक विश्लेषक के पास आँकड़ों के पैटर्न को नोटिस करने की क्षमता होनी चाहिए, साथ ही विवरण पर सटीकता और ध्यान होना चाहिए। ग्राहकों की ज़रूरत को समझना कि वे अन्य प्रतिस्पर्धियों की तुलना में आपकी कंपनी को क्यों चुनते हैं और आवश्यक सेवा प्रदान करते हैं, विश्लेषक का उद्देश्य है। इस क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए मार्केट रिसर्च या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री आवश्यक है। एक विश्लेषक का सालाना औसत वेतन लगभग 3,51,000 रुपये है। मीडिया नियोजन/अनुसंधान विश्लेषक- नियोजन विभाग की मुख्य भूमिका उस समय शुरू होती है जब विज्ञापन का काम पूरा हो जाता है। वे समाचार पत्र, टीवी, रेडियो, पत्रिकाओं और अन्य विज्ञापन स्रोतों में योजना, शेड्यूलिंग, समय और स्थान के लिए जिम्मेदार हैं। इस विभाग का लक्ष्य बजट में विज्ञापन को दर्शकों तक पहुंचाना है। इस पद के लिए प्रसारण और मीडिया या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री आवश्यक है। इस स्ट्रीम में वार्षिक आय लगभग 5,00,000 रुपये है। विज्ञापन खाता प्रबंधक- विज्ञापन खाता प्रबंधक विज्ञापन के संबंध में लागत अनुमान तैयार करता है और ग्राहक को विज्ञापन विचार भी प्रस्तुत करता है। वे यह सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं कि कंपनी ग्राहक की ज़रूरतों को पूरा करती है या नहीं। दरअसल, वे ग्राहक और संगठन के बीच पुल की तरह हैं। उन्हें खाता प्रबंधन के भीतर की समस्याओं का समाधान करना होगाटी टीम और आंतरिक और बाह्य संचार का प्रबंधन करें और परियोजना को अंत तक चलाएं। विज्ञापन खाता प्रबंधक बनने के लिए विज्ञापन में स्नातक की डिग्री या इसके समकक्ष डिग्री आवश्यक है। अकाउंट मैनेजर का सालाना सैलरी पैकेज लगभग 5,50,000 रुपये है. आजकल व्यवसाय का प्रभाव बढ़ाने के लिए विज्ञापन आवश्यक है। इसलिए, इस लाइन में काम करना युवाओं के लिए एक अच्छा विकल्प है क्योंकि समय के साथ यह क्षेत्र विकसित हो रहा है। साथ ही, इस क्षेत्र में करियर चुनने के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं।

# क्रोध, युद्ध केवल उन्माद और लोलुपता का परिणाम। व्यापक जन-धन का नुकसान और पश्चाताप।

युद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। मौजूदा रूप से इसराइल हमास युद्ध में हजारों लोगों की जानें चली गई और 30 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी लोग बेघर हो गए, ईरानी राष्ट्रपति रईस की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत भी इसराइल की प्रति हिंसा का परिणाम माना जा रहा है विस्तृत जांच होना शेष है।युद्ध अभी तक थमा नहीं है युद्ध की चिंगारी एक दूसरे आक्रमण करने से भड़कती जा रही है न जाने इसका अंजाम क्या होगा। इसी तरह रूस और यूक्रेन युद्ध कि इतने दिनो से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं हैद्य रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया हैद्य रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है, 1 वर्ष से ज्यादा समय से युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया हैद्य यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़40लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 हजार सैनिक युद्ध में मारे गए है।यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय, कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं।

रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बर्बादी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी हैद्य मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं।

यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर,शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है, केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था। रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यू क्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है।




यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है। यूक्रेन लगातार नाटो देश की सदस्यता के लिए प्रयास करता रहा है और अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन नाटो देश का सदस्य बन कर रूस के खिलाफ एक सामरिक अड्डे की तरह उनके काम आए। तत्कालिक कारणों में रूप द्वारा गैस तथा तेल के लिए बिछाई गई पाइप लाइन जो जर्मन तक गैस तथा तेल पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ थी। जर्मन एक बहुत बड़ा तेल तथा गैस का बाजार है, यहां से सारे यूरोप में आर्थिक गतिविधि शुरू होकर गैस तथा तेल की सप्लाई की जाती है जो कि एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है

यह गैस पाइपलाइन यूक्रेन के क्षेत्र से होकर जनवरी तक जाती है। इससे नाटो देश को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान की संभावना भी है। दूसरी तरफ यूक्रेन, क्रीमिया को अपने पास वापस अपने अधिपत्य में लेना चाहता है, जो वर्तमान में रूस के कब्जे में है, इसके अलावा रूस ने यूक्रेन के दो बड़े क्षेत्र लुहानस्क और डोनट्स रिपब्लिक को राज्य के रूप में मान्यता दे दी है, यह बहुत बड़े क्षेत्र और इन्हीं के माध्यम से उसने अपनी सेना को यूक्रेन में दाखिल भी किया था। इन दो बड़े रिपब्लिक को देश की तरह मान्यता देने पर अमेरिका तथा ब्रिटेन और नाटो देशों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन की बात कह कर भरपूर सार्वजनिक निंदा भी की है और किसी स्वतंत्र देश की प्रभुसत्ता पर हस्तक्षेप भी बताया है। रूस के इस यूक्रेन पर आक्रमण से भारत की चिंता अपने 20 हजार नौजवान छात्रों को जो युक्रेन में अध्ययन कर रहे थे। अब वहां फंसे हुए हैं, उन्हें बचाने की भी है। यूक्रेन तथा रूस के बीच शांति स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मध्य रात्रि के बीच लगभग 40 मिनट बात कर शांति स्थापना के अपील भी की है एवं नागरिकों को वहां से निकालने की चिंता से भी अवगत कराया है। निश्चित तौर पर भारत के यूक्रेन तथा रूस के साथ अच्छे संबंधों के कारण शांति बहाली की अपील कर रहा है, और इसका असर भी हो सकता है । यह तो तय है कि रूस और यूक्रेन के बीच यदि युद्ध में कोई भी विदेशी ताकत हस्तक्षेप करती है, तो विश्व युद्ध की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। रूस ने यूक्रेन की मदद के लिए किसी भी देश के आने पर भयानक परिणाम होने की चेतावनी भी दे डाली है। यूक्रेन को इस आफत में फंसाने एवं उसे रूस के विरुद्ध उकसाने के लिए अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देशों की भूमिका सदैव संदिग्ध ही रही है।

# संपादकीय

## उ.प्र. में छोटे दल बचा पाएंगे अस्तित्व ?



उत्तर प्रदेश में चुनाव अब पूर्वांचल की तरफ पहुंच गया है। पांच चरणों की वोटिंग कंप्लीट हो चुकी है और अब जो दो चरण बचे हैं। इनमें माना जाता है कि अनुप्रिया पटेल, ओमप्रकाश राजभर, संजय निषाद, केशव देव मौर्य, पल्लवी पटेल और स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेताओं का प्रभाव है। लेकिन इस बार जनता इनके पक्ष में जाती नहीं दिखाई दे रही है। स्वामी प्रसाद मौर्य को अलग कर दें तो अन्य दल भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में शामिल हैं। लेकिन पूर्वांचल में भारतीय जनता पार्टी काफी कुछ इन्हीं दलों पर निर्भर है। राजनैतिक विश्लेषकों के अनुसार रिपोर्ट बहुत अच्छी नहीं आ रही है। इन दलों से वह मतदाता कटने लगा है जो भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं देना चाहता है। अभी हाल ही में घोसी विधानसभा सीट के लिए हुए उफ चुनाव ने संकेत दे दिए थे कि जनता अब सीधे सीधे वोट करना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन का मतलब है भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को अपना लेना। हालांकि ऐसा नहीं है कि इन पार्टियों के पास वोट बिल्कुल नहीं है। ये पार्टियां जातियों से निकल कर आई हैं। तो इनकी जातियों का काफी हद तक वोट इनके पास है और वह भारतीय जनता पार्टी को लाभ भी पहुंचाएगा। लेकिन क्या जितनी सीटों पर ये दल चुनाव लड़ रहे हैं वह भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के लिए सीट निकाल सकते हैं या नहीं। यह सबसे बड़ा मुद्दा है।

उत्तर प्रदेश में कुछ समय पूर्व समाजवादी पार्टी के विधायक दारा सिंह चौहान को लेकर ओमप्रकाश राजभर भारतीय जनता पार्टी के साथ चले गए थे। ओमप्रकाश राजभर की अपनी खुद की पार्टी थी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी उन्होंने तो एनडीए से गठबंधन किया लेकिन दारा सिंह चौहान सपा विधायक थे तो वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के कारण उनकी विधायकी भी चली गई। दारा सिंह चौहान घोसी से ही विधायक थे और भारतीय जनता पार्टी ने उप चुनाव में घोसी विधानसभा सीट से ही प्रत्याशी बना दिया। यहां ओमप्रकाश राजभर, संजय निषाद, अनुप्रिया पटेल भारतीय जनता पार्टी सभी ने जोर लगाया लेकिन वह दारा सिंह चौहान को नहीं जिता सके और घोसी सीट फिर से सपा के हाथों में आ गई। कहने का मतलब बार बार इन दल बदलने वाले नेताओं को जनता अब पसंद नहीं कर रही है। जिस तरह पिछले विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का ग्राफ एकदम से नीचे आया है। इन जातिवादी पार्टियों के साथ भी ऐसी ही कुछ उम्मीद लग रही है। ओम प्रकाश राजभर का गठबंधन पहले भारतीय जनता पार्टी के साथ था और वह मिलकर विधानसभा का चुनाव लड़े थे उसके बाद पिछले विधानसभा चुनाव से कुछ समय पूर्व वह समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में आ गए। मतलब जो मतदाता समाजवादी पार्टी को वोट नहीं करता था आप उसी पार्टी से मिल गये। और फिर जब सपा की सरकार नही बन सकी तो फिर से भारतीय जनता पार्टी से जाकर मिल गये। जनता इस तरह की राजनीति को अब बिल्कुल पसंद नहीं कर रही है।

अनुप्रिया पटेल और संजय निषाद काफी समय से भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं तो उनकी विचारधारा तो लगभग भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से मिल ही गई। अब यदि वह यह चाहें कि जो वोट बीजेपी एंटी है और समाजवादी पार्टी में जाता है वह भी उनको मिल जाए तो ऐसा संभव नहीं है।? नेताओं में न सही लेकिन जनता में विचारधारा कूट कूट कर भरी हुई है। वह अपना निर्णय नहीं बदल सकते। बहुजन समाज पार्टी भले ही बाद में विपक्षी गठबंधन के साथ आ जाएं लेकिन इस समय वह पूरी तरह से दबाव की राजनीति कर रही हैं। बहुत बड़ी बात होगी कि यदि वह अपने पिछले प्रदर्शन के आसपास भी पहुंच सकें। क्यों पिछला लोकसभा चुनाव उन्होंने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके लड़ा था। और इस चुनाव में वह बिल्कुल अकेली हैं। लेकिन कहीं न कहीं वह समाजवादी पार्टी का नुक़सान तो कर ही रहीं हैं। इन जातिगत छोटी पार्टियों की बात करें तो यह बिना सहारे के एक भी सीट जीतने के स्तर पर नहीं हैं।? यही हाल पश्चिम में जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल का भी है। इन पार्टियों को किसी न किसी सहारे की जरूरत तो है ही। बिना सहारे के ये नहीं चल सकतीं। राजनैतिक जानकारों की मानें तो इस बार जो चुनाव परिणाम होंगे वह बड़े ही चौंकाने वाले आ सकते हैं। मतलब साफ है या तो वोट भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा या फिर गठबंधन उम्मीदवार को। लोग अब जाति की राजनीति से बाहर आना चाहते हैं।

यदि आप सभी राजनैतिक दलों की रैलियों और वक्तव्यों पर ध्यान दें तो चुनाव में अब धर्म और जाति पूरी तरह से हावी हो चुकी है। हालांकि यह उम्मीद तो पहले से ही नजर आ रही थी। लेकिन इसके बीच में मुद्दे दबकर रह जाएंगे ऐसा नहीं सोचा गया होगा। इस बार के चुनाव में एक बात और निकल कर आ रही है कि मतदाता बहुत ही खामोश है। किसी प्रकार का कोई उत्साह नहीं है। हां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राहुल गांधी और अखिलेश यादव को देखने व सुनने के लिए भीड़ उमड़ रही है। लेकिन यह भीड़ वोट मे तब्दील हो सकेगी यह तो समय ही बताएगा।? मैजिक किसी भी पार्टी का नहीं चल सका है और इसीलिए अंतिम दो चरणों के मतदान के लिए सभी पार्टियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। भारतीय जनता पार्टी में सर्वाधिक क्रेज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का है जब कि उत्तर प्रदेश के गठबंधन में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जनसभाओं में भीड़ अच्छी खासी संख्या में उमड़ रही हैं। कुछ दिन पूर्व इलाहाबाद के फूलपुर की अखिलेश यादव और राहुल गांधी की संयुक्त रैली में अनुमान से अधिक भीड़ पहुंच गई। बैरीकेडिंग टूट गई। सुरक्षा के लिहाज से फूलपुर की रैली को समय से पहले ही खत्म करना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां जहां रोड शो कर रहे हैं वहां भी हुजूम उमड़ रहा है। लेकिन अब यह देखना है कि यह भीड़ कितनी वोट में तब्दील हो पाती है।

## 400 पार की नहीं, आर-पार की लड़ाई है ये




अठरहवीं लोकसभा के चुनाव के पांच चरण पूरे हो चुके है । दो और चरण के बाद 4 जून को तय हो जाएगा की लोकतंत्र का भावी स्वरूप कैसा होगा ? लोकतंत्र का स्वरूप मतदाता तय करते हैं या राजनीतिक दल या ईवीएम ये कहना मेरे लिए तो बहुत कठिन है ,क्योंकि आज भी देश में एक व्यक्ति 8 वोट डालने में समर्थ है । उसे पकड़ा भी गया है, लेकिन इस सांकेतिक पकड़-धकड़ से कुछ होने वाला नहीं है। जब तक ईवीएम है हमें, आपको, सबको इसी के भरोसे लोकतंत्र को आक्सीजन देना है।

ये चुनाव अपने आप में विचित्र किन्तु सत्य इसलिए है क्योंकि पहली बार किसी सत्तारूढ़ दल ने सीना ठोंक कर कहा है कि उनकी पार्टी,उनका गठबंधन 400 पार करेगा। 400 सीटें हासिल करना उन हाथों द्वारा खींची गयी लक्ष्मण रेखा है जो पिछले दस साल में न जाने कितनी लक्ष्मण रेखाओं को लांघने के आरोपी हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में बिना लक्ष्मण रेखा खींचे भी 400 सीटों से ज्यादा सीटें हासिल की जा चुकीं हैं ,किन्तु आजकल देश में 2014 के पहले के इतिहास,भूगोल और गणित को मानता कौन है ? सबको खारिज किया जा चुका है। देश में जो हुआ है वो सब 2014 के बाद हुआ है। अतीत में 400 सीटें हासिल करने वाले राजनीतिक दल ने भी देश को स्वर्ग नहीं बनाया था और आप यकीन मानिये कि दोबारा 400 सीटें हासिल करने का ख्वाब देखने वाले भी देश को स्वर्ग नहीं बना पाएंगे। देश को स्वर्ग बनाने का उनका इरादा है ही नही। उनका इरादा देश को हिन्दू द्वीप बनाने का है। एक विविध संस्कृति ,सभ्यता,बोली,भाषा वाले देश को हिन्दू द्वीप बनाना एक सनक के अलावा कुछ नहीं है। और सनक का इलाज लुकमान तथा सुषेन के पास भी शायद नहीं है। सनक का इलाज केवल और केवल जनता कर सकती है। जनता के पास अभी भी मौक़ा है। जनता मतदान के अंतिम दो चरणों में पहले के पांच चरणों में हुई भूल-चूक को ठीक कर सकती है।

दरअसल ये चुनाव 400 पार का है ही नही। ये चुनाव तो आर-पार का है। आप देश को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं,आप खुद तय कीजिये । किसी राजनीतिक दल को तय मत करने दीजिये। यदि आप विविधता वाला हिन्दुस्तान नहीं चाहते तो आपकी मर्जी ? मुझे कुछ नहीं कहना। लेकिन यदि आप इस देश को गाँधी और असंख्य शहीदों के सपनों का देश बनाना चाहते हैं तो पहचानिये अपने बीच खड़े नायकों और खलनायकों को। इन्हीं नायकों और खलनायकों में अधिनायक भी चादर ओढ़कर खड़े है। उनकी आँखों में अंबक जल नहीं बल्कि मगरमच्छों जैसे मोटे-मोटे आंसू हैं।

अब वो जमाना नहीं रहा जब ऐलानिया कहा जाता था कि - 'ये आंसू मेरे दिल की जुबान हैं " अब आंसू ठगी का औजार हैं। ये ग्लिसरीन वाले आंसू भी नहीं हैं। ये उस मगरमच्छ के आंसू हैं जो बंदर का कलेजा खाने केलिए बंदर से दोस्ती करता है। उसे अपनी पीठ पर सैर कराता है और मझधार में पहुंचकर अपने इरादे उजागर करता है । हमारी नीति कथाएं की कहतीं है कि यदि आपकी मगरमच्छ के जाल में उलझने से बचना है तो आपको भी मगरमच्छ को ये कहकर चकमा देना होगा कि -सर मै तो अपना दिल नदी किनारे पेड़ पर लटका आया हूँ । आप वापस चलिए और मुझे अपना दिल वापस लाने में मदद कीजिये। कहने का आशय ये है कि ये मगरमच्छों को झांसा देने का सही समय है। ये तय करने का समय है कि कौन नक्सलियों की भाषा बोल रहा है और कौन तालिबानियों की भाषा ? खग जब खग की भाषा पहचान सकता है तो आप अपने सामने खड़े नायकों,खलनायकों और अधिनायकों की भाषा नहीं पहचान सकते ?

देश के भविष्य को भगवान के भरोसे मत छोड़िये । भगवान के भक्तों के भरोसे तो बिलकुल मत छोड़िये, क्योंकि ये सब बहुरूपिये हैं। इनसे सावधान रहकर अपने वोट के जरिये अपने देश का भविष्य संवारिये। आखिर ये देश इन भक्तों का,अंधभक्तों का ही नहीं सजग नागरिकों का भी है जो विवेकशील हैं। फैसले करने में निपुण हैं। अर्थात अग्निपरीक्षा सत्तारूढ़ दल और विपक्ष की नहीं मतदाता की भी है । वही तय करेगा की इस बार आर-पार का फैसला होना है या केवल 400 पार का ?

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो. 7499472288
स्वतंत्र प्रभात
e-Mail- news@swatantraprabhat.com, RNI No. UPHIN/2019/79073
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मकान कब्जा करने का आरोप ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन




**सहजनवा गोरखपुर** –सहजनवा तहसील क्षेत्र के माधोपुर में गांव के कुछ दबंगो द्वारा मकान कब्जा कर लेने को लेकर ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। और एसडीएम के गैरमौजूदगी में स्टोनो को ज्ञापन सौंपा। और कारवाई करने की मांग किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सतीश सिंह व संतोष सिंह ने आरोप लगाया कि बाबा ने करीब 90 वर्ष पूर्व एक दलित परिवार को अपनी निजी भूमि में बसाया था। जिसमे वह परिवार मकान बना कर रहता है। वर्तमान समय में गांव के कुछ दबंग लोग भूमि पर अवैध कब्जा करते हुए मकान पर भी कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट पर आमादा हो रहे है। प्रशासन से मांग है की मामले की जांच करा कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाय। प्रदर्शन करने वालो में सितारा देवी,पुष्पा देवी, शोभा, जनक दुलारी,राधिका देवी, पार्वती देवी, सरस्वती देवी, दूधनाथ मौजूद थे।

### जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में आधा दर्जन छात्राओं का चयन



**सहजनवां/गोरखपुर।** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत बुदहट टोला विशुनपुरा में स्थित जी पी इंटरनेशनल के आधा दर्जन छात्राओं का जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सिसवा अनंतपुर में चयन हुआ है। चयनित छात्राओं में सोनाक्षी ने यादव जबरैला विश्खोहर, वंशिका गौतम प्राणपुर, अरिका घोठवा, अनोखी दुबे घोठवा, आर्या मिश्रा परमेश्वरपुर, आराध्या मिश्रा परमेश्वरपुर है। छात्राओं ने इस सफलता श्रेय जीपी इंटर नेशनल स्कूल के गुरुजन व माता पिता को दिया है।

### मालिक ने ठेकेदार को किया भुगतान दुकानदार जबरन मांग रहा धन

**सहजनवा गोरखपुर** – गीडा स्थित एक मकान मालिक द्वारा ठेकेदार को सामान का भुगतान कर देने के बाद दुकानदार जबरन सामान का भुगतान करने का दबाव बना रहा है। और दुकानदार और ठेकेदार दोनो मिलकर धमकी दे रहे है। पीड़ित ने सीओ गीडा से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाया है। मिली जानकारी सहजनवा थाना क्षेत्र के भगौरा निवासी आलोक कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि पत्नी सरोज सिंह के नाम से गीडा सेक्टर 22 में मकान है। जिसमे पलंबर, टाइल्स, सहित अन्य कार्यों का निर्माण कार्य ठेकेदार से करा रही थी। और सामान का भुगतान समय समय पर भुगतान किया करती थी। लेकिन वर्तमान समय में गोमती टाइल्स, सुमेर, सागर द्वारा जबरन सामान का भुगतान करने की मांग किया जा रहा है। जब की पीड़ित द्वारा दुकान से किसी तरह क्रय नही किया गया है। विरोध करने पर दुकानदार और ठेकेदार साजिश कर धमकी दे रहे है। पीड़ित ने सीओ गीडा से जांच कराकर करवाई कराने की मांग किया है। इस संदर्भ में सीओ गीडा अनुराग सिंह ने कहा की शिकायत मिली है। दोनो पक्षों को बुलाया जायेगा।

### थारू समाज ने स्वाभिमान से समझौता नहीं कियाशैलेश कुमार सिंह

**बलरामपुर,** गैसड़ी विधान सभा उप चुनाव से भाजपा प्रत्यासी शैलेश कुमार सिंह शैलू ने मंगलवार को थारू जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के विशुनपुर विश्राम, कोहरगद्दी, सेमराहवा, मसहा, आदि गांवों में पैदल जनसंपर्क करके समर्थन मांगा, शैलू सिंह कई लोगो ने अपनी समस्या बताई,पूर्व विधायक ने कहा कि महाराणा प्रताप के आप लोग बंशज है,जिन्होंने कई समस्याओं को झेलने के बाद अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया, हम आपके बीच भाई,बेटा बनकर आपका आशीर्वाद लेने आया हूं,आप लोग समर्थन दीजिए आपके बीच रहेगा।थारू जनजाति की तमाम महिलाओं ने समर्थन की बात कही। पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंगल थारू ने कहा कि क्षेत्र में कई समस्या है जिसके समाधान के लिए हमारे नेता शैलेश कुमार सिंह को थारू समाज एक जुट होकर समर्थन करेगा।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अतिसंवेदनशील बूथों पर एसएसपी का औचक निरीक्षण

**● सीओ खजनी कार्यालय में साउथ के सभी पुलिस अधिकारियी की बुलाई गई बैठक ,महत्वपूर्व बिंदुओं पर हुई चर्चा**



स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर** दक्षिण्णांचल में एसएसपी गोरखपुर डॉ गौरव ग्रोवर का संवेदनशील बूथों पर औचक निरीक्षण किया, तत्पश्चात सरयां तिवारी में स्थित नबल्स एकेडमी स्कूल में फोर्स ठहराव स्थली का जायजा लिया , उसी क्रम में खजनी सीओ कार्यालय में क्षेत्रीय अधिकारी व सभी थानाध्यक्षो की बैठक बुलाई गई, आगामी लोक सभाचुनाव 2024 के मद्देनजर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुआ , क्षेत्र में विवादित बूथों पर अपराधी प्रबृत्ति के लोगो को पाबंद करने का शक्त निर्देश दिया गया । खजनी क्षेत्र में एसएसपी गौरव ग्रोबर सहित एसपी साउथ व दक्षिणांचल के सभी क्षेत्राधिकारी आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टगत सभी अति संवेदनशील बूथ बेलूडीहा, घईसारा, खजनी सरयां तिवारी इत्यादि स्थलों का निरीक्षण किया। जहां भौगोलिक स्थिति का जायजा लिए, सभी संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण हुआ, क्षेत्रीय अधिकारी को पैनी नजर बनाए रखने का निर्दर्श दिए गए, विवादित लोगो पर 107, 16 की कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया, अपराधी नेचर के लोगो को चिन्हित किये जाने की बात कही गई, उसी कड़ी में एसएसपी गौरव कुमार ग्रोबर खजनी क्षेत्राधिकारी कार्यलय में साउथ के सभी पुलिस अधिकारी बीच चुनाव को लेकर महत्व पूर्ण बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट करने का निर्देश दिए, और सभी विवादित स्थलों का निरीक्षण कर कार्यवाही करने की बात कही। उक्त अवसर ओर एसपी साउथ जितेंद्र कुमार, सीओ खजनी ओंकार दत्त तिवारी, सीओ बांसागंव, सीओ गोला एसओ खजनी गौरव रॉय कन्नौजिया, एसओ हरपुर बुदहत विशाल उपाध्याय, एसओ सिकरीगंज, बांसागंव मौजूद रहे ।

## दरवाजे पर लगे गेट को बन्द करने के विवाद को लेकर पड़ोसी ने किया जानलेवा हमला सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**सहजनवां/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोपरा निवासी मन्नू तिवारी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर दरवाजे पर लगे गेट को बन्द कराने को लेकर पड़ोसी के परिवार के सात लोगों के खिलाफ बलबा, मारपीट, जानलेवा हमला सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोपरा निवासी मन्नू तिवारी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मैं लखनऊ में रहता हूं, मेरा छोटा भाई दुर्गेश तिवारी सोपरा स्थित मकान पर रहते है ।

गांव में स्थित हमारे मकान के दोनों तरफ गेट लगा हुआ है।19 मई को शाम चार बजे के करीब पड़ोसी द्वारा हमारे गेट को बन्द किया जाने लगा जिसका विरोध हमारे भाई दुर्गेश तिवारी द्वारा करने पर विजय गौड़, मुनीब गौंड पुत्र स्व त्रिलोकी गौंड, धिराजी देवी पत्नी त्रिलोकी, गंगा गौंड पुत्र गोपाल और त्रिलोकी गौंड की तीन पुत्र बहुएं एक राय होकर लाठी डंडा और राड लेकर हमारे भाई दुर्गेश तिवारी पर जानलेवा हमला कर दिए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो कर जमीन पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में चौकी इंचार्ज सोनबरसा बाबू राहुल दूबे ने बताया कि मन्नू तिवारी की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ धारा 147,149,323,506,308 आईपीसी मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## सड़क हादसे में घायल महिला की अस्पताल में मौत

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर ।** गोला थाना क्षेत्र के गोला कौड़ीराम सड़क पट स्थिति पहाड़पुर कोहरा मोड़ पर सोमवारकी सायं 6 ~30बजे दो बाइक सवार में आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमें एक बाइक पर पिछे बैठी महिला सर के बल गिर गई। और उसे गम्भीर चोट आई। घायल महिला को वहां उपस्थित लोगों ने सीएचसी गोला पहुंचाया जहां डाक्टरों ने स्थिति नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से परिजन राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ ले गये। जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। मृतक महिला की पहचान बड़हलगंज थाना क्षेत्र के नेवाइजपार गांव की द्रोपती देवी उम्र लगभग 54 वर्ष पत्नी शिवानंद क्षेत्र पंचायत सदस्य के रूप में हुई। प्राप्त बिबरनके अनुसार द्रोपती देवी अपने पुत्र सुरज के साथ बाइक से सोमवार सायं 6 ~30 बजे गोला की तरफ से कौड़ीराम की ओर जा रही थी। अभी वह पटौहां से आगे पहाड़पुर कोहरा मोड़ के पास पहुंची थी। कि विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार जिसे कोहरा की तरफ मुड़ना था, जैसे ही वह अपने गंतव्य के लिए मुड़ा कि दोनों बाइकसवार आमने सामने भीड़ गये। जिसमें पिछे बैठी द्रोपती देवी बाइक से सर के बल गिर पड़ी और घटना स्थल पर ही बेहोश हो गई। आस पास उपस्थित लोगों ने उन्हें सीएचसी गोला पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने हालत गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर खर दिया। जिला अस्पताल से परिजन उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ ले कर गये जहां पहुचने के बाद उनकी मौत हो गई.।

## दबंगों ने पिता और पुत्री को मार पीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**सहजनवां/गोरखपुर।**हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौली कुड़ियां निवासी दारा सिंह साहनी पुत्र धनपत साहनी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर जमीनी रंजिश को लेकर पिता - पुत्री को मार पीट कर घायल करने और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौली कुड़ियां निवासी दारा सिंह साहनी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 मई को दोपहर ढाई बजे के करीब जमीनी रंजिश को लेकर गुड्डू साहनी पुत्र राम अवध साहनी, राम अवध साहनी के साले ग्राम मुसहिया निवासी जिला गोरखपुर, गेना देवी पत्नी राम अवध साहनी, राम अवध पुत्र धनपत साहनी ने मिलकर मुझे और मेरी पुत्री काजल को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा से मार पीट कर घायल कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि दारा सिंह साहनी की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## मारपीट के मामले में दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात




**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर उर्फ बोदरवार में सोमवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पट्टीदारों में जमकर मारपीट हुई थी। मारपीट के मामले में दोनों पक्षों से महिला समेत कुल आठ लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने एक पक्ष के तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ तथा दूसरे पक्ष से भी पांच लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान कर दिया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर उर्फ बोदरवार में सोमवार की शाम दो पट्टीदारों में पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। वहीं मंगलवार को प्रथम पक्ष अफसर जहां की तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी अजीज खान पुत्र मोहम्मद रजा, महमूद पुत्र शेरखान, शोहराब खान पुत्र शोहबत अली, अतीकुर्रहमान पुत्र शेरखान, मोबिन खान पुत्र शोहराब खान के विरुद्ध गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी के आरोप में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के बसरून निशा के तहरीर पर शहजाद पुत्र शमशेर, शाह आलम पुत्र नवाब, बदरे आलम पुत्र नवाब, शहबाज पुत्र सदरे आलम व सलमान पुत्र मशहूर के खिलाफ मार-पीट गाली गलौज देने का मुकदमा पंजीकृत कर चालान किया गया। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि मारपीट के मामले में दोनों पक्षों से कुल दस लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान किया गया है।

## आग बुझाते समय कच्ची दीवाल गिरने से महिला दबकर हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात

**बबेरू/बांदा।** बांदा जनपद के बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पवैया गांव में मंगलवार की दोपहर में एक मकान पर अचानक आग लग गई ,आग लगने के बाद जैसे ही पड़ोसियों ने देखा तो आग बुझाने का प्रयास करने लगे। तभी आग बुझाते समय कच्ची दीवाल भीग जाने के कारण गिर गई, जिसके नीचे दबकर एक महिला की मौत हो गई है।



बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पवैया के रहने वाले रामफल पुत्र सुमेरा के मकान में आज मंगलवार की दोपहर अचानक आग लग गई। जिसमें गांव व पड़ोसियों के द्वारा बाल्टी और हैंड पंप के सहारे आग को बुझाई जा रही थी। तभी पड़ोसी महिला फूल कुमारी पत्नी स्व 0 गरीबदास उम्र 58 वर्ष यह भी आग बुझाने में सहयोग कर रही थी। तभी कच्ची दीवाल में सीदा आ जाने से रामफल की कच्ची दीवार गिर गई। जिसमें दीवाल के नीचे फूल कुमारी दब गई। जैसे ही ग्रामीणों ने देखा तो दीवाल के मलवे से फूल कुमारी को बाहर निकाला, और निजी साधन से बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बांदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। वहीं पुलिस के द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक फूल कुमारी की एक पुत्री थी, जिसकी शादी हो चुकी थी लेकिन कोई पुत्र न होने की वजह से पुत्री शांति देवी और दामाद जयकरन पवैया गांव में ही रहते थे।

# 400 पार का नारा सुनते ही अन्य दलों में बेहोशी छा जाती है-योगी आदित्यनाथ

स्वतंत्र प्रभात




**बलरामपुर।** लोकसभा प्रत्यासी साकेत मिश्रा और गैसड़ी विधान सभा उप चुनाव प्रत्यासी शैलेश कुमार सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने थारू जनजाति क्षेत्र विशुनपुर विश्राम पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 400 पार का नारा सुनते ही अन्य दलों में बेहोशी छा जाती है। जनता का जबाब होता है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, देश में फिर से हम भगवा लहराएंगे। गरीबों का दृष्टिकोण बदल गया है। वे अपने विरोधियों को पहचान चुके हैं। नए भारत का दर्शन हो रहा है। योगी ने कहा कि मोदी सरकार ने सीमाओं को सुरिक्षत किया है। आज आतंकवाद, नक्सली व माओवादियों को प्रसय देने की हिम्मत किसी में नहीं है। कांग्रेस सरकार ने हमेंशा घोटालों को बढ़ावा दिया। सुबह घोटाले की खबर आती थी तो शाम को कहीं न कहीं से आतंकी विस्फोट की सूचना मिल जाती थी। भाजपा भ्रष्टाचार और आतंकवाद को पूरी तरह रोक दिया है। नक्सलवादियों के हौसले पस्त हो चुके हैं। हाईवे, मेट्रो, रेलवे, मेडिकल कॉलेज, हर घर नल हर घर जल आदि तमाम ऐसी योजनाएं हैं जिसका सीधा लाभ गरीबों को मिला है। मोदी सरकार आने के बाद देश में कोई भी गरीब भूख से नहीं मरा। किसी के घर में राशन की कमी नहीं होने दी गई। साथ ही आवास व पेंशन योजना को बढ़ावा देकर गरीबों को सीधा लाभ पहुंचाया गया है। मोदी सरकार ने बिचौलियों का काम खत्म कर दिया। जनधन योजना का खाता खोलवाकर गरीबों को सीधा पैसा भेजा जा रहा है। देश में कमीशन खोरी बंद हो गई है। मोदी सरकार ने निर्णय लिया है कि 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गो को पांच लाख रुपए इलाज के नाम पर दिया जाएगा। किसान सम्मान निधि के जरिए हर गरीब को लाभ दिया गया है। थारू जनजाति की संस्कृति को संरक्षित व पुनर्जीवित करने के लिए इमलिया कोडर में म्यूजियम की स्थापना कराई गई है। नेपाल सीमावर्ती लोग पहले गड्ढे व पहाड़ी नालों का पानी पीते थे। अब उन्हें हर घर नल योजना के तहत शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 25 मई को पहले मतदान फिर जलपान उसके बाद अन्य काम का नारा दिया। विशुनपुर विश्राम की सभा में सीएम योगी के तेवर बदले दिखे। उन्होंने राष्ट्रीयता के नाम पर समर्पण की बात कही तो विकास के अधिकार को सुरक्षित बनाए रखने के लिए मोदी को पुन~ प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। कांग्रेस व सपा को औरंगजेब का समर्थक बताकर उन्हें खूब ललकारा। योगी बोले कि भाजपा ने बिना भेदभाव के सभी जाति धर्म के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया, लेकिन कांग्रेस व समाजवादी पार्टी सिर्फ मुस्लिम हितों को प्राथमिकता देती रही है। उन्होंने जनता से पूछा कि वह राष्ट्र प्रेमियों की सरकार चाहती है या राष्ट्र द्रोहियों की। इस पर लोगों ने सीएम का समर्थन करते हुए कहा कि वे राष्ट्र प्रेमियों के साथ रहना चाहेंगे। योगी ने फिर पूछा कि औरंगजेब का साथ देंगे या महाराणा प्रताप का तो लोग बोले कि वे महाराणा प्रताप के वसूलों के साथ रहना चाहेंगे। भीड़ में गजब का उत्साह दिख रहा था। लगभग हर श्रोता के कंधे पर भगवा अंगौछा व भाजपा का झंडा दिख रहा था। सीएम के अंदाज पर लोग तालियां बजा रहे थे। उनका आक्रमक तेवर देखकर लोगों के चेहरे पर खुशी दिख रही थी। इस अवसर पर जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, तुलसीपुर महंत मिथलेश नाथ योगी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, डा. अजय सिंह पिंकू, प्रमुख मनोज तिवारी, शक्ति सिंह, पचपेड़वा चेयरमैन रवि वर्मा,जिला पंचायत सदस्य नवीन विक्रम सिंह, गैसड़ी के प्रिंस वर्मा, जिला महामंत्री रवि मिश्रा, विनय प्रकाश त्रिपाठी, प्रधान नीलम थारू महिनकी देवी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुण्य तिथि पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी

**● - अवस्थी धर्मशाला स्थित कार्यालय में कांग्रेसजनों ने किया याद**




स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, अवस्थी धर्मशाला, स्टेशन रोड में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्य तिथि मनाई गई। दौरान सभी कांग्रेस जनों ने 21वीं सदी के आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा, भारतीय सूचना क्रांति के जनक, पंचायतीराज सशक्तिकरण के सूत्रधार, एवं शांति व सद्भाव के पुरोधा, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न राजीव गाँधी जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत को एक सुदृढ़ एवं सशक्त राष्ट्र बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान को सदैव याद किया जाएगा। देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर देश के लिए आपका प्राण और बलिदान हमेशा यादों में रहेगा। देश में संचार क्रांति के जनक और शांति-सद्भाव के पुरोधा पूर्व प्रधानमंत्री ष्भारत रत्नष् श्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर कोटिशरू नमन। अपनी क्रांतिकारी और दूरदर्शी नीतियों से आधुनिक भारत के निर्माण में आपका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। सौम्यता और शालीनता की प्रतिमूर्ति भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! उन्होंने 'न्यू इंडिया' का जो सपना देखा था, हम सब मिलकर उसको पूरा करेंगे। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के सबसे युवा प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा, जिनकी दूरदर्शिता के फलस्वरुप ही देश कंप्यूटर-युग में प्रवेश कर सका, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर सभी कांग्रेस जनों ने उन्हें शत शत नमन व विनम्र श्रद्धांजलि दी।जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेट व शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने लोकसभा चुनाव में सभी कांग्रेस जनों ने गठबंधन धर्म निभाते हुए योगदान दिया इसके लिए सभी कांग्रेस जनों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेट, शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, भगवानदीन गर्ग, जिला उपाध्यक्ष बी लाल, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, राजेश गुप्ता वैश्य, संकटा प्रसाद त्रिपाठी, संजय द्विवेदी, सत्यप्रकाश द्विवेदी, रमेश चन्द्र गुप्ता, अशोक वर्धन कर्ण, असद अल्वी, डा. के पी सेन, लक्ष्मीकांत मिश्रा, शोएब रिजवी, सुखदेव गांधी, नाथू राम सेन, अली बक्श मोहम्मद नासिर वारसी, शिवशरण सिंह सेंगर आदि तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## भूमि संरक्षण कर्मी की निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अचान बिगड़ी तबियत

**●- इलाज के दौरान हुई कर्मचारी की मौत**

**- डीएम ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर बंधाया ढांढस**




स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** सहायक रिटर्निंग आफीसर तिन्दवारी ने बताया कि रघुवर दयाल, चपरासी भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय बादा की ड्यूटी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सम्पन्न कराये जाने हेतु विधानसभा क्षेत्र तिन्दवारी के प्राथमिक विद्यालय ददरिया पर मतदान अधिकारी तृतीय के रूप में लगायी गयी थी। उक्त कार्मिक की 20 मई, 2024 को सायं 05.45 बजे अचानक तबीयत खराब हो गयी जिसको तत्काल इलाज हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में इलाज के समय उसका शुगर हाईलेबल पर था एवं ब्लड प्रेशर भी काफी बढा हुआ था। जिला अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा एक घण्टें तक सम्बन्धित कर्मचारी का चिकित्सकीय उपचार किया गया। उपचार के दौरान रघुवर दयाल की अचानक मृत्यु हो गयी। मृत्यु की सूचना मिलने पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव को सम्बन्धित कर्मचारी के परिजनों से मिलकर एवं उनके इस दुख की घड़ी में भागीदार होते हुए मृतक के परिजनों को समझाकर पोस्टमार्टम कराये जाने की सहमति प्राप्त की, जिससे कि उसको शासन से मिलने वाली मुआवजा धनराशि तत्काल दिलायी जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मृतक के परिजनों को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन द्वारा शासन से मिलने वाली मुआवजा धनराशि को उन्हें शीघ्र दिलाया जायेगा और परिजनों की हर सम्भव मदद की जायेगी किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर वह जिला प्रशासन को अवगत करा सकते है।

## महिला ने फांसी का फंदा डालकर की आत्महत्या

**●- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**



स्वतंत्र प्रभात

**पैलानी/बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के सिंधन कला गांव निवासी राम नारायण आरख की 24 वर्षीय बहू पूजा साड़ी के दुपट्टे से घर के अंदर दरवाजा बंद कर पंखे के हुक मैं फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली घटना के समय मृतिका की सास किसी के यहां अरहर कूटने गई थी तथा पिता मजदूरी करने बाहर गया था। घटना की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार पूजा का पति मिथिलेश सूरत गुजरात में मजदूरी का काम करता था रामनारायण की छोटी लड़की जब घर के अंदर गई तो दरवाजा अंदर से बंद था चिल्लाने पर दरवाजा न खुलने की वजह से दीवार फांद कर अंदर पहुंची तो देखा की पूजा फांसी के फंदे में लटकी हुई है। जिसकी सूचना परिजनों ने थाना अध्यक्ष पैलानी को दी घटना की सूचना पाकर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेजा है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# इब्राहिम रईसी की मौत का 'एम' फैक्टर, हेलीकॉप्टर क्रैश का बड़ा खुलासा

स्वतंत्र प्रभात

भारत का मित्र देश ईरान है। दोनों देशों के बीच अच्छे व्यापारिक संबंध भी हैं, लेकिन कल सुबह वहां से एक बुरी खबर आई। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनके साथ जा रहे ईरान के विदेश मंत्री सहित कुल नौ लोग हादसे में मारे गए। विमान हादसे के पीछे मौसम और घने कोहरे को जिम्मेदार बताया गया है। विमान के मलबे की खोज तुर्किए के ड्रोन ने की है। विमान का पता चलने के बाद रेस्क्यू टीम वहां पहुंची और फिर शवों को वहां से निकाला गया। ईरानी मीडिया के मुताबिक शव बुरी तरह से झुलस चुके थे और रेस्कयू टीम ताबूत में शवों को ले गई। विमान लापता होने के 12 घंटे बाद आधिकारिक तौर पर रईसी की मौत की आधिकारिक घोषणा की गई। इसके बाद ईरान में शोक ठहर गई। सड़कों पर लोग एकट्ठा हो गए और ईरान में मातम पसर गया। वहां महिलाओं और पुरुषों की आंखों में आंसू थे।

अभी तक तो इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर क्रैश के लिए मौसम को जिम्मेदार बताया जा रहा है। लेकिन कई सवाल अभी भी अधूरे हैं। सोशल मीडिया पर पूरे दिन कल इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ट्रेंड करती रही। इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर क्रैश के बाद मोसाद पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। मोसाद इजरायल की खुफिया एजेंसी है, जिसे दुनिया में सबसे खतरनाक खुफिया एजेंसी में गिना जाता है। मोसाद अपने दुश्मन को ढूंढ़ कर मारने के लिए जानी जाती है। रईसी के हेलीकॉप्टर क्रैश में ईरान ने अभी तक मोसाद का नाम नहीं लिया है। लेकिन मोसाद का कनेक्शन जोड़ा जा रहा है। सोशल मीडिया पर ईरानी राष्ट्रपति की मौत के पीछे मोसाद का हाथ होने का दावा कर रहे हैं। एक एक्स यूजर ने एक पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में एक फोटो हैं जिसमें मोसाद का नाम लिखा है और नीचे हेलीकॉप्टर क्रैश की तस्वीर के साथ लिखा है ये कभी दुर्घटना नहीं हो सकती। एक एक्स यूजर ने फोटो शेयर करते हुए लिखा कि इस ऑपरेशन के पीछे



नेतनयाहू हैं। एक एक्स यूजर ने लिखा कि कुछ दिन पहले ईरान ने इजरायल पर सैकड़ों रॉकेट दागे थे। इजरायल अपने दुश्मनों को भूलता नहीं है।

जिस अजरबैजान से लौटते वक्त रईसी का हेलीकाप्टर क्रैश हुआ। वो अजरबैजान ईरान के साथ साथ इजरायल का भी करीबी है। अजरबैजान को इजरायल ने किलर ड्रोन के साथ बड़े पैमाने पर हथियार दिए हैं। उन्हीं हथियारों के बल पर अजरबैजान ने अपने दुश्मन अर्मेनिया को नागोरनोकराबाक में हराया था। अजरबैजान ने भी गाजा युद्ध के वक्त इजरायल की मदद की थी। ऐसे में कहा जा रहा है कि अजरबैजान ने मोसाद को सीक्रेट ऑपरेशन चलाने में मदद तो नहीं की। वहीं इजरायल ने इस खबरों के बाद सामने आकर सफाई दी। उसने कहा कि इस घटना में उसका कोई हाथ नहीं है।

# शिव काली जागरण समिति की अगुवाई में ABVP द्वारा आयोजित जन चौपाल लगाकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

● अम्बेडकरनगर के ग्राम पंचायत मुकुन्दीपुर के ग्राम सुखईपुर में शिवकली जागरण समिति की अगुवाई में ABVP

(अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) द्वारा किया गया मतदाता जागरूकता अभियान।

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आचार्य डॉ0 अरुण चौबे जी द्वारा गांव के युवाओं एवम बुजुर्को को मतदान के लिए जागरूक किया अथवा मतदान से लोकतंत्र को होने वाले फायदे को समझाया।





स्वतंत्र प्रभात

**सुखईपुर महरुआ।** अम्बेडकरनगर लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जहाँ केंद्रीय चुनाव आयोग तमाम तरीके से मतदाताओं को वोट देने की अपील के साथ साथ तमाम जातां कर रहा है ठीक उसी क्रम में उत्तर प्रदेश के अम्बेडकरनगर के ग्राम सुखईपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक के माध्यम से गांव और आस पास से आये तमाम मतदाताओं को वोट की अहमियत और लोकतंत्र में उसके योगदान समेत तमाम बातो पर बिस्तर से चर्चा हुई साथ ही लोगो ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया।

शिव काली जागरण समिति पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित जन चौपाल रख मतदाताओ को जागरूक किया गया जिसमें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के आचार्य डॉ0 अरुण चौबे द्वारा गांव के युवाओं एवम बुजुर्को को मतदान के लिए जागरूक किया तथा मतदान से लोकतंत्र को होने वाले फायदे को समझाया गया कि मतदान क्यों आवश्यक है। जिसमे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य रजनीश पांडेय, निर्मल दुबे, अनुराग दुबे , प्रद्युम्न शुक्ल, और समिति के मुख्य पदाधिकारी राम शिरोमणि शुक्ल (महासचिव), कैलाशपति शुक्ल(कोषाध्यक्ष), राम अचल शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला, देवनारायण शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला (द्वितीय ) धर्मेंद्र शुक्ल, प्रेमनारायण शुक्ला, सत्येंद्र शुक्ल, साहिल शुक्ल, सरस शुक्ल, चौथी राम, राम बहाल, रमाकांत, सदानंद, ओम प्रकाश शुक्ल, आलोक, सुकई प्रसाद शर्मा, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे सभा के बाद मतदान के प्रति उत्साह जागृत हुआ और इस कार्यक्रम से लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता के साथ साथ मतदान से जुडी तमाम बातो की जानकारी मिली।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मोटरसाइकिल सवार की सड़क दुर्घटना में हुई मौत



**सहरसाः बलवाहाट थाना क्षेत्र के सरोजा पंचायत के वार्ड नंबर 16 चकमका गांव निवासी 27 वर्षीय जितेंद्र कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक रविवार को बाइक से मधेपुरा जिले के बुधमा स्थित अपने ससुराल से अपने घर आ रहा था। घटना मुरलीगंज-मधेपुरा के बीच चांदनी चौक के पास की बताई जा रही है। मधेपुरा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया। सोमवार को शव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक के पिता नाथो राम ने बताया मृतक उसका छोटा पुत्र था और बुधवार को ससुराल गया था।**

**जहां से रविवार की रात अपनी बाइक से गांव चकमका लौट रहा था। तभी मुरलीगंज-मधेपुरा के बीच चांदनी चौक के पास किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मधेपुरा पुलिस की सूचना पर वे लोग वहां पहुंचे थे जहां पोस्टमार्टम के उपरांत शव सौंप दिया गया। पीड़ित पिता ने बताया कि उसका पुत्र दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण किया करता था । इस घटना से उसके घर मातमी सन्नाटा पसरा गया है।**

## मनीष सिसोदिया की 31 मई तक बढी हिरासत



**विडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए तिहाड जेल से राउज एवेन्यु कोर्ट में मंगलवार को पेश कथित शराब घोटाले में आरोपी दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 31 मई तक के लिए बढा दी है। हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट में भी मंगलवार को शाम को ही कथित शराब घोटाले से जुडे मामले में जमानत याचिका पर फेंसला आना था। लेकिन खबर लिखे जाने तक कोर्ट ने फेंसला नहीं सुनाया था। उल्लेखनीय है कि मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने पिछले साल 26 फरवरी और ईडी ने 9 मार्च को गिरफ्तार किया था। राउज ऐवेन्यु कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढाते हुए आरोपियों से लिखित में यह बताने के लिए कहा कि अन रिलाइड दस्तावेजों की जांच के लिए कितना समय लगेगा।सिसोदिया को विडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए जेल से कोर्ट में पेश किया गया। राउज एवेन्यु कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 31 मई 12 बजे होगी।**

# सिंगापुर एयरलाइन्स की फ्लाइट में टर्बुलेंस से पैसेंजर की मौत, 30 घायल

स्वतंत्र प्रभात



एयरलाइन ने कहा कि लंदन से आने वाली सिंगापुर एयरलाइंस की एक उड़ान को गंभीर अशांति के कारण मंगलवार को बैंकॉक में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी, जिसमें विमान में सवार एक यात्री की मौत हो गई और घायल होने की सूचना है। सिंगापुर एयरलाइंस ने यह नहीं बताया कि कितने लोग घायल हुए हैं। कई थाई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि 30 लोग घायल हुए हैं। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, बोइंग 777-300श्वक्र विमान 211 यात्रियों और 18 चालक दल के साथ सिंगापुर जा रहा था, जब इसकी आपातकालीन लैंडिंग हुई। एयरलाइंस ने एक संदेश में कहा कि 20 मई 2024 को लंदन (हीथ्रो) से सिंगापुर के लिए उड़ान भरने वाली सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान स्क्तठ्ठ321 को रास्ते में गंभीर अशांति का सामना करना पड़ा। विमान को बैंकॉक की ओर मोड़ दिया गया और 21 मई 2024 को स्थानीय समयानुसार 1545 बजे उतरा।

बैंकॉक के सुवर्णभूमि हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता ने कहा कि मेडिकल टीम स्टैंडबाय पर थी। एयरलाइन ने कहा कि हमारी प्राथमिकता विमान में सवार सभी यात्रियों और चालक दल को हर संभव सहायता प्रदान करना है। हम आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए थाईलैंड में स्थानीय अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं। 2000 में कम से कम 83 यात्री मारे गये।

गौरतलब है कि सिंगापुर एयरलाइंस की आखिरी मौत अक्टूबर 2000 में हुई थी जब ताइवान में उड़ान भरने के दौरान एक बंद रनवे पर एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और 83 लोगों की मौत हो गई थी। एविएशन सेफ्टी नेटवर्क के रिकॉर्ड के अनुसार सिंगापुर एयरलाइंस में 7 दुर्घटनाएँ हुई हैं।

# खालिस्तानी समर्थक आतंकी-गैंगस्टर सांठगांठ मामले में एनआईए ने आरोपपत्र दायर किया, अर्श डाला और 3 सहयोगियों के नाम शामिल

स्वतंत्र प्रभात

**राष्ट्रीय जांच एजेंसी** (एनआईए) ने सोमवार को कनाडा स्थित नामित आतंकवादी अर्शदीप सिंह उर्फ ??अर्श डाला और उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। राजधानी की एक विशेष एनआईए अदालत ने अर्श डाला और उसके सहयोगियों हरजीत सिंह उर्फ ??हैरी मौर, रविंदर सिंह उर्फ ??हैरी राजपुरा और राजीव कुमार उर्फ ??शीला के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। एजेंसी ने कहा कि यह कदम पंजाब और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए डाला द्वारा संचालित स्लीपर सेल को नष्ट करने के उसके प्रयासों में एक 'बड़ी छलांग' है।

एनआईए की जांच के मुताबिक, डाला के तीन सहयोगी खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के आतंकवादी डाला के निर्देश पर देश में एक बड़ा आतंकी गैंगस्टर सिंडिकेट चला रहे थे। एनआईए के बयान में कहा गया है कि हैरी मौर और हैरी राजपुरा स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहे थे और उन्हें एक अन्य सहयोगी राजीव कुमार द्वारा आश्रय दिया गया था, और तीनों ने डाला के निर्देशों पर और उससे प्राप्त धन के साथ कई आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की योजना बनाई थी।



हैरी मौर और हैरी राजपुरा अर्श डाला गिरोह के शूटर थे और उन्हें लक्षित हत्याओं को अंजाम देने का काम सौंपा गया था। एनआईए ने कहा कि राजीव कुमार उर्फ ??शीला को शूटरों को शरण देने के लिए डाला से धन मिला। एनआईए ने कहा कि जांच से पता चला है कि राजीव कुमार अर्श डाला के निर्देश पर अन्य दो के लिए रसद सहायता और हथियारों की व्यवस्था भी कर रहा था। एनआईए ने पिछले साल 23 नवंबर को हैरी मौर और हैरी राजपुरा और 12 जनवरी को राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। पूरे आतंकवादी-गैंगस्टर सिंडिकेट को नष्ट करने के लिए जांच जारी है।

# दो लोगों की हत्या करने वाले किशोर पर चलेगा बालिग केस, औरंगाबाद से पिता को भी किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

पुणे में हुए पोर्श हादसे में महाराष्ट्र पुलिस ने तेजी से एक्शन में आ गई है। पुणे पुलिस ने 17 वर्षीय लड़के के पिता को गिरफ्तार किया है, जिसने अपनी तेज रफ्तार पोर्शे से एक बाइक को टक्कर मार दी थी और दो लोगों की जान ले ली थी। विशाल अग्रवाल को सोमवार (20 मई) को उनके खिलाफ दर्ज मामले के आधार पर महाराष्ट्र के औरंगाबाद से गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले सोमवार को पुलिस ने हाईकोर्ट से आरोपी पर वयस्क अभियुक्त के रूप में मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी है।

बता दें कि घटना 19 मई की तड़के सुबह की है। किशोर ने दोपहिया वाहन पर सवार एक जोड़े के ऊपर अपनी स्पोर्ट्स कार चढ़ा दी। नाबालिग उस वक्त शराब के नशे में था। उस समय लड़के के साथ दो अन्य लोग मौजूद थे, जिनको पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना के 14 घंटे बाद आरोपी नाबालिग को कोर्ट से कुछ शर्तों के साथ जमानत मिल गई है। मरने वालों की पहचान अनीश अवधिया और उसकी साथी अश्विनी कोष्टा के रूप में हुई है। वे दोनों 24 साल के थे और आईटी सेक्टर में काम करते थे।

इससे बड़े पैमाने पर आक्रोश फैल गया और बाद में पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने बताया कि उन्होंने किशोर पर वयस्क के रूप में मुकदमा चलाने के लिए उच्च न्यायालय से अनुमति मांगी थी। पुणे पुलिस का कहना है कि घटना की जांच के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल स्न्रढ्ढक्र दर्ज होने के बाद फरार हो गया था। क्राइम ब्रांच ने विशाल को मंगलवार सुबह छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार कर लिया। विशाल को अब दोपहर तक पुणे लाया जाएगा।

हालांकि, किशोर न्याय बोर्ड की निचली अदालत ने आरोपी नाबालिग को 14 घंटे के भीतर यह कहते हुए कि जमानत दे दी कि अपराध इतना गंभीर नहीं था कि जमानत देने से इनकार किया जा सके। अदालत ने रिहाई पर कुछ शर्तें भी तय कीं, जिनमें 15 दिनों तक ट्रैफिक पुलिस के साथ काम करना होगा और सड़क दुर्घटनाओं के प्रभाव और उनके समाधान पर 300 शब्दों का निबंध भी लिखना होगा।

इस मामले में पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने कहा, आरोपी पर एक वयस्क की तरह मुकदमा चलाया जाना चाहिए। इसके लिए पुलिस ने हाईकोर्ट से अनुमति मांगी है। पुलिस कमिश्नर का यह बयान आरोपी नाबालिग को जमानत दिए जाने पर नाराजगी के बीच आया है। छ्वक्र अमितेश कुमार ने कहा, आरोपियों पर आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। हमने आरोपी के साथ वयस्क की तरह व्यवहार किए जाने के लिए अदालत का रुख किया।

पुलिस ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम की धारा 2 के तहत एक अपराधी है। हालांकि, स्थानीय अदालत ने पुलिस के इस आवेदन को अस्वीकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने इस आदेश के खिलाफ कल ऊपरी अदालत में अपील की। इसके अलावा जांच में ये भी सामने आया कि आरोपी किशोर अपने दोस्तों से





मिलने गया था और खुद तेज गति से पोर्श कार चला रहा था। पुलिस ने कहा, कार उसके पिता के नाम पर रजिस्टर्ड है और उस पर नंबर प्लेट तक नहीं थी।

इस घटने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें राहगीरों ने नाबालिग आरोपी और उसके दोस्तों को कार से बाहर निकाल कर पिटाई की। एक अन्य सीसीटीवी फुटेज में आरोपी और उसके दोस्त इस दुर्घटना से पहले एक बार में बैठकर शराब पीते नजर आ रहे हैं। वहीं, हादसे में जिस अनीश अवधिया की मौत हुई है, उनके चाचा अखिलेश अवधिया ने कहा, नाबालिग पर लगाई गई जमानत की शर्तें हास्यास्पद हैं। इसके चलते उन्होंने लापरवाही के लिए महाराष्ट्र पुलिस की आलोचना की। उन्होंने नाबालिग को 'मानव बम' कहते हुए बोला कि उन्हें सजा सात साल होनी चाहिए। जमानत की शर्तें हास्यास्पद हैं। कक्षा 5 के छात्रों को भी ये पढ़ाया जाता है। वो 3 करोड़ रुपये की कार चला रहा था। सिर्फ इसलिए कि वो एक बिजनेस टाइकून का बेटा है, इसलिए रिहा कर दिया गया।

## कनाडा में जबरन निकाले जा रहे भारतीय छात्र हो रहे परेशान



कनाडा के एक प्रांत प्रिंस एडवर्ड आइलैंड में सैकड़ों भारतीय छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि प्रांतीय आव्रजन नियमों में अचानक बदलाव के बाद उन्हें जबरन भारत भेजा जा रहा है। हालाँकि, भारतीय विदेश मंत्रालय (स्ढ्ढ्र) ने कहा है कि उसके पास इस मुद्दे पर कोई रिपोर्ट या अपडेट नहीं है। कनाडा में प्रिंस एडवर्ड आइलैंड ने आप्रवासियों को सीमित करने के लिए अपनी आप्रवासन नीति में बदलाव किया है और आव्रजन नियमों में अचानक बदलाव के खिलाफ कनाडा में भारतीय छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि भारत सरकार ने इस बारे में किसी भी तरह की जानकारी मिलने से इनकार किया है कि सैकड़ों लोगों को कनाडा से निर्वासन का सामना करना पड़ेगा।

# श्रेष्ठ शिक्षा देकर छात्रों को बेहतर रोजगार उपलब्ध करा रहा जीएलए विश्वविद्यालय

● गर्व की बात: जीएलए में 86 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से मिल जाती है नौकरी - नारायणदास अग्रवाल

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** नैक से 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा का लक्ष्य वर्तमान व भावी शैक्षिक तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नवीनतम शैक्षिक अनुसंधान व तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए एकेडमिक श्रेष्ठता के नये मापदण्ड स्थापित करना है। आज हर क्षेत्र में अनन्त सम्भावनाऐं उपलब्ध हैं। इन सम्भावनाओं को सच्चाई में बदलकर आज का युवा न केवल स्वयं सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है, बल्कि देश-समाज और मानवता के हित में भी बहुत कुछ कर सकता है। बात है सिर्फ उचित मार्गदर्शन और सही अवसर की ।

जीएलए विश्वविद्यालय अपने छात्रों व स्कालर्स को सर्वश्रेष्ठ दिशा-निर्देशन तथा आधुनिकतम तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह सही अवसर उपलब्ध कराने को दृढ़ प्रतिज्ञ है ।

शोर-शराबे से दूर, प्रदूषण मुक्त एवं हरी-भरी भूमि पर स्थापित मथुरा का जीएलए विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के शैक्षिक इतिहास में सही अर्थों में एक मील का पत्थर है।

वर्तमान समय में हर शैक्षणिक संस्था के लिए यह अनिवार्य हो चुका है कि वह अपने सभी छात्रों को उनके चुने हुए पसंदीदा क्षेत्र का आधुनिकतम शैक्षिक झ तकनीकी ज्ञान तथा अनुसंधान उपलब्ध कराये। साथ ही उनके मानसिक व रचनात्मक स्तर को भी सर्वश्रेष्ठ ढंग से विकसित करे। जीएलए विश्वविद्यालय ने प्रारम्भ से ही इस तथ्य को अपने स्वैच्छिक तथा आधारभूत सिद्धान्त के रूप में अपनाया है। यही कारण है कि जीएलए विश्वविद्यालय में हर ब्रान्च, हर विषय का पाठ्यक्रम श्रेष्ठता के सभी मापदण्डों पर खरा उतरने के साथ-साथ छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को भी विकसित करता है।

कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल कहते है कि किसी भी विषय को सीखने-समझने के लिए अलग-अलग तरीके होते हैं। किसी छात्र को कोई विषय सुनकर अच्छी तरह समझ आता है, किसी छात्र को पढ़कर समझ आता है, किसी छात्र को वही विषय डिस्कशन के द्वारा समझ आता है, तो वहीं किसी छात्र को उस विषय पर पूछे गये प्रश्नों को हल करके । इसी प्रकार कुछ छात्रों को कोई विषय 'प्रोजेक्ट एक्टिविटी के द्वारा तथा कुछ को उस 'विषय' से सम्बन्धित प्रयोगों को स्वयं प्रयोगशाला में वास्तविक रूप से करके ही समझ आता है। जीएलए विश्वविद्यालय ने अपने सभी विषयों व पाठ्यक्रमों में शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए इन विधियों-तरीकों को निष्पक्ष रूप से अपनाया है ताकि हर छात्र अपनी रूचि के अनुरूप अपने विषय झ शाखा में पारंगत हो सके।

विश्वस्तरीय तथा सुविख्यात संस्थानों जैसे कि आईआईटी, एनआईआईटी से जुड़े रह चुके युवा शोधार्थियों तथा अनुभवी शिक्षकों को जीएलए विश्वविद्यालय की फैकल्टी में शामिल किया गया है। जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षक न केवल लैक्चर तक ही सीमित है, बल्कि हर पक्ष हर बिन्दु को पूरी तरह व्यावहारिक तथा प्रायोगिक ढंग से समझाते हैं, ताकि जीएलए के छात्र झ छात्राऐं अपने विषयों पर गहराई तक पूरी पकड़ प्राप्त कर सकें। जीएलए विश्वविद्यालय का मूल मन्त्र झ परफैक्ट टीचिंग के साथ-साथ परफैक्ट लर्निंग भी है।

अपने छात्रों को राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की जॉब झ अपॉर्च्युनिटी एवं प्लेसमेन्ट हेतु पूरी तरह योग्य व सक्षम बनाने के लिए हमने हर विषय व ब्रान्च का पाठ्यक्रम तैयार करते समय नैसकॉम, मैकिन्जी व वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट्स को भी पूरी तरह ध्यान में रखा है। इन रिपोर्ट्स में प्रस्तुत आंकड़ों एवं सुझावों को ध्यान में रखकर तैयार किए गये 'पाठ्यक्रम के कारण हमारे छात्रों के लिए राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों की सम्भावनाओं में निश्चित रूप से बढ़ोत्तरी हो रही है। विश्वविद्यालय में अल्ट्रा-मॉडर्न टैक्नोलोजी पर आधारित श्रेष्ठ इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। जिसके कारण यहां के हर छात्र झ छात्रा को अपने शैक्षिक व तकनीकी ज्ञान को सर्वश्रेष्ठ स्तर पर ले जाने का पूरा अवसर मिलता है।

वर्तमान में जीएलए विश्वविद्यालय में छात्र इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टैक्नोलोजी, इन्स्टीटयूट ऑफ बिजनेस मैनेजमैन्ट, इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मास्यूटिकल रिसर्च व इन्स्टीटयूट ऑफ एप्लाईड साईन्सेज एण्ड हयूमिनिटीज, इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (विधि संस्थान), एजुकेशन में उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान को अपने 36000 से अधिक पूर्णतया सफल 'एल्यूमनाई झ बेस' (पूर्व छात्र झ छात्राओं) पर



गर्व है। जीएलए विश्वविद्यालय वर्तमान में इन्जीनियरिंग की सभी महत्वपूर्ण शाखाओं में अन्डर ग्रेजुएट, पोस्ट-ग्रेजुएट व डॉक्टरल कोर्सेज उपलब्ध करा रहा है। इसके अलावा बीटेक ऑनर्स कोर्स भी शुरूआत की गई है।

विश्वविद्यालय का समर्पित 'ट्रेनिंग व प्लेसमेंट' विभाग यहां के छात्र-छात्राओं को सर्वश्रेष्ठ व परफैक्ट स्तर तक पहुंचने में समर्थ बनाता है, ताकि वे अपनी इच्छा के क्षेत्र में बेस्ट प्लेसमेंट पा सकें। जीएलए विश्वविद्यालय अपने छात्र झ छात्राओं को शिक्षा और तकनीकि श्रेष्ठता के उन सर्वश्रेष्ठ स्तरों पर पहुंचने में भी सहायता करता है, जहां सर्वश्रेष्ठ व महान लक्ष्य खुद उन्हें खोजे ।

यह वास्तव में अत्याधिक गर्व व हार्दिक सन्तोष का विषय है कि प्रतिवर्ष जीएलए के लगभग 86 प्रतिशत विद्यार्थियों को परीक्षा और इन्टरव्यूज के माध्यम से ही 500 से अधिक कंपनियों द्वारा चुन लिया जाता है। इसके साथ ही जीएलए विश्वविद्यालय इन्डस्ट्रियल विजिट्स, गैस्ट लैक्चर्स, वर्कशॉप्स, ट्रेनिंग कार्यक्रम, विभिन्न प्रकार के डवलपमेंट कार्यक्रम, कॉफ्रेंस, सेमिनार आदि का निरन्तर आयोजन करता रहता है। इन विजिट्स तथा कार्यक्रमों में विशेषज्ञ फैकल्टी मेम्बर्स, वैज्ञानिकों, इन्जीनियर्स तथा प्रतिष्ठित व सफल उद्धमियों को आमन्त्रित किया जाता है, जो यहां के छात्र झ छात्राओं को अपने ज्ञान अनुभव और अपनी सफलता के वास्तविक कारणों के बारे में बेहद दोस्ताना माहौल में बताते हैं। इस प्रकार से यहाँ के छात्र-छात्राओं को व्यापक सोच के साथ ऊंचे लक्ष्यों तक पहुँचने का ज्ञान व उत्साह से परिपूर्ण दिशा-निर्देश निरन्तर प्राप्त होता रहता है। एक उच्चकोटि के शैक्षणिक व तकनीकि संस्थान के रूप में जीएलए विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं को शिक्षा व तकनीकि ज्ञान के सर्वोच्च स्तर उपलब्ध कराकर देश और समाज के विकास व कल्याण में अधिकतम योगदान देने को पूर्णतया दृढ़ संकल्पित है। जीएलए विश्वविद्यालय के आधारभूत सिद्धान्त व आदर्श कुलाधिपति श्री नारायण दास अग्रवाल के संस्कारपूर्ण आदर्शों पर ही आधारित हैं।

## कैपजेमिनी में 170 विद्यार्थी चयनित

**दिग्गज आईटी कंपनी कैपजेमिनी ने विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट कर 170 छात्रों को नौकरी प्रदान की। यह बड़ी उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण है। विश्वविद्यालय का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग विश्वविद्यालय के शत-प्रतिशत छात्रों के चयन को लेकर लगातार प्रयासरत है।**